मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 31.7 | 20.6 |
| जमशेदपुर | 31.6 | 18.8 |
| डालटनगंज | 30.4 | 15.3 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | गुरुवार 29 फरवरी 2024 ● फाल्गुन कृष्ण पक्ष 05 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 1, अंक : 312 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र





## झारखंड बजट सत्र के दौरान पक्ष-विपक्ष में तीखीं नोक-झोंक, विपक्ष ने कहा अबकी बार 400 पार, फिर से मोदी सरकार

# अंहकार टूटेगा, वैलेट पेपर से चुनाव कराकर देख लें : सत्ता पक्ष

विशेष संवाददाता।रांची

झारखंड बजट 2024-25 पर विधानसभा के दूसरे सत्र में बुधवार को तीखी बहस और नोंक-झोंक हुई. बात बजट से आगे निकलर भगवान राम, राम मंदिर, अबकी बार 400 पार, अंहकार टूटेगा जैसी बातों तक पहुंच गया. सदन में जब भाजपा विधायक डॉ. नीरा यादव ने कहा कि अबकी बार 400 पार, देश में फिर से मोदी सरकार. हमने भगवान राम को लाया. इसका जवाब देते हुए झामुमो विधायक समीर मोहंती ने कहा कि किसी को अगर इस बात का अंहकार हो गया कि उसने ही मंदिर बनाया और वो भगवान राम को ले आएं तो इससे बड़ी अंहकार वाली बात कुछ भी नहीं हो सकती है, क्योंकि भगवान राम ने हम सभी इंसानों को बनाया है. भगवान राम हम सबमें हैं. भगवान राम का इस्तेमाल राजनीतिक रूप से करना अहंकार है. क्या कोई भगवान राम को ला सकता है? अजीब बात है. यह अंहकार टूटेगा. कांग्रेस विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि 400 पार का यह कॉन्फिडेंस कहां से आ रहा है. चंढ़ीगढ़ मेयर चुनाव सबके सामने है. जिसमें भाजपा नंगी हो चुकी. अगर आपको इतना ही कॉन्फिडेंस है तो इवीएम को त्याग करके वैलेट पेपर से चुनाव करा लें. सच सबके सामने आ जाएगा. इलेक्टोरल बांड और ईवीएम के सहारे 400 पार का सपना चूर हो जाएगा.

- प्रदीप यादव और समीर मोहंती ने जमकर किया सुदेश का घेराव
- बजट से आगे निकलकर भगवान राम तक पहुंची बहस





### शिक्षा, कुपोषण, रिक्तियां, पर कोई पहल नहीं : सुदेश महतो

आजसू प्रमुख सुदेश कुमार महतो ने कहा कि चार साल में केवल 8 हजार नियुक्तियां हुईं, वह भी निजी क्षेत्र को मिलाकर. राज्य में स्कूल है तो शिक्षक नहीं, शिक्षक है तो किताब-कॉपी नहीं. गांव में बिजली नहीं. राज्य में 31 प्रतिशत पद रिक्त हैं. बच्चों को कुपोषण मुक्त करने की दिशा में आपने काम नहीं किया है.

### 18 साल तक आप क्या कर रहे थे सुदेश जी : प्रदीप यादव

सुदेश महतो के सवालों का जवाब देते हुए विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि सुदेश जी आज आप बिजली, पानी, सिंचाई की बात कर रहे हैं. आपने झारखंड में 18 साल शासन किया. सभी महत्वपूर्ण विभाग आपके पास रहा. आप क्या कर रहे थे. पीटीपीएस को किसने बेचा.

### पीएम आवास की पोल तो कोलकाता में खुल गयी : शिल्पी नेहा तिर्की

कांग्रेस विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि आज हमें अबुआ आवास योजना क्यों शुरू करनी पड़ी क्योंकि पीएम आवास योजना की पोल तो कोलकाता में खुल गयी. जिस महिला लक्ष्मी को पीएम आवास देने का फोटो पीएम ने खिंचवाया था, बाद में पता चला कि वह महिला तो किराए के झोपड़ी में रहती है.

### फर्जी लोगों को मिल रहा है अबुआ आवास : डॉ नीरा यादव

भाजपा विधायक डॉ नीरा यादव ने कहा कि आप जिस अबुआ आवास का ढ़िढ़ोंरा पीट रहे है, उसका में पता कीजिए. ग्राम सभा से इतर दलालों के जरिए फर्जी लोगों को आवास मिल रहा है. सरकार चाहे तो जांच करा ले. उन्होंने कहा कि इस बजट में उद्योग और छोटे व्यापारियों के लिए कुछ भी नहीं है.

### पीएम आवास नहीं मिलने की बात संसद में क्यों नहीं उठा : मिथिलेश

मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि भाजपा को शर्म आती है या नहीं. भाजपा के 12 सांसद ने अब तक झारखंड को साढ़े पांच लाख पीएम आवास नहीं मिलने पर संसद में आवाज क्यों नहीं उठायी. प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर भाजपा के 12 सांसद क्यों कुछ नहीं बोलते.

### ईवीएम बंद तो मोदी का खेल खत्म : समीर मोहंती

झामुमो विधायक समीर मोहंती ने कहा कि आज देश में लोकतंत्र, संविधान और संघीय ढ़ांचा लूट रहा है. चंढ़ीगढ़ मेयर चुनाव और सुप्रीम कोर्ट का निर्देश इसका सबसे बड़ा प्रमाण है. जो भाजपा ईवीए के भरोसे 400 पार का दावा कर रही है, ईवीएम बंद तो मोदी खत्म.

### किसानों को लोन मिले यह भी देखना जरूरी : विनोद सिंह

माले विधायक विनोद सिंह ने कहा कि सरकार की मंशा हो सकती है ठीक हो मगर सिस्टम पर भरोसा नहीं है. इसलिए सरकार केवल पॉलिसी या योजना नहीं लाए. उसका सही से मॉनिटरिंग कराएं. किसानों का लोन माफ हो मगर सरकार यह भी सुनिश्चित करे कि किसानों को लोन भी मिले.

### बजट पूर्व सीएम व सीएम की सोच का समावेश है : सुदिव्य

झामुमो विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने कहा कि इस बजट में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन और वर्तमान सीएम चंपाई सोरेन की सोच का समावेश है. हमलोगों ने पुरानी परिपाटी को बदलने का काम किया. हम लोन लेने से बचने और अपना इनकम बढ़ाने की दिशा में काम रहे हैं.

## सदन में राज्यपाल के आरक्षण वाले बयान पर हंगामा, कांग्रेस ने कहा- हम बर्दाश्त नहीं कर सकते

प्रमुख संवाददाता।रांची

झारखंड विधानसभा में राज्यपाल के आरक्षण पर दिये गये बयान को लेकर कांग्रेस ने विरोध किया. सदन की कार्यवाही शुरू होते ही कांग्रेस विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि राज्यपाल ने आरक्षण बिल लौटाया है. हमारे अधिकार को छीना जा रहा है. मैं इसका विरोध करता हूं. विधायक प्रदीप यादव ने कहा कि चलते सत्र के दौरान राज्यपाल का बयान आता है कि 77 फीसदी आरक्षण असंवैधानिक है. उन्होंने कहा कि झारखंड के पिछड़े, दलित और आदिवासी इसे बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं. सरकार विधेयक पर पुनर्विचार करने के लिए राजभवन पर दबाव बनाये. बताते चलें कि मंगलवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने जमशेदपुर में कहा था कि झारखंड सरकार ने राजनीतिक लाभ के लिए 77 फीसदी आरक्षण का विधेयक राजभवन को भेजा था. ऐसे विधेयक को संवैधानिक तौर पर खारिज करना ही होगा, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने भी 77 फीसदी आरक्षण को गलत ठहरा दिया है.

- सरकार से की आरक्षण बिल पर पुनर्विचार के लिए राजभवन पर दबाव बनाने की अपील

### आईपीएस संजीव कुमार शुद्ध रूप से क्रिमिनल हैं : ढुल्लू

भाजपा विधायक ढुल्लू महतो ने धनबाद के पूर्व एसएसपी संजीव कुमार के खिलाफ सदन के बाहर धरना दिया. उन्होंने संजीव कुमार को खनन माफियाओं का सरगना बताया और उनकी संपत्ति की ईडी से जांच कराने की मांग की. सदन के अंदर भी उन्होंने इस मामले को जोर शोर से उठाया. संजीव कुमार शुद्ध रूप से क्रिमिनल हैं. जब वे धनबाद के एसएसपी थे तब जेल के अंदर हत्याएं हो रही थी. अवैध माइनिंग चरम पर था. उनके तबादले के बाद अब ये सब कुछ बंद हो गया है. इससे साफ है कि वे वर्दी में शुद्ध रूप से क्रिमिनल थे. उन्होंने कहा कि उनके कार्यों की जांच के लिए विधानसभा की कमेटी बना दी जाए या फिर किसी एजेंसी से जांच करवाई जाये.

### सहमति के बिना दिया जा रहा अबुआ आवास : लंबोदर महतो

विधायक लंबोदर महतो ने सदन में ध्यानाकर्षण के तहत अबुआ आवास योजना में गड़बड़ी का मामला उठाया. कहा कि जनप्रतिनिधियों को विश्वास में लिए बगैर मनमाने तरीके से लाभुकों की प्राथमिकता सूची तैयार की गई है. लाभुकों के चयन में ग्राम सभा का अनुमोदन नहीं लिया जा रहा है. कहा कि लाभुकों के चयन के बाद ग्राम सभा को फैसला लेना था कि किसे आवास दिया जाएगा, लेकिन प्रखंड कार्यालयों के द्वारा मनमाने तरीके से लाभुकों की सूची बनाई गई. सरकार की ओर से जवाब देते हुए मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि अबुआ आवास योजना में गड़बड़ी की कुछ शिकायतें मिली हैं.

### कोर्ट और सदन को गुमराह कर रही है सरकार : नीलकंठ

भाजपा विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने निकाय चुनाव को लेकर सदन में सरकार को घेरा. ध्यानाकर्षण के तहत उन्होंने सरकार से पूछा कि पिछले साल ही राज्य के नगर निकायों का कार्यकाल खत्म हो गया है. इसके बाद राज्य में नगर निकाय चुनाव क्यों नहीं हुआ. कहा कि इस सरकार की मंशा है कि निकाय चुनाव न हो. यही वजह है कि निकायों के कार्यकाल खत्म होने के पहले चुनाव और ट्रिपल टेस्ट की तैयारी नहीं की गई. सरकार ने कोर्ट में शपथपत्र देकर कहा है कि 6 महीने में निकाय चुनाव करा लिए जाएंगे. चार महीने खत्म हो चुके हैं. सिर्फ दो महीने बचे हैं. अभी ट्रिपल टेस्ट के लिए पिछड़ा आयोग का गठन हुआ है. सरकार कोर्ट और सदन दोनों को गुमराह कर रही है.

### राजेश कच्छप ने सदन में उठाया ई-ऑटो चालकों का दर्द

विधायक राजेश कच्छप ने सदन में ई-ऑटो चालकों की परेशानी को उठाया. उन्होंने कहा कि बैटरी और मिथनॉल एवं इथनॉल इंधन से चलने वाले वाहनों के लिए परमिट की कोई जरूरत नहीं होती है. विधायक ने कहा कि परमिट की बाध्यता नहीं होने के बावजूद वाहन चालकों को रुट उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है. जो वाहन चल रहे हैं उन्हें जब्त करके फाइन लिया जा रहा है. इससे गरीब ई-आटो चालक परेशान हैं. मंत्री आलमगीर आलम ने आश्वासन दिया कि नगर विकास विभाग और परिवहन विभाग मिलकर इस समस्या का हल निकालेंगे.

## प्रत्याशियों की गतिविधियों पर केंद्रीय नेतृत्व की नजर

# लोकसभा चुनाव 2024 : रायशुमारी के बाद भाजपा ने भेजे संभावित प्रत्याशियों के नाम

प्रवीण कुमार।रांची

भाजपा ने झारखंड की 14 लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों के चयन की कवायद शुरू कर दी है. इसके लिए पार्टी पदाधिकारी लोकसभा क्षेत्र में जाकर रायशुमारी भी किया है. संगठन के अलग-अलग लोगों को रायशुमारी का जिम्मा दिया था. यह रिपोर्ट केन्द्रीय नेतृत्व को भेजा गया है. साथ संसदीय क्षेत्र में संभावित प्रत्याशियों की गतिविधियों पर केंद्रीय नेतृत्व की नजर है. इस बार केंद्रीय नेतृत्व 40 प्रतिशत लोकसभा क्षेत्र के वर्तमान सांसदों को बदलने की नीति पर आगे बढ़ रहा है.

लिहाजा 11 सिटिंग सांसदों में से 5 की दावेदारी पर ग्रहण लगने की संभावना है.बताया जा रहा है कि जिन सांसदों का टिकट कटेगा, उन्हें विधानसभा चुनाव में भी उतारा जा सकता है. भाजपा मार्च के दूसरे सप्ताह तक उम्मीदवारों की घोषणा कर सकती है. उम्मीदवारों की दावेदारी को लेकर आम लोगों में उनकी पहुंच व कार्यकाल के दौरान संसदीय क्षेत्र में कामकाज और छवि का आंकलन किया गया है. इसे लेकर पूर्व में भाजपा अपने परफॉर्मेंस को लेकर दो बार इंटरनल सर्वे कर चुकी है. अब भाजपा संगठन के स्तर पर हर सीट पर दावेदारों को लेकर रायशुमारी करने का काम कर रही है. यह रिपोर्ट दिल्ली भेजी गयी है.

### खास बातें

- केंद्रीय नेतृत्व 40% सांसदों को बदलने की नीति पर अग्रसर है
- प्रदेश भाजपा ने संभावित प्रत्याशियों के भेजे नाम

### प्रदेश भाजपा ने 14 लोकसभा सीटों पर 3-4 नाम भेजे

लोहरदगा : सुदर्शन भगत, आशा लकड़ा, दिनेश उरांव, अरुण उरांव
चाईबासा : गीता कोड़ा, जेबी तुबिद
हजारीबाग : जयंत सिन्हा, मनीष जायसवाल
राजमहल : ताला मरांडी, बाबूधान मुर्मू, मिस्त्री सोरेन, शीला रानी हेम्ब्रोम
चतरा : सुनील सिंह, योगेंद्र प्रताप
खूंटी : अर्जुन मुंडा, नीलकंठ मुंडा, जगन्नाथ मुंडा
पलामू : मनोज भुंईया, जवाहर पासवान, बीडी राम
रांची : प्रदीप वर्मा, रमाकांत महतो, संजय सेठ
कोडरमा : अन्नपूर्णा देवी, रविंद्र राय, प्रणव वर्मा
जमशेदपुर : विद्युत वरण महतो, कुणाल षाड़ंगी
दुमका : सुनील सोरेन, लुईस मरांडी, सुरेश मुर्मू, परितोष सोरेन
धनबाद : सांसद पीएन सिंह, राज सिन्हा और विरंची नारायण
गोड्डा : राज पलिवार, निशिकांत दुबे
गिरिडीह : रविंद्र पांडेय, ढुल्लू महतो

### संजय को मिला जीएम कमर्शियल व डिप्टी जीएम पावर परचेज का प्रभार

रांची। जेबीवीएनएल के जीएम सह चीफ इंजीनियर (कॉमर्शियल) ऋषि नंदन का 26 फरवरी को हार्ट अटैक से निधन हो गया था. इसके बाद जीएम आईटी सह डिप्टी जीएम स्टोर टी आर डब्ल्यू संजय सिंह को जीएम कॉमर्शियल और डिप्टी जीएम पावर परचेज का अतिरिक्त प्रभार मिला है. इसको लेकर जेबीवीएनएल ने अधिसूचना जारी की है.

### झारखंड व बिहार पुलिस ने बनायी रणनीति

रांची। झारखंड व बिहार पुलिस ने अवैध शराब की बिक्री रोकने के स्ट्रैटेजी बनायी है. बुधवार को बिहार के गया जिला की पुलिस और झारखंड के हजारीबाग, पलामू,चतरा और कोडरमा जिला के एसपी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक हुई. इस बैठक में शराब माफियाओं और तस्करों की लिस्ट आदान प्रदान हुई. साथ ही कार्रवाई के लिए रणनीति बनाई गई.

# झारखंड में 46 बीडीओ इधर से उधर

संवाददाता।रांची

झारखंड सरकार ने 46 प्रखंड विकास पदाधिकारियों (बीडीओ) की ट्रांसफर-पोस्टिंग की है. ग्रामीण विकास विभाग ने तबादले एवं पदस्थापन को लेकर अधिसूचना भी जारी कर दी गई है. ग्रामीण विकास विभाग से जारी अधिसूचना के अनुसार, वैसे प्रखंड में जहां प्रखंड विकास पदाधिकारी की पदस्थापना नहीं है, वहां अंचलाधिकारी को प्रखंड विकास पदाधिकारी की शक्ति प्रदान की गई है. साथ ही स्थानांतरण- पदस्थापन आदेश को नव प्रतिस्थापित स्थान पर प्रभार ग्रहण करने के तुरंत बाद ही उपायुक्त को विरमित करने का निर्देश दिया गया है. वेसे प्रखंड विकास पदाधिकारी, जिनका किसी प्रखंड में पदस्थापन नहीं हुआ है, वे ग्रामीण विकास विभाग में योगदान करेंगे.

### जानें कौन-कहां गये

| | | |
|---|---|---|
| मनीष कुमार : मयूरहंड | जयवीरस लकड़ा : बांसजोर | वापस की गई |
| हरिशंकर बारीक : रायडीह | हारून रशीद : दारू | मोनी कुमारी की सेवा कार्मिक को वापस |
| प्रवीण कुमार : जलडेगा | उषा मिंज : लापुंग | कालिदास मुंडा की सेवा कार्मिक को वापस |
| ललित प्रसाद सिंह : लोहरदगा सदर | चंदन प्रसाद : चंदवा | प्रेमचंद कुमार सिन्हा की सेवा कार्मिक को वापस |
| चंदन कुमार सिंह :सारठ | मलाय कुमार : राजनगर-गोविंदपुर | वेदवंती कुमारी की सेवा वापस कार्मिक |
| अजय कुमार वर्मा : बगोदर | संदीप कुमार : सर्ड रांची | प्रतिमा कुजूर की सेवा कार्मिक वापस |
| मधु कुमारी : एग्यारकुंड | सीमा कुमारी : चौपारण | पवन महतो की सेवा कार्मिक वापस |
| साकेत कुमार सिंह : मारगोमुंडा | संजय कुमार : मधुपुर | अनीता केरकेट्टा की सेवा कार्मिक को वापस |
| उल्लास महतो : मरकच्चो | शशि नीलिमा डुंगडुंग : इटकी | गौतम कुमार साहू की सेवा कार्मिक वापस |
| राजीव कुमार सिंह : चंदनकीयारी | सोनाराम हांसदा : महगामा | पंकज कुमार की सेवा कार्मिक वापस |
| कुंदन भगत : जरमुंडी | अभिनव कुमार : मेहरमा | मेरी मड़की की सेवा कार्मिक वापस |
| आनंद कुमार झा : देवघर सदर | नीलम कुमारी सोना : सोनारायठाढ़ी | झानेंद्र की सेवा कार्मिक को वापस |
| अमित कुमार मिश्रा : जगन्नाथपुर | राहुल उरांव : बेड़ो | |
| छन्दा भट्टाचार्य : कौरो | संग्राम मुर्मू : सेन्हा | |
| प्रतिमा कुमारी : भंडारा | पल्लवी सिंह :धनबाद सदर | |
| अशोक कुमार : गुमला सदर | नूतन मिंज : ठेठईटांगर | |
| रंजीत कुमार सिंह -बिशनपुर | थिएटर टांगर : सिमडेगा | |
| सुनील प्रकाश : कान्हाचट्टी | संजय कुमार सिंह की सेवा कार्मिक को | |

### कैबिनेट की बैठक आज कई एजेंडों पर लगेगी मुहर

रांची । झारखंड कैबिनेट की बैठक गुरुवार को होगी. बैठक में एक दर्जन अधिक एजेंडों पर मुहर लगेगी. मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग के मुताबिक कैबिनेट की बैठक अपराह्न 4 बजे विधान सभा की बैठक के तुरंत बाद होगी. बताते चलें कि मंगलवार को चंपाई सरकार ने विधानसभा में बजट पेश किया था. इसमें कई वायदे किए गए हैं. कैबिनेट की बैठक में इससे संबंधित कई प्रस्तावों पर मुहर लग सकती है.

## उद्योग विभाग के सात अफसर इधर से उधर

रांची । उद्योग विभाग ने सात अफसरों का तबादला कर दिया है. इसका आदेश बुधवार को जारी कर दिया गया.



| नाम | कहां थे | कहां गए |
|---|---|---|
| संजीत कुमार सिन्हा | सहायक उद्योग निदेशक रेशम रांची | परियोजना प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र हजारीबाग |
| रविंद्र दास | कार्यकारी प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र देवघर | कार्यकारी प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र साहिबगंज का अप्र |
| रमाकांत चतुर्वेदी | परियोजना प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र रांची | परियोजना प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र लोहरदगा |
| रविशंकर प्रसाद | परियोजना प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र रांची | सहायक उद्योग निदेशक रेशम चाईबासा |
| सुभाष चंद्र दास | परियोजना प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र देवघर | परियोजना प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र गिरिडीह |
| दास कुमार एक्का | प्रभारी महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र दुमका | प्रभारी महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र देवघर. |
| सुशील कुमार बरियार | परियोजना प्रबंधक जिला उद्योग केंद्र | रांची सहायक उद्योग निदेशक (रेशम) |

## शिक्षक मोर्चा जिला शिक्षा पदाधिकारी से मिला, रखीं विभिन्न समस्याएं

रांची । नव पदस्थापित जिला शिक्षा पदाधिकारी वसीम अहमद से बुधवार को झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा का प्रतिनिधमंडल उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात कर उनका स्वागत किया. उन्होंने गुणवत्त पूर्ण शिक्षा एवं शिक्षकों के विभिन्न समस्याओं समेत प्रोजेक्ट रेल पर विस्तार से चर्चा की. जिला शिक्षा पदाधिकारी ने शिक्षक मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल को समस्यायों के समाधान का आश्वासन दिया. प्रतिनिधिमंडल में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के विजय बहादुर सिंह, झारखंड राज्य उर्दू शिक्षक संघ के महासचिव अमीन अहमद, जिला शिक्षा अधीक्षक मिथिलेश केरकेट्टा, सुमेश कुमार मिश्रा, अजय कुमार, संजय कुमार, अरुण कुमार, मो फखरुद्दीन, राकेश श्रीवास्तव, मनोज कुमार गुप्ता शामिल थे.

## मोदी के गारंटी संकल्प पत्र सुझाव अभियान का शुभारंभ



संवाददाता ।रांची

भाजपा ने झारखंड में विकसित भारत - मोदी की गारंटी संकल्प पत्र सुझाव अभियान का शुभारंभ किया. विधायक सीपी सिंह ने प्रदेश भाजपा मुख्यालय से अभियान की शुरुआत की. उन्होंने कहा कि भाजपा ही एकमात्र पार्टी है, जिसने विकसित भारत की परिकल्पना की है और इसे पूरा करने का वादा भी किया है. उन्होंने कहा कि आकांक्षा संग्रह अभियान कार्यक्रम जनता के विश्वास का प्रमाण होगा. इस अभियान के तहत पार्टी ने लोकसभा चुनाव के घोषणापत्र के लिए 1 करोड़ से अधिक लोगों के सुझावों, उनकी आकांक्षाओं और विचारों को जानने का लक्ष्य रखा है. अभियान में सुझाव एकत्रित करने के लिए सुझाव पेटी, मिस्ड कॉल नंबर 9090902024 और नमो ऐप की सुविधा लांच की गई है. साथ ही पार्टी द्वारा एलईडी प्रचार रथ भी शुरू किया गया है.

### खास बातें

- अभियान की शुरुआत विधायक सीपी सिंह ने की
- लगभग एक करोड़ लोगों के विचारों को जानने का लक्ष्य

## बजट से राज्य में सकारात्मक पहल की कोशिश : माकपा

संवाददाता।रांची

माकपा राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा कि वित्तमंत्री रामेश्वर उरांव द्वारा पेश किए गए झारखंड बजट 2024-25 में राज्य की अर्थव्यवस्था को बैलेंस किए जाने की सकारात्मक पहल की गई है. इस बार के बजट में ज्यादा नई योजनाओं की घोषणा करने के बजाय पुरानी परियोजनाओं का विस्तार कर इसे पूरा किये जाने के लिए राशि का प्रावधान किया गया है, जो अपेक्षित भी थी. लेकिन राज्य में सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतरी के लिए बजट में और राशि का प्रावधान किया जाना चाहिए था.

झारखंड जैसे खनिज संसाधनों की बहुलता वाले राज्य में पर्यावरण संरक्षण का कोई प्रावधान नहीं रखा गया है. राज्य में निजी कोल ब्लाक का आवंटन होने के बाद हो रहे खनन और उसके परिवहन से जिस प्रकार प्रदूषण फैल रहा है. माइनिंग और खुले उधोग के चलते भूमि का जिस प्रकार क्षरण हो रहा है उससे निपटने का बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया है. किसानों की कर्ज माफी, प्रशिक्षित बेरोजगारों को भत्ता, प्री और पोस्ट मैट्रिक वजीफा में बढोत्तरी, बहुभाषी शिक्षण व्यवस्था के तहत आदिवासी भाषाओं सहित बांग्ला और उड़िया में पाठ्य पुस्तकों का वितरण स्वागत योग्य घोषणाएं हैं. लेकिन सभी बेरोजगारों को नौकरी नहीं मिलने तक सांकेतिक बेरोजगारी भत्ता दिए जाने का प्रावधान किया जाना चाहिए था. बजट में 15 डिग्री कॉलेज और 4 महिला कालेजों की स्थापना का उल्लेख किया गया है. लेकिन इनमें पढ़ाने के लिए शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के पद के सृजन का कोई जिक्र नहीं हैं.

### खास बातें

- नई के बजाय पुरानी योजनाओं का विस्तार
- बजट में पर्यावरण संरक्षण का कोई प्रावधान नहीं

CLASSIFIED


















# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



www.lagatar.in | गुरुवार 29 फरवरी 2024 ● फाल्गुन कृष्ण पक्ष 05 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 1, अंक : 312 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


### सीयूजे के दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, तीन छात्रों को चांसलर मेडल से नवाजा

# झारखंड आकर लग रहा कि वापस घर आ गए : राष्ट्रपति

प्रमुख संवाददाता। रांची

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि झारखंड आकर उन्हें ऐसा लग रहा है कि वे वापस अपने घर आई हैं. जब वह झारखंड की राज्यपाल थी तो उन्हें झारखंड के बारे में काफी काम करने का मौका मिला. उन्होंने धरती आबा बिरसा मुंडा की धरती को नमन करते हुए सभी से जनजातीय समाज के लोगों को सशक्त करने में भागीदारी निभाने की अपील की. वे बुधवार को सेंट्रल यूनिवर्सिटी के तीसरे दीक्षांत समारोह में बोल रही थीं. इस दौरान उन्होंने तीन छात्रो को चांसलर मेडल प्रदान किया. गोल्ड मेडल पाने वाले कुल 59 छात्र-छात्राओं में से 50 प्रतिशत लड़कियों के होने पर विशेष खुशी जाहिर की. 29 लोगों को पीएचडी डिग्री प्रदान की गयी.

### तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं

राष्ट्रपति ने कहा कि 2030 तक दुनिया में हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बननेवाले हैं. 2047 तक शिक्षित, समृद्ध भारत बनाने का लक्ष्य रखा गया है. इसके लिए अनुकूल परिस्थितियों को बनाना होगा. सेंट्रल यूनिवर्सिटी प्रबंधन को धन्यवाद देते कहा कि इस संस्थान द्वारा स्थानीय भाषा, संगीत, सांस्कृतिक धरोहर को समझने के लिए खास सेंटर बनाया गया है. चेरी मनातू कैंपस ग्रीन आर्किटेक्ट को ध्यान में रखते तैयार किया गया है, जिसने भी इसकी डिजाइन की, अच्छी जगह पर इसे खोला.

## 59 विद्यार्थियों को मिले गोल्ड मेडल, 29 को पीएचडी डिग्री प्रदान की गयी

### छात्रों से की अपील, विकसित भारत के निर्माण में दें योगदान



### ज्ञान से ही कौशल का विकास

राष्ट्रपति ने कहा कि ज्ञान से ही बुद्धि और कौशल का विकास होता है. चुनौतियों से भरे विश्व में आप सब प्रवेश कर रहे हैं. इसमें आप अपने प्राप्त ज्ञान का सदुपयोग करेंगे. जटिल परिस्थितियों का सामना करना होगा, ज्ञान से इसका हल होगा.

### जनजातीय भाई-बहनों से जुड़ाव

राष्ट्रपति ने कहा कि झारखंड की धरती पर काम करने का सौभाग्य खुशी से भर देता है. यहां के जनजातीय भाई बहनों से जुड़ाव रहा है. समारोह में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, सीएम चंपाई सोरेन, केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी भी मौजूद रहे.

### ज्ञान से बड़ा कोई धन नहीः सीएम

**रांची।** सीयूजे दीक्षांत समारोह में सीएम चंपाई सोरेन ने कहा कि ज्ञान से बड़ा कोई धन नहीं. इसके जरिये बहुत कुछ हासिल कर सकते हैं. राज्य सरकार राज्य में शैक्षणिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने को संकल्पित है. नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को स्वीकार कर लिया गया है. चेरी मनातू परिसर में सेंट्रल यूनिवर्सिटी की जरूरतों के अनुसार रैयती भूमि का अधिग्रहण कर उसे देने का निर्णय लिया गया है. भूमि अधिग्रहण में देरी हो रही है, इसे शीघ्र दूर किया जायेगा. विद्युत आपूर्ति निर्बाध हो, इस पर काम हो रहा है. जलापूर्ति भी पर्याप्त हो, इसे तय किया जा रहा है. सड़क निर्माण का कार्य भी जोरों पर है. मेडल, डिग्री पाने वाले स्टूडेंट्स के ज्ञान से झारखंड प्रदेश भी लाभान्वित होगा. आदिवासी बहुल क्षेत्र में सेंट्रल यूनिवर्सिटी जैसे संस्थान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की बहुत जरूरत है. राज्य में खनिज संसाधन हैं पर शिक्षा व्यवस्था के सही रूप से ही इसका तरीके से उपयोग संभव है.

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 58,600 |
| चांदी (किलो) | 74,000 |

### ब्रीफ खबरें

#### राजीव गांधी की हत्या के दोषी संथन की मौत

**चेन्नई।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के मामले में दोषी करार दिए गए संथन की दिल का दौरा पड़ने से बुधवार को मौत हो गयी. सरकार के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. संथन को सुप्रीम कोर्ट ने बाद में रिहा कर दिया था. संथन उर्फ टी. सुतेनदिराराजा (55) एक श्रीलंकाई नागरिक था और उन सात लोगों में से एक था जिसे पूर्व प्रधानमंत्री की हत्या के जुर्म में 20 वर्ष से ज्यादा सजा काटने के बाद 2022 में रिहा कर दिया था.

#### डीएमके को तरक्की बर्दाश्त नहीं : पीएम

**चेन्नई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु दौरे के दूसरे दिन बुधवार को कुलाशेखरपट्टीनम में इसरो के नये लॉन्च कॉम्प्लेक्स की नींव रखी. इस अवसर पर राज्य में सत्तारूढ़ डीएमके ने एक विज्ञापन जारी किया. इसमें भारतीय रॉकेट के बजाय चीन का रॉकेट नजर आ रहा है. पीएम मोदी ने तिरुनेलवेली में रैली में अखबार के विज्ञापन को लेकर डीएमके सरकार को निशाने पर लिया. कहा कि डीएमके सरकार भारत की तरक्की बर्दाश्त नहीं कर पा रही है. कांग्रेस-द्रमुक पर परिवारवाद का भी आरोप लगाया.

#### राबड़ी व मीसा को ईडी कोर्ट से मिली जमानत

**दिल्ली/पटना।** जमीन के बदले नौकरी मामले में बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी उनकी बेटी सांसद मीसा भारती समेत अन्य आरोपियों ईडी कोर्ट से जमानत मिल गई है. दिल्ली को राउज एवेन्यू की स्पेशल कोर्ट ने जमानत दी है. जमानत पाने वालों में हीमा यादव हृदयानंद चौधरी भी शामिल हैं. इससे पहले. बुधवार को राबड़ी देवी, मीसा भारती, हिमा यादव और हृदयानंद चौधरी कोर्ट में पेश हुए थे. ईडी ने इन चारों को आरोपी बनाया है.

## राज्य के 58.41 लाख बिजली उपभोक्ताओं को झटका

# बिजली दर में ओवरऑल 7.66% की वृद्धि

- एक मार्च 2024 से लागू होंगी नई दरें

रवि भारती। रांची

राज्य के 5841645 बिजली उपभोक्ताओं की जेब ढीली होगी. झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग ने वित्तीय वर्ष 2023-24 का नयी बिजली दर बुधवार को जारी कर दी. आयोग के अध्यक्ष जस्टिस अमिताभ गुप्ता ने कहा कि बिजली वितरण निगम ने 39.71 फीसदी बिजली दर में वृद्धि का प्रस्ताव सौंपा था, जिसके एवज में आयोग ने ओवरऑल बिजली दर में 7.66 फीसदी की वृद्धि की स्वीकृति दी है. नई बिजली दर एक मार्च 2024 से प्रभावी होगी. घरेलू कैटेगरी में ग्रामीण उपभोक्ताओं को अब 50 पैसे प्रति यूनिट अतिरिक्त देने होंगे. वर्तमान ग्रामीण उपभोक्ताओं को 5.80 रुपये प्रति यूनिट की दर से बिजली मिलती है. अब नई दर के अनुसार ग्रामीण उपभोक्ताओं को 6.30 रुपये प्रति यूनिट की दर से देने होंगे. वहीं घरेलू कैटेगरी में शहरी उपभोक्ताओं को 6.30 रुपए प्रति यूनिट की जगह 6.65 रुपये प्रति यूनिट देने होंगे, यानि शहरी उपभोक्ताओं को 35 पैसे प्रति यूनिट अधिक देने होंगे.

**ग्रामीण उपभोक्ताओं के फिक्स्ड चार्ज में 25 रुपये की वृद्धि :** नई दर के मुताबिक ग्रामीण उपभोक्ताओं को अब फिक्स्ड चार्ज के लिए 25 रुपये अधिक देने होंगे. वर्तमान में ग्रामीण उपभेक्ताओं के लिए फिक्स्ड चार्ज 50 रुपये है, जिसे बढ़ाकर 75 रुपये कर दिया गया है. वहीं शहरी घरेलू उपभोक्ताओं के फिक्स्ड चार्ज में कोई बढ़ोत्तरी नहीं की गई है. वहीं शहरी घरेलू एचटी कंज्यूमर के लिए भी फिक्स्ड चार्ज में कोई बढ़ोत्तरी नहीं की गई है. कॉमर्शियल ग्रामीण उपभोक्ताओं को अब 30 पैसे अतिरिक्त देने होंगे. - शेष पेज 11 पर

### ग्रामीण उपभोक्ताओं पर बढ़ा बोझ 50 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि

### शहरी उपभोक्ताओं को 35 पैसे प्रति यूनिट का अतिरिक्त बोझ

- वितरण निगम ने दिया था 39.71 फीसदी बिजली दर वृद्धि का प्रस्ताव
- **नियामक आयोग ने स्वीकृत किया 7.66 फीसदी वृद्धि का प्रस्ताव**

### फैक्ट फाइल

- राज्य बिजली वितरण निगम ने 39.71 फीसदी टैरिफ बढ़ोतरी का प्रस्ताव दिया था. आयोग ने 7.66% टैरिफ वृद्धि को मंजूरी
- **यदि उपभोक्ता 5 दिनों के भीतर बिल का भुगतान करता है तो उसे बिल के भुगतान पर 2 फीसदी की त्वरित भुगतान छूट प्रदान की जाएगी**
- ऑनलाइन या किसी भी डिजिटल मोड के माध्यम से भुगतान की गई संपूर्ण बिल राशि के नियत तिथि के भीतर भुगतान करने पर बिल राशि पर एक फीसदी की छूट दी जाएगी, अधिकतम सीमा 250 रुपये होगी
- **आयोग ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए वितरण निगम द्वारा प्रस्तावित आपूर्ति की औसत लागत 9.26 रुपए किलोवाट प्रति घंटा के बदले रु. 7.04 रुपए प्रति किलोवाट प्रति घंटा को मंजूरी दी है**
- लोड फैक्टर में छूट उन सभी उपभोक्ताओं को दी जाएगी जिनका लोड फैक्टर 65% से अधिक है, अधिकतम सीमा 15% की छूट के अधीन होगी
- **वोल्टेज छूट वोल्टेज छूट 33 केवी में तीन फीसदी, 132 केवी में पांच फीसदी होगी. 132 केवी के वोल्टेज स्तर से ऊपर कोई वोल्टेज छूट लागू नहीं होगी**
- रूफटॉप सोलर को प्रोत्साहित करने और बढ़ावा देने के लिए आयोग ने ग्रॉस मीटरिंग के लिए 4.16 रुपये किलोवाट प्रति घंटा और नेट मीटरिंग 3.80 रुपये किलोवाट प्रति घंटा के लिए टैरिफ को बरकरार रखा है

### किस कैटेगरी में कितने रुपये प्रति यूनिट की वृद्धि

| कैटेगरी | वर्तमान दर (रुपये/यूनिट) | नई दर (रुपये/यूनिट) |
|---|---|---|
| घरेलू(ग्रामीण) | 5.80 | 6.30 |
| घरेलू(शहरी) | 6.30 | 6.65 |
| घरेलू(एचटी) | 6.15 | 6.25 |
| कॉमर्शियल(ग्रामीण) | 5.80 | 6.10 |
| कॉमर्शियल(शहरी) | 6.15 | 6.65 |
| आइएएस(सिंचाई) | 5.00 | 5.30 |
| इंडस्ट्रियल एलटी | 5.90 | 6.05 |
| इंडस्ट्रियल एचटी | 5.65 | 5.85 |
| हाईटेंशन स्पेशल | 5.15 | 5.20 |
| स्ट्रीट लाइट | 6.30 | 7.00 |
| आरटीएस, रेलवे | 5.40 | 5.60 |
| एमइएस | 5.40 | 5.60 |
| अन्य लाइसेंसी | 5.40 | 5.60 |

### किस कैटेगरी में फिक्स्ड चार्ज में कितनी वृद्धि

| कैटेगरी | वर्तमान दर (रु में) | नई दर (रु में) |
|---|---|---|
| घरेलू ग्रामीण | 50.00 | 75 रुपये |
| घरेलू शहरी | 100 | 100 |
| घरेलू एचटी | 150 | 150 |
| कॉमर्शियल रूरल | 100 | 120 |
| कॉमर्शियल शहरी | 150 | 200 |
| सिंचाई | 40 | 50 |
| इंडस्ट्रियल एलटी | 150 | 150 |
| इंडस्ट्रियल एचटी | 400 | 400 |
| हाईटेंशन स्पेशल | 400 | 400 |
| स्ट्रीट लाइट | 150 | 250 |
| आरटीएस रेलवे | 400 | 400 |
| एमईएस | 400 | 400 |
| अन्य लाइसेंसी | 400 | 400 |

### किस कैटेगरी में कितनी है उपभोक्ताओं की संख्या

| | |
|---|---|
| घरेलू- | 5385557 |
| कॉमर्शियल- | 349646 |
| पब्लिक लाइटिंग- | 596 |
| सिंचाई- | 82884 |
| इंडस्ट्रियल एलटी- | 20826 |
| इंडस्ट्रीयल एचटी- | 2122 |
| आरटीएस एमइएस- | 13 |

कुल उपभोक्ता **5841645**

### किस श्रेणी में कितने की हुई वृद्धि

- घरेलू ग्रामीण- 50 पैसा प्रति यूनिट
- घरेलू शहरी- 35 पैसा प्रति यूनिट
- घरेलू एतटी- 10 पैसा प्रति यूनिट
- कॉमर्शियल ग्रामीण- 30 पैसा प्रति यूनिट
- कॉमर्शियल शहरी- 50 पैसा प्रति यूनिट
- कृषि- 30 पैसे प्रति यूनिट
- इंडस्ट्रियल एलटी- 15 पैसा प्रति यूनिट
- इंडस्ट्रियल एचटी- 20 पैसा प्रति यूनिट
- हाईटेंशन स्पेशल- पांच पैसा प्रति यूनिट
- स्ट्रीट लाइट- 70 पैसा प्रति यूनिट
- रेलवे- 20 पैसा प्रति यूनिट
- एमइएस- 20 पैसा प्रति यूनिट
- अन्य वितरण लाइसेंसी- 20 पैसा प्रति यूनिट

### फिक्सड चार्ज में कितनी वृद्धि

- घरेलू ग्रामीण- 25 रुपये
- कॉमर्शियल ग्रामीण- 20 रुपये
- कॉमर्शियल शहरी- 50 रुपये
- सिंचाई- 10 रुपये
- स्ट्रीट लाइट- 100 रुपये



### जामताड़ा में बड़ा हादसा



## ट्रेन ट्रैक पार कर रहे दो यात्री की मौत, कई घायल

संवाददाता। जामताड़ा

करमाटांड़ थाना क्षेत्र के काला झरिया के पास बुधवार की देर शाम को ट्रेन ट्रैक पार करने के दौरान बड़ा हादसा हुआ. यहां ट्रेन की चपेट में आकर कई लोग घायल हुए हैं और दो की मौत हुई है. स्थानीय पुलिस और जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची है. सूचना है कि हादसे में कई लोग गंभीर रूप से जख्मी भी हो गए हैं. जामताड़ा एसपी अनिमेष नथानी के मुताबिक अब तक 2 लोगों के मौत की सूचना है. स्थानीय विधायक डॉ. इरफान अंसारी ने बताया कि काला झरिया के पास डीएमयू से लोग उतर रहे थे. लोग ट्रैक पार कर रहे थे कि तभी दूसरी दिशा से यशवंतपुर एक्सप्रेस आ गई, जिसकी चपेट में आकर अभी तक 2 लोगों के मौत की खबर है. उन्होंने इसे दुखद हादसा बताया. कहा कि मृतकों की संख्या में इजाफा हो सकता है.

जामताड़ा के विधायक इरफान अंसारी भी देर रात घटनास्थल पहुंचे. घायलों से मिले और अधिकारियों से घटना की जानकारी प्राप्त की.

### सदन में बजट 2024-25 पर हुई चर्चा

## यह बजट गरीबों के लिए : रामेश्वर उरांव

विशेष संवाददाता। रांची

झारखंड बजट 2024-25 पर सदन में बुधवार को गरमा-गरम बहस हुई. विपक्ष ने जहां इसे युवा, किसान, महिला, व्यापारी विरोधी करार दिया. वहीं सत्ता पक्ष ने इसे दूरदर्शी बजट करार दिया. बजट पर सरकार का पक्ष रखते हुए वित्त मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव ने कहा कि स्पीकर के लेफ्ट में हमेशा विपक्ष और राइट में हमेशा सत्ता पक्ष के लोग बैठे होते हैं. दोनों का समागम और उचित सलाह, मशवरा से ही सदन चलता है और राज्य के विकास की रेखा खींची जा सकती है. लेफ्ट का दायित्व होना चाहिए वह उचित सलाह राइट को दे, मगर अफसोस अब ऐसा नहीं होता है.

**70 प्रतिशत से अधिक कर चुके हैं खर्च, मार्च तक 92 प्रतिशत कर लेंगे :** वित्त मंत्री ने कहा कि हम यह नहीं कह रहे हैं कि हमने आसमान छू चुके हैं. मगर हम पॉजिटिव प्रयास शुरू कर दिए हैं. 22-23 में ग्रोथ रेट 17 प्रतिशत था जब 23-24 में बढ़कर 31 प्रतिशत हो गया.

### सरगर्मी — कांग्रेस विधायकों की 'क्रॉस वोटिंग' के बाद हिमाचल में राजनीतिक पारा गर्म

# मैंने इस्तीफा नहीं दिया है, हम लड़ाई जीतेंगे : सुक्खू

भाषा। शिमला

हिमाचल प्रदेश में राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार की हार के बाद पैदा राजनीतिक संकट के बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बुधवार को दावा किया कि वे पूरे पांच साल तक सरकार चलाएंगे. बुधवार को दिनभर राजनीतिक हलचल मची रही. हालांकि राज्य का बजट का पारित करा लिया गया. कांग्रेस के पर्यवेक्षकों की टीम भी देर शाम पहुंच गई. वहीं, स्पीकर ने कांग्रेस के सभी छह बागी विधायकों की अयोग्यता पर फैसला सुरक्षित रख लिया है. सीएम सुक्खू ने कहा कि न तो केंद्रीय नेतृत्व ने और न ही किसी और ने मुझे इस्तीफा देने को कहा है और ऐसी कोई बात नहीं हैं. उन्होंने कहा कि जिस तरह का काम राज्य के भाजपा नेताओं द्वारा किया गया है.... वे अपने ही लोगों पर भरोसा नहीं करते. सीआरपीएफ तैनात की गई थी. हरियाणा पुलिस तैनात की गई थी. हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल किया गया. बता दें कि भाजपा उम्मीदवार हर्ष महाजन ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी को हराया और इसी के तहत विधानसभा में अविश्वास प्रस्ताव का मंच तैयार हो गया.

### पांच साल तक सरकार चलाएंगे, हम लड़ाई जीतेंगे व बहुमत भी साबित करेंगे : सीएम

#### विक्रमादित्य ने इस्तीफा दिया, फिर नरम पड़े



हिमाचल प्रदेश सरकार के लोक निर्माण विभाग के मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सुखविंदर सिंह सुक्खू मंत्रिमंडल से बुधवार की सुबह अपने इस्तीफे की घोषणा की. लेकिन देर शाम को अपने इस्तीफे को लेकर थोड़े नरम पड़ गए. कांग्रेस आलाकमान की ओर से पर्यवेक्षकों की टीम पहुंची थी, जिससे बात करने के बाद उन्होंने इस्तीफे पर कहा वे सुक्खू पर दबाव नहीं बनाएंगे. इससे पहले इस्तीफा देने के बाद उन्होंने कहा, मैं अपना इस्तीफा मुख्यमंत्री और राज्यपाल को सौंप रहा हूं. मुझे अपमानित और कमजोर करने की कोशिश की गई लेकिन आपत्तियों के बावजूद मैंने सरकार का समर्थन किया. वह पिछले दो दिनों के घटनाक्रम से आहत हैं. विचार करने की जरूरत है कि कांग्रेस के लिए क्या गलत हुआ.

#### 'अगवा' बताए जा रहे विधायक लौटे

हिमाचल प्रदेश में राज्यसभा चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार को वोट देने वाले कांग्रेस के छह विधायक बुधवार को हरियाणा के पंचकूला से शिमला लौट आये. शिमला लौटने वाले विधायकों में तीन निर्दलीय भी शामिल हैं, जो राज्यसभा चुनाव में वोट डालने के बाद मंगलवार को पंचकूला चले गए थे. सभी नौ विधायक हिमाचल प्रदेश विधानसभा पहुंचे, जहां भाजपा विधायकों ने तालियों और नारों के बीच उनका स्वागत किया.

#### बहुमत को चुनौती दे रही है भाजपा : प्रियंका

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने बुधवार को आरोप लगाया कि हिमाचल प्रदेश में भाजपा लोगों के अधिकार को कुचलना चाहती है और बहुमत को चुनौती दे रही है. उन्होंने दावा किया कि भाजपा हिमाचल प्रदेश को राजनीतिक आपदा में धकेलना चाहती है.

## बजट सत्र में शामिल नहीं हो पाएंगे हेमंत

### हाईकोर्ट से नहीं मिली इजाजत, याचिका खारिज

संवाददाता। रांची

पूर्व मुख्यमंत्री और बरहेट विधायक हेमंत सोरेन को हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है. हाईकोर्ट ने उन्हें विधानसभा ने बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति नहीं देते हुए उनकी याचिका खारिज कर दी है. सोमवार को हाईकोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा दायर उस याचिका पर सुनवाई के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था. हेमंत सोरेन ने रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें उन्हें बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति देने से इंकार कर दिया था. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई.

### हेमंत के खिलाफ ईडी की कंप्लेन केस पर 4 को फैसला



**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी पूर्व मुख्यमंत्री और बरहेट के विधायक हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) द्वारा रांची सिविल कोर्ट में दर्ज करवाई गई शिकायत वाद (कंप्लेन केस) में सुनवाई पूरी हो गई है. दोनों पक्षों को सुनने के बाद रांची सिविल कोर्ट के सीजेएम मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है. अब कोर्ट 4 मार्च को अपना फैसला सुनाएगा. ईडी की ओर से दर्ज करवाई गई शिकायतवाद में कहा गया है कि ईडी द्वारा लगातार समन देने के बाद भी हेमंत सोरेन ने उस आदेश का अनुपालन नहीं किया. ईडी ने 19 फरवरी को शिकायतवाद दर्ज कराई थी.

### पूर्व सीएम की क्रिमिनल रीट पर सुनवाई पूरी हुई

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री और बरहेट के विधायक हेमंत सोरेन की क्रिमिनल रीट पर बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई. सुनवाई के दौरान ईडी और हेमंत सोरेन की ओर से बहस पूरी होने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है. हेमंत सोरेन की ओर से देश के वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल और हाईकोर्ट के अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने बहस की. वहीं ईडी की ओर से एएसजीआई एसवी राजू और अमित दास ने बहस की. हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ न्यायाधीश जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस नवनीत कुमार की बेंच में हेमंत सोरेन की याचिका पर हाइब्रिड मोड में सुनवाई हुई.

## ब्रीफ खबरें

### बीएलओ और पर्यवेक्षकों को शॉकोज नोटिस

**मैथन।** एग्यारकुण्ड प्रखण्ड क्षेत्र के विभिन्न बूथों के बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षकों को बीडीओ सह सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी कृष्ण कुमार मरांडी ने नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है. उनपर आगामी लोकसभा चुनाव के आलोक में बूथ स्तरीय जागरूकता समूह गठन नहीं करने का आरोप है. नोटिस में कहा गया है कि लोकसभा चुनाव संबंधी महत्वपूर्ण कार्य में यह घोर लापरवाही है. फोन करने पर भी जवाब नहीं दिया जाता है. कहा कि सभी को बूथ संयोजक बनाते हुए जागरूकता समूह गठन कर रिपोर्ट करने का निर्देश दिया गया था लेकिन किसी ने भी इसे गंभीरता से नहीं लिया.

### जांच की मांग को लेकर आजसू ने धरना दिया

**धनबाद।** आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य मनीष सिंह के मामले में जिला प्रसासन से निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर बुधवार को आजसू पार्टी जिला समिति ने रणधीर वर्मा चौक पर एक दिवसीय धरना दिया. धरना में मौजूद केंद्रीय सचिव अवधेश यादव व जिला अध्यक्ष मंटू महतो ने कहा की पार्टी के केंद्रीय सदस्य मनीष सिंह पर साजिश के तहत एससी एसटी का झूठा मुकदमा दर्ज किया गया है . इसे लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में काफी आक्रोश है .इस एक दिवसीय धरना के माध्यम से इस मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की जा रही है.

### ट्रेन पर चढ़ने की कोशिश, कट गया पैर

**धनबाद।** एक नंबर प्लेटफॉर्म से उतर कर पटरी पर जाकर चलती ट्रेन पर चढना एक यात्री को महंगा पड़ गया. यात्री का पैर फिसल गया और वह ट्रेन के नीचे आ गया. जिससे उसका पैर कट गया. आननफानन में उसे पहले रेलवे अस्पताल, फिर सएनएमएमसीएच सरायढेला भेजा गया. जहां वह इलाजरत है, लेकिन स्थिति काफी गंभीर है. रेलवे सूत्रों के अनुसार ब्लैक डायमंड एक्सप्रेस धनबाद से शाम 16:25 बजे खुलती है. अक्सर यह ट्रेन प्लेटफॉर्म संख्या एक से खुलती है, लेकिन बुधवार को दो नंबर से खुल रही थी.

### कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तृणमूल की बैठक

**बराकर।** बुधवार को तृणमूल कुल्टी ब्लॉक अल्पसंख्यक सेल के कुल्टी ब्लॉक अध्यक्ष अमजद अंसारी ने तीन मार्च को होने वाली आसनसोल रेल पार इलाके में अल्पसंख्यक सेल के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एक बैठक बुधवार को की. बैठक में पश्चिम वर्धमान तृणमूल अल्पसंख्यक सेल के जिलाध्यक्ष सैयद महफूज हसन मोनू व तृणमूल एससीएसटी के पश्चिम वर्धमान जिलाध्यक्ष मोहन धीवर सहित तृणमूल के कई अन्य नेता व कर्मी उपस्थित थे.

### अंजान बाबा का 66 वां शहीद दिवस पर उर्स

**गोमो।** गोमो रेल नगरी के शहीद गढा में शहंशाह सैयद हजरत अंजान बाबा का 66 वां शहीद दिवस पर बुधवार रात को उर्स का आयोजन किया गया. बड़ी संख्या में लोग बाबा के दरबार में पहुंचकर मजार पर चादरपोशी व प्रसाद चढा कर मनाते मांगी. इस मौके पर मिल्लत निजामिया समिति गोमो के द्वारा मेला का आयोजन किया गया जिसमे बडी संख्या में लोग रात भर मेला के साथ कव्वाली का भी आनन्द लिया. कार्यक्रम को सफल बनाने में सदर अर्जुन श्रीवास्तव (अधिवक्ता), सेक्रेटरी मोहम्मद सगीर, मोहम्मद सियासत अंसारी, मोहम्मद सलीम और कमेटी के सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही.

---

### झारखंड राज्य बिजली कामगार यूनियन ने खोला मोर्चा, निकाली आक्रोश रैली

# होली के बाद आरपार की लड़ाई : राम कृष्णा सिंह

संवाददाता। निरसा



झारखंड राज्य बिजली कामगार यूनियन के बैनर तले निरसा में झारखंड ऊर्जा विकास निगम प्रबंधन द्वारा वादा खिलाफी, मजदूर विरोधी हरकत, समझौता लागू नहीं करने के विरूध विद्युत कार्यपालक अभियंता, निरसा कार्यालय के समक्ष बुधवार को आक्रोश रैली निकाली गई. जुलूस लाल झंडे से पटा था. रैली निरसा प्रमंडल में सभा में तब्दील हो गई. सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री झारखंड राज्य बिजली कामगार यूनियन राम कृष्णा सिंह ने कहा कि बिजली बोर्ड भ्रष्टाचार का हब बन गया है. बिजली उद्योग बदली उद्योग में तबदील हो गया है. बिजली कर्मी के आड़ में भ्रष्टाचार का खेल खेला जा रहा है और पदाधिकारी कुछ विशेष चमचो को लेकर भ्रष्टाचार का इन्फास्ट्रक्चर का जाल बिछा रहे हैं. हाल ही में करीब 200 कर्मी का मनचाहा स्थान पर पदस्थापन किया किया गया है. वहीं महिला कर्मी को दूर दरस्त जगह पर नियम को ताक पर रखते हुए स्थानांतरित की गई है. सरकार महिला सशक्तीकरण एवं गरिमा को बरकरार रखने की बात करता है. वहीं निगम प्रबंधन अपना कानून लगाकर महिला को प्रताड़ित कर रहा है. प्रबंधन ने सुविधाओं को छिन लिया है.

#### मजदूरों की हो रही उपेक्षा

राम कृष्णा सिंह ने कहा कि प्रबंधन मजदूरों को उपेक्षा की दृष्टि से देखता है . सिंह ने घोषणा किया कि होली के बाद छिनी हुई सुविधा को वापस करने कामकारो को शोषण मुक्त करने, महिला कर्मी को तंग करने के विरूघ, लंबित मांगों की पूर्ति के लिए 6 प्रतिशत विशेष ऊर्जा भत्ता के लिए आंदोलन का सहारा लेना पड़ेगा जिसके लिए मजदूर तैयार रहें . सिंह ने यह भी कहा कि चुनाव का महौल है स्पष्ट हो गया है आपको चुनाव लड़ने का अधिकारी नहीं है लेकिन वोट देने का अधिकार है इसलिए वैसे ही उम्मीदवार को वोट दे जो मजदूर के आवाज को विधानसभा एवं संसद में उठा सके . मुख्य मांगों में बिहार की तर्ज पर 6 प्रतिशत विशेष ऊर्जा भत्ता का भुगतान करना, पद मैपिंग में सुधार करना, बकाया ओभरटाईम का भुगतान करना, महिला कर्मियों का स्थानान्तरण रद करना, जितने भी कर्मी कालअवधि पूर्ण कर चुके है उनको पदोन्नति देना वही संदेशवाहक, चौकीदार को पदोन्नति देना, ग्रुप इंश्योरेंस में प्रीमियम प्रबंधन द्वारा भुगतान करना है .

---

# अतिक्रमणकारियों के शिकंजे में बस स्टैंड, नगर निगम मौन



संवाददाता। बराकर

बराकर बस सस्टैंड में अवैध अतिक्रमण चरम पर है. बराकर बस स्टेंड में सड़क के दोनों किनारे यात्री सेड, फुटपाथ, पानी टंकी के समीप कुकुरमुत्ते की तरह गुमटियों और ठेला वालों का मकड़ जाल बना रहता है. मामले में नगर निगम मौन है. इसी क्रम में शनिवार की रात एक अवैध गुमटी मिनी बस स्टैंड के सड़क किनारे मिली. जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची जहां देखा गया कि तृणमूल के कई नेता मौके पर पहुंचे. इसका विरोध किया. वहीं कई तृणमूल के नेताओ ने खुले आम कहा कि बस स्टैंड में अवैध जितनी भी अवैध गुमटियां लगी हैं सभी को हटाया जाय.

---

### गोधर गोलीबारी से लोगों के बीच दहशत का माहौल

# 25 के खिलाफ प्राथमिकी, दो नामजद अभियुक्त बनाए गए

संवाददाता। धनसार

धनसार थाना क्षेत्र नई दिल्ली कालोनी में मंगलवार को भी अपराधियों ने धंजीत राय के घर में पथराव किया. पथराव करने के बाद सभी भाग गए. यहां काली बस्ती के अपराधियों के तांडव से क्षेत्र के लोगों में दहशत है. इधर धनसार पुलिस ने मदन के घर के दरवाजे में फंसी गोली को निकाला. कांग्रेस कार्यकर्ता सह पुलिस जन सहयोग समिति सदस्य मदन सिंह ने काली बस्ती गोधर के छोटू धाड़ी व राहुल पंडित सहित 25 अज्ञात के खिलाफ धनसार थाना में शिकायत की है. मदन का कहना है कि उसके घर के आगे गड्ढे में मलबा गिराकर भरा जा रहा है. वे रात को अपने साथी धनजीत राय, श्याया, राहुल सिंह के साथ थे. तभी मलबा गिराए जा रहे स्थान पर शोर शराबा सुनाई दी. जब वहां गए तो देखा कि मलबा गिरवा रहे मनोज सिंह से कुछ लोग बहस कर रहे हैं. पूछने पर उसने बताया कि काली बस्ती गोधर के छोटू धाड़ी और राहुल पंडित रंगदारी मांग रहे हैं. इतने में काली बस्ती से लाठी डंडा, हाकी व हथियार से लैस होकर लगभग 25 की संख्या में लोग पहुंचे. इसके बाद सभी की पिटाई करने लगे. मनोज भागकर उनके घर में घुस गया. जहां अपराधियों ने उनके घर पर भी पथराव करते हुए फायरिंग कर दी. धनसार पुलिस ने मदन की शिकायत पर कांड संख्या 35/24 धारा 307, 357, 387, 427, 507, 506 व 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है. छोटू धाड़ी कई मामले का वांछित है. उसके खिलाफ केंदुआ में 27 आर्म्स एक्ट के अलावा कई मामले दर्ज हैं.

#### गोपालीचक में गोलीबारी करने वाले खुलेआम घूम रहे



**खास बातें**

- फिर हुई पत्थरबाजी से दहशत में इलाके के लोग
- दरवाजे पर लगी गोली को पुलिस ने किया जब्त
- काली बस्ती के छोटू व राहुल को बनाया गया नामजद अभियुक्त

**धनबाद।** गोपालीचक आउट सोर्सिंग में दर्जनों राउंड गोलीबारी और बमबाजी करने वालों को पुलिस अब तक गिरफ्तार नहीं कर पाई है . मामले में तीन प्राथमिकी दर्ज हुई थी और पुलिस ने तीन दर्जन लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया था . इस मामले में सिर्फ एक सोनू यादव को हिरासत में लेने की बात पुलिस कह रही है .

#### बैंक से पीछा कर लूट की घटना को अंजाम दिया

**धनबाद।** धनबाद में लूट की वारदातों में इजाफा हुआ है . बीते एक सप्ताह के अंदर तीन वारदातें हुई है, ये सभी वारदातें बाइक सवार अपराधियों ने अंजाम दिया है . धनबाद थाना क्षेत्र के लुबी सर्कुलर रोड में दिनदहाड़े बाइक सवार युवती प्रीति कुमारी शिकार बनी थी . अपराधियों ने उससे दो लाख तीस हजार रुपया लूट लिए थे . वारदात में चार युवक शामिल थे . पुलिस को इस मामले में अबतक कोई सुराग नहीं मिल पाया . फिर कतरास थाना क्षेत्र के कानकोमठ पुल के पास जमुआटांड़ निवासी राजकुमार मंडल से बाइक सवार अपराधियों ने डेढ़ लाख रुपया छीन लिया था, राजकुमार भी बाइक सवार थे, बैंक से रकम लेकर राजकुमार घर लौट रहे थे . तीसरी



वारदात बुधवार को झरिया में हुई, जहां फिर बाइक सवार अपराधियों ने तीन लाख रुपया लूट लिए . तीनों वारदात में शिकार बनने वाले बैंक से रकम निकाल कर घर लौट रहे थे, ऐसे में ये साफ है कि बैंक से ही इनका पीछा किया जा रहा था .

---

### रैयतों का अनिश्चितकालीन धरना जारी, कांग्रेस का समर्थन

# ढुल्लू के खिलाफ रैयत दे रहे धरना

संवाददाता। धनबाद

बाघमारा विधायक के खिलाफ अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे रैयतों को कांग्रेस नेता अशोक लाला ने बुधवार को अपना समर्थन दिया . अशोक लाला ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि चिटाही धाम के 8 रैयतों के साथ बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो अत्याचार कर रहा है. विधायक रैयतों की जमीन को रामराज मंदिर के नाम पर कब्जा करने में लगा हैं. मंदिर के नाम पर दर्जनों रैयतों को आए दिन परेशान कर रहा है. रैयतों का रास्ता, पानी, बिजली तक बंद कर दिया है. इनकी दुकानों के आगे तिरपाल घेर दिया गया है. जिससे पीड़ित परिवारों के समक्ष रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है.



#### जमीन हड़पने का आरोप

बता दें कि बाघमारा विधायक के अत्याचार से परेशान चीटाही धाम के 8 रैयत मंगलवार से रणधीर बर्मा चौक पर अनिश्चित कालीन धरना शुरु कर दिया है . इससे पूर्व रैयतों ने बाघमारा विधायक के खिलाफ राज्य के मुख्यमंत्री, धनबाद उपायुक्त, एसएसपी और एसडीएम से लिखित शिकायत की थी .जिसमें रैयतों ने विधायक ढुल्लू महतो पर रामराज मंदिर के नाम पर रैयतों की जमीन हड़पने ,ग्रामीणों के साथ शोषण करने व अत्याचार का आरोप लगाते हुए 27 फरवरी तक न्याय दिलाने की मांग की थी .आवेदन पर कोई सुनवाई नहीं होने पर मंगलवार से रैयत अनिश्चित कालीन धरना शुरू कर दिया है .

### तोपचांची में लगा आयुष हेल्थ कैंप, मुफ्त में इलाज

**गोमो (धनबाद)।** आयुष धनबाद की ओर से गोमो सहित तोपचांची प्रखंड के तीन स्थानों पर बुधवार को शिविर लगाकर लोगों का मुफ्त इलाज किया गया. उन्हें जरूरी दवाएं भी मुफ्त दी गईं. शिविर में ज्यादातर मरीज हड्डी, नस, जोड़ों का दर्द, पेट दर्द की शिकायत लेकर पहुंचे थे. शिविर के प्रभारी डॉ. अमरेंद्र पाठक ने बताया कि प्रतिदिन विभिन्न प्रखंडों में कैंप लगाया जा रहा है. बुधवार को तोपचाची खरियो व गोमो में कैंप का आयोजन आयुर्वेद व होम्योपैथी पद्धति से मरीजों का इलाज कर दवा दी गई. यह दवा काफी कारगर है. इसका नियमित सेवन करने से कमर, जोड़ो का दर्द व नस से संबंधित बीमारियों में लाभ मिलता है. उन्होंने बताया कि गुरुवार को टुंडी प्रखंड में शिविर का आयोजन किया जाएगा.

# बाइक से जा रहे झामुमो नेता का हार्ट अटैक से निधन, शोक की लहर



संवाददाता। तेतुलामारी

बुधवार को बाइक से जा रहे चंदौर पहाड़ी निवासी झामुमो नेता अशोक निषाद की मौत हार्ट अटैक से हो गई .वे अपने आवास से बाइक से किसी काम से राजगंज की ओर जा रहे थे तभी अचानक उनके रास्ते में ही हार्ट अटैक आने से बाइक से गिर गए. जिसके बाद आनन फानन में आसपास के लोग ने उठाकर अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया.इधर घटना से पुरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई . हस्पताल से शव आवास पहुते ही भारी संख्या में लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई . खबर पाकर टंडी विधायक के पुत्र दिनेश महतो, मुखिया अशोक ठाकुर, मुखिया रिंकू महतो, झामुमो किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष शिवप्रसाद महतो, झामुमो महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष प्रेमा पाण्डेय सहित भारी संख्या में लोग उनके आवास पहुंच कर परिवार जनों को ढांढस बंधाया.

---

# कनेक्शन काटने व कानूनी कार्रवाई करने का निर्णय

संवाददाता। मैथन

एग्यारकुण्ड प्रखण्ड के दस पंचायत के ग्राम जल स्वच्छता समिति ने जलकर वसूली को लेकर कड़ा व अहम निर्णय लिया है. इस बाबत बुधवार को शिवलीबाड़ी मध्य पंचायत के पानी टंकी परिसर में दस पंचायत के जल सहियाओं ने बैठक कर बकायेदारों के खिलाफ कार्रवाई का निर्णय लिया है. निर्णय लिया गया कि सबसे पहले उन्हें तीन तीन नोटिस दी जायेगी. नोटिस के बाद भी बकाया जमा नहीं किया गया, तो उनका कनेक्शन काट दिया जायेगा. इसके बाद पेयजल का अवैध रूप से उपभोग करते पकड़े गये, तो उनके विरूद्ध कानूनी कार्रवाई की जायेगी. जल सहियाओं ने कहा कि हर पंचायत में तीन से दस लाख रूपये तक बकाया है. बकायेदारों में सक्षम उपभोक्ताओं के साथ साथ पंचायत



प्रतिनिधि भी शामिल हैं. सबसे पहले उनके विरूद्ध कार्रवाई होगी. बैठक में मुखिया के साथ जल सहियाओं का विवाद का मामला भी उठाया गया. सभी ने एक स्वर में कहा कि मुखिया द्वारा समिति का अध्यक्ष होने का गलत फायदा उठा उन्हें परेशान किया जाता है लेकिन अब ऐसा नहीं होगा. वे लोग एकजुट होकर इसका पुरजोर विरोध करेंगी. बैठक में सोनम कुमारी, रूमा सिन्हा, चाइना दास, आरती देवी, रजिया सुल्तान, गीता गोराई, रिंकू देवी, सविता राउत, ममता देवी आदि उपस्थित थीं.

### मोदी के नाम ज्ञापन सांसद को सौंपा गया

**धनबाद।** झरिया कोलफील्ड बचाओ समिति ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम का एक ज्ञापन धनबाद सांसद पीएन सिंह को सौंपा. समिति के अध्यक्ष राजीव शर्मा ने धनबाद की धरती पर प्रधानमंत्री का स्वागत करते हुए बताया कि भाजपा को धनबाद से हमेशा सबसे ज्यादा सीटें मिली है. जिले के लोगों ने दिल खोल कर अपना समर्थन दिया है. इसके बावजूद अब तक यहां एयरपोर्ट की मांग को पूरा नहीं किया गया है. राजीव शर्मा ने एयरपोर्ट की मांग करते हुए उसकी जरूरत को भी गिनाया . वहीं झरिया के विस्थापितों के लिए पुनर्वास नीति के तहत सभी को आवास देने की मांग की है. उन्होंने कहा कि जिले के करीब 3 विधानसभा के 10 लाख से अधिक की आबादी अग्नि एवं लगातार हो रहे भूधसान से प्रभावित है. नागरिक सुविधाओं के अभाव में भयावह पर्यावरण प्रदूषण का दंश झेल रहे हैं.

### रवि महतो स्मारक बीएड कॉलेज मे प्रमाण पत्र वितरण समारोह

# टॉपर्स 10 छात्र-छात्राओं को मोमेंटो और मेडल

संवाददाता। महुदा

रवि महतो स्मारक बीएड कॉलेज महुदा में बीएड सत्र- 21-23 के छात्र-छात्राओं का प्रमाण-पत्र वितरण सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुर्व मुखिया गजाधर महतो व समाजसेवी विशिष्ट अतिथि मधुसूदन महतो उपस्थित थे. मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि, व कॉलेज के प्राचार्य डॉ० राजेश कुमार यादव ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया. इस दौरान मानसी सिंह, अनुशा प्रिया, अमन कुमार द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया साथ ही श्रेया राय, आस्था रानी, मानसी सिंह, अमिसा, कोमल कुमारी द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया. कॉलेज टॉपर्स 10 छात्र-छात्राओं को मोमेन्टो एवं मेडल दिए गए.





#### शिक्षकों की जिम्मेदारी और बढ़ गई है

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार यादव ने अपने संबोधन में कहा कि आज शिक्षकों की जिम्मेदारी और बढ़ गई है . शिक्षक को सजक एवं सचेत रहकर देश की दिशा एवं दशा को बताना चाहिए और अपने कर्तव्य निर्वाहन में पूरी तन्मयता एवं अनुशासन के साथ कार्य करने की आवश्यकता है . कार्यक्रम का संचालन शिवम, सादिक कुरैशी, गुडिया एवं गुलाबसा ने किया . सभी का धन्यवाद ज्ञापन डॉ नवीन मंडल विभागाध्यक्ष डी0एल0एड0 ने किया . इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सजल बनर्जी, बिजय कु0 महतो, रविकान्त पाण्डेय, त्रिलोकीनाथ बिन्द, शशि शेखर, डॉ0 मंजु कुमारी, पुष्पा कुमारी, सबिता कुमारी, लालमनी महतो, मोहन लाल महतो आदि का सहयोग रहा .

### धनबाद के साथ सौतेला व्यवहार : संतोष सिंह

**धनबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के धनबाद आगमन से पहले कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने पीएम पर हमला बोलते हुए आरोप लगाए हैं कि पीएम ने धनबाद के साथ सौतेला व्यवहार किया है . कांग्रेस के हाउसिंग कॉलोनी स्थित जिला कार्यालय में प्रेस वार्ता बुलाकर संतोष सिंह ने कई आरोप लगाए . जिलाध्यक्ष ने कहा कि एफसीआई को भाजपा की सरकार ने षड्यंत्र के तहत बन्द कर दूसरी कंपनी को देकर हर्ल की शुरुआत कर वाहवाही लूटने में लगी है . धनबाद से एयरपोर्ट की मांग लगातार की जा रही है, लेकिन पीएम द्वारा इसे पूरा नहीं किया गया है. वहीं संतोष ने कहा कि धनबाद रेल मंडल पूरे देश में सबसे ज्यादा कमाई वाला रेल मंडल है, इसके बावजूद यहां से दिल्ली, बैंगलोर जैसे बड़े स्टेशनों के लिए सीधी ट्रेन नहीं हैं. भाजपा की डबल इंजन सरकार में भी वर्षों पुरानी फ्लाई ओवर की मांग को पूरा नहीं किया जा सका है.

---

**ट्रेन का हाल** धनबाद रेल मंडल से होकर गुजरती हैं 209 ट्रेनें

# गंगा-दामोदर विलंब से आने लगी धनबाद

संवाददाता। धनबाद

झारखंड-बिहार को जोड़नेवाली यात्रियों की सबसे पसंदीदा ट्रेन धनबाद से पटना के बीच चलनेवाली गंगा-दामोदर पटना से दुमका जाते ही वापसी में धनबाद विलंब से आने लगी है. यात्री कहते हैं कि यह ट्रेन कई वर्षों से धनबाद से पटना के बीच राइट टाइम चल रही थी. चाहे धनबाद से पटना जाने के समय हो या फिर पटना से धनबाद आने के समय हो, दोनों ओर से 365 दिन राइट टाइम चलती रही है. इस ट्रेन के राइट टाइम चलने से भारतीय रेलवे की ओर से नंबर वन का खिताब जीत चुकी है. सर्वश्रेष्ठ का खिताब हासिल



**खास बातें**

- यह ट्रेन धनबाद -पटना के बीच समय पर चल रही थी
- रेलवे की वजह से ही लग रहा है लेटलतीफी का धब्बा

करनेवाली ट्रेन को लेटलतीफी का धब्बा अब रेलवे ही लगा रहा है. ट्रेनों व मालगाड़ियों को समय पर चलाने के लिए अधिकारियों की ओर से हर सोमवार को मंडल व मुख्यालय स्तर पर मीटिंग होती है. जिसमें यह लेखाजोखा तय होता है कि कौन सी ट्रेन व मालगाड़ी समय का पालन किया है. विलंब से चलनेवाली जम्मूतवी तो समय पर चलनेवाली ट्रेन गंगा-दामोदर रही है. रेलवे के अधिकारी कहते हैं कि गंगा-दामोदर एक्सप्रेस 24 जनवरी 2024 से धनबाद से पटना की बजाय धनबाद-पटना-दुमका के बीच चलायी जाने लगी.

#### खुलती है राइट टाइम, वापस आने में हो जाती है लेट

रेलवे के अधिकारी कहते हैं कि गंगा-दामोदर एक्सप्रेस धनबाद से राइट टाइम यानी रात 23 : 20 बजे खुलती है और पटना सुबह 05 :15 बजे पहुंचती है . समय सारणी के हिसाब से सुबह 06 :40 बजे पटना से खुलकर दुमका 13 :30 बजे पहुंचने और वापसी में दुमका से 14 :05 बजे खुलकर रात में 21 :45 बजे पटना पहुंचना है, लेकिन ट्रेन अप-डाउन में पटना से दुमका और दुमका से पटना के बीच समय का पालन नहीं कर पा रही है . रोजाना दुमका विलंब से पहुंच रही है और वहां से विलंब से खुल भी रही है . पटना से दुमका के बीच ट्रेन 13 स्टेशनों पर रूकती है और ठहराव के बाद खुलती है . इन स्टेशनों के बीच समय का पालन नहीं हो पा रही है . इस संबंध में सांसद पीएन सिंह, मंडल व जोनल उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य भी डीआरएम व हाजीपुर के जीएम को ज्ञापन देकर कहा है कि ट्रेन को दुमका तक चलाने से यात्रियों को परेशानी हो रही है . दुमका की बजाय पटना तक ही चलायी जाए या फिर समय का पालन करायी जाए . ताकि यात्रियों की परेशानी दूर हो सके .

# अपराध पर नकेल कसी जाएगी : थाना प्रभारी

संवाददाता। महुदा

महुदा थाना परिसर मे बुधवार को शान्ति समिति की एक बैठक की गयी. इस अवसर पर नव पदस्थापित थाना प्रभारी धीरज कुमार ने उपस्थित सभी सदस्यों से परिचय प्राप्त किया, साथ ही क्षेत्र के बारे में जानकारी ली. अपने संबोधन में थाना प्रभारी ने कहा कि अपराध व अपराधियों पर नकेल कसी जाएगी. साथ ही जनता के सहयोग से इलाके में शांति व्यवस्था बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है.मौके पर महुदा अंचल के पुलिस निरीक्षक अलयूनिस इन्दवार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष धनेश्वर महतो, मण्डल अध्यक्ष शैखर सिंह, मुखिया महेश कुमार पटवारी, सुर्यकान्त महतो, पूर्व मुखिया परमेश्वर रवानी, जिप सदस्य प्रतिनिधि गणेश महतो,



**खास बातें**

- लोगों से परिचय प्राप्त कर क्षेत्र के बारे में जानकारी ली
- क्षेत्र में शांति व्यवस्था प्राथमिकता होगी

पूर्व जिप सदस्य अब्दुल जब्बार अन्सारी, पंसस सुभाष चन्द्र महतो, दिलीप महतो, आलम शैख, खालिद शैख, कमल महतो, सिमंत महतो, पो. भरत महतो,सन्तोष महतो, चक्रधारी महतो, भुवनेश्वर गोप, अख्तर हुसैन अंसारी, अलिहुसेन साह, लाल मोहम्मद अंसारी, करामत अंसारी , संजय कुमार दास, तुलसी दास, जलाल अन्सारी, विक्की सिंह, एनुल अंसारी, कैलाश रवानी, अब्दुल समद अंसारी, एसआई दामोदर प्रसाद यादव उपस्थित थे.

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



www.lagatar.in | गुरुवार 29 फरवरी 2024 ● फाल्गुन कृष्ण पक्ष 05 , संवत 2080 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~8~~ ● वर्ष : 1, अंक : 312 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

### रेलवे के टिकट बुकिंग क्लर्क 100, 200 और 500 रुपये के नोट देनेवाले यात्रियों को खुदरा नहीं दे रहे थे, विजिलेंस टीम को हुआ संदेह

# धनबाद स्टेशन के बुकिंग काउंटर पर विजिलेंस का छापा, टिकट बिक्री से अधिक मिले रुपये

**संवाददाता । धनबाद**

धनबाद रेलवे स्टेशन के बुकिंग काउंटर में पांच सदस्यीय विजिलेंस टीम ने सुबह में छापेमारी कर टिकट बिक्री में गड़बड़ी का खुलासा किया है. पांच काउंटर पर टिकट बिक्री की गणना किए जाने पर अधिक रकम प्राप्त हुई.

रेलवे सूत्रों के अनुसार धनबाद से खुलने व यहां से गुजरने वाली सुबह पांच से नौ बजे के बीच दो दर्जन से अधिक एक्सप्रेस व पैसेंजर ट्रेनें हैं, जिसके कारण सुबह पांच बजे से यात्रियों की काफी भीड़ रहती है. विजिलेंस विभाग की टीम मंगलवार रात में होटल में आकर ठहर चुकी थी. सुबह होते ही टिकट घर पहुंची और किनारे के दरवाजे से एक के बाद एक पांच सदस्यीय टीम पहुंच गई. यात्रियों की भीड़ काफी अधिक थी. हर काउंटर पर यात्री ट्रेन छूटने व जल्दी टिकट देने की बात कहकर हंगामा कर रहे थे. सारा नजारा विजिलेंस की टीम देख रही थी. 100, 200 व 500 रुपये देने वाले यात्रियों को 10 से 20 रुपये खुदरा देने में बुकिंग क्लर्क आनाकानी कर रहे थे.

क्लर्क का कहना था कि खुदरा नहीं है. जबकि यात्री ट्रेन छूट जाने का दबाव बना रहे थे. बुकिंग क्लर्क किसी को खुदरा पैसा वापस कर रहे थे, तो अधिकतर को यह कहकर नहीं दे रहे थे कि अभी नहीं है, थोड़ी देर बाद आइएगा. इसमें कई लोगों को टीम देख रही थी कि यात्री बगैर खुदरा लिए वापस ट्रेन पकड़ने के लिए प्लेटफॉर्म की ओर दौड़ जा रहे थे. जबकि बुकिंग क्लर्क के दराज में खुदरा था. जिसे देख टीम को गुस्सा आ गया और बारी-बारी से सभी काउंटरों की टिकट बिक्री की जांच शुरू कर दी. पांच काउंटरों से 4180 रुपये अधिक मिले. टिकट बिक्री व अधिक रकम की सूची तैयार कर टीम चली गई. विजिलेंस टीम टिकट बिक्री की गड़बड़ी की पूरी रिपोर्ट हाजीपुर मुख्यालय और रेलवे बोर्ड के चेयरमैन से करेगी.

**पांच काउंटर से मिले 4180 रुपये अधिक**
**जीएम व चेयरमैन को टीम सौंपेगी रिपोर्ट**



## पार्सल कार्यालय में 53 और टिकट घर में 16 बार पड़ चुका है छापा

धनबाद स्टेशन के पार्सल कार्यालय में एक साल में 2023 में पार्सल कार्यालय में विजिलेंस टीम का 53 बार छापा पड़ चुका है. एक साल में रेलवे को करोड़ों के राजस्व का नुकसान हुआ है. वहीं दूसरी ओर टिकट बिक्री में भी गड़बड़ी करने में रेलवेकर्मी पीछे नहीं है. वर्ष 2023 और 2024 में फरवरी तक विजिलेंस टीम 14 महीने में 16 बार छापामारी कर चुकी है. यहां भी पार्सल कार्यालय की तरह हर बार गड़बड़ी मिली है. सूत्रों के अनुसार विजिलेंस टीम की छापामारी से अधिकारियों व रेलकर्मियों को कोई फर्क नहीं पड़ता है. बुकिंग क्लर्क से लेकर लीज होल्डर, पार्सल बाबू और रेलवे के कुछ पदाधिकारियों की मिलीभगत से रोजाना गड़बड़ी हो रही है.

### कल धनबाद में प्रधानमंत्री की जनसभा : वायुसेना के चॉपर ने किया रिहर्सल

# शहर के चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा

- एसपीजी के निर्देश पर सैकड़ों पुलिस जवानों की तैनाती
- सुरक्षा के रहेंगे कड़े इंतजाम, कई जिलों से मंगवाए गए जवान

**संवाददाता। धनबाद**

धनबाद में एक मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा को लेकर लेकर बुधवार को भी प्रशासनिक अधिकारियों ने सारी तैयारियों का जायजा लिया. ग्रामीण एसपी, एसडीएम समेत कई पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और तैयारियों का जायजा लिया. प्रशासनिक पदाधिकारियों ने सभा स्थल के लिए आवश्यक निर्देश दिए. वहां एसपीजी की टीम भी तैनात है. एसपीजी के कई पदाधिकारी तैयारियों में जुटे रहे. एसपीजी के निर्देश पर जिला पुलिस काम कर रही है. पीएम के सभा स्थल के आसपास एसपीजी के दिशानिर्देशों के अनुसार पुलिस बलों की तैनाती की जा रही है. आसपास के इलाके की ऊंचे भवनों व मकानों का भी एसपीजी टीम ने निरीक्षण किया है. जरूरत के अनुसार वहां भी पुलिस बल की तैनाती की गयी है. बरवाअड्डा के सभा स्थल पर बुधवार की दोपहर वायुसेना के चॉपर ने लैंडिंग की रिहर्सल की.

बताया जा रहा है कि पीएम मोदी इसी हेलीकॉप्टर से सिंदरी से हर्ल कारखाना का उद्घाटन करने के बाद धनबाद पहुंचेंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे. पीएम मोदी के इस हेलीकॉप्टर के अलावा दो अन्य चॉपर भी रहेंगे.रिहर्सल कर दोनों कार्यक्रम स्थल की दूरी और वक्त का आकलन किया गया. मंगलवार को झारखंड के डीजीपी ने भी धनबाद का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया था. एसपीजी कार्यक्रम स्थल से संबंधित क्षेत्र के चप्पे-चप्पे पर पुलिस बलों की तैनाती कर रहा है, ताकि पीएम के कार्यक्रम के दौरान पूरी व्यवस्था चाक-चौबंद हो और परिंदा भी बिना इजाजत पर न मार सके.



**सुरक्षा का जायजा:** पीएम के आगमन की तैयारी का जायजा लेते सांसद पीएन सिंह, मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल व अधिकारीगण.



पीएम ड्यूटी में लगने वाले पुलिस जवान.



लैंडिंग की रिहर्सल करता वायुसेना का चॉपर.



डीआईजी सुरेंद्र झा व आईजी माइकल राज.

### कई जिलों से मंगवाया गया पुलिस बल

धनबाद में कई जिलों से पुलिस बलों को बुलवाया गया है. जिले से जो लोग भी प्रशिक्षण आदि के लिए बाहर थे, उनको भी बुलाकर तैनात कर दिया गया है. धनबाद के अलावा बोकारो, गिरिडीह, देवघर आदि से पुलिस के जवान बुलाये गये हैं. पुलिस लाइन धनबाद में बुधवार की दोपहर सभी को बुलाया गया था. यहां से सभी को उनकी तैनाती की जानकारी दी गई. सभी पुलिसकर्मियों को बता दिया गया है कि उन्हें कार्यक्रम से पूर्व ही ड्यूटी पर तैनात हो जाना है. किसी प्रकार की गड़बड़ी होने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी.

### ऐसी रहेगी धनबाद की यातायात व्यवस्था

- धनबाद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे के मद्देनजर प्रशासन ने यातायात व्यवस्था को लेकर रूट चार्ट तैयार किया है. कई सड़कों को बंद किया गया है.
- मेमको मोड़ से निरंकारी चौक तक वाहनों की इंट्री सुबह से ही बंद रहेगी.
- धनबाद बस स्टैंड से होकर चलने वाली रांची, बोकारो और जमशेदपुर की बसें बारामुड़ी से खुलेंगी
- तीनों जगहों से खुलनेवाली बसें भी बारामुड़ी तक ही आएंगी यात्रियों को वहीं पर चढ़ना और उतरना होगा.
- बारामुड़ी में अस्थायी पड़ाव बनाया जा रहा है, ताकि यहां से यातायात व्यवस्था सुचारु चल जा सके.
- बोकारो से धनबाद के लिए खुलनेवाली बसें भी बारामुड़ी आकर रुकेंगी.
- बरवाअड्डा से शहर में प्रवेश के लिए बसों को निरंकारी चौक, विनोद बिहारी चौक, पॉलिटेक्निक रोड होते हुए आना पड़ेगा.
- साथ ही पीएम की सभा में पहुंचने वाले वाहनों के लिए आधा दर्जन बस पड़ाव बनाए गए हैं. किसान चौक, कुर्मीडीह मोड़, मेमको मोड़ आदि स्थानों पर बसें खड़ी की जाएंगी.

### सांसद ने कहा-आंगतुकों को नहीं हो परेशानी

धनबाद सांसद पीएन सिंह, पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, विधायक राज सिन्हा भी बुधवार को बरवाअड्डा पीएम के सभा स्थल पहुंचे थे. सांसद पीएन सिंह ने ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी से यातायात रूट को लेकर चर्चा की. कहा कि इस बात का पूरा ख्याल रखा जाए कि प्रधानमंत्री को सुनने आ रहे लोगों को किसी तरह की कोई परेशानी न हो. ग्रामीण व आदिवासी क्षेत्रों से भी काफी लोग पीएम को सुनने और देखने के लिए आ रहे हैं, इस कारण यातायात सुविधाओं का ख्याल रखा जाए. वाहन पड़ाव और सुरक्षा के लिए भी कड़े इंतजाम होने चाहिए.

### बाइक सवार अपराधियों ने दुखहरिणी मंदिर के पास दिया वारदात को अंजाम

# झरिया में दिनदहाड़े 3 लाख की लूट शादी के लिए बैंक से निकाले थे पैसे

- रिटायर्ड बीसीसीएल कर्मी अपनी पुत्री के साथ रकम लेकर जा रहे थे घर

1 बैंक ऑफ इंडिया से निकाली थी रकम

2 बैंक के सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

**संवाददाता। झरिया**

झरिया थाना क्षेत्र के कतरास मोड़ दुखहरणी मंदिर के समीप बुधवार को शादी के लिए बैंक से पैसे निकाल घर जा रहे पिता-पुत्री से पल्सर पर सवार दो अपराधियों ने झपट्टा मार कर तीन लाख रुपये लूट लिया. घटना को अंजाम देने के बाद दोनों बाइक सवार धनबाद की ओर भाग खड़े हुए. भुक्तभोगी प्रियंका अपने पिता कृष्णा चौधरी के साथ बाटा मोड़ स्थित बैंक आफ इंडिया से पैसे की निकासी कर अपने घर पुराना आरएसपी कॉलेज स्थित कामिनी कल्याणी कॉलोनी टेंपो से आ रही थी. तभी अपराधियों ने वारदात को अंजाम दिया. सूचना मिलते ही झरिया थाना इंस्पेक्टर शशिरंजन कुमार दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे. पुलिस ने पिता कृष्णा चौधरी को लेकर बैंक ऑफ इंडिया झरिया गए, जहां अपराधियों की पहचान के लिए बैंक में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला. प्रियंका ने बताया कि उसकी बहन पूजा कुमारी की शादी 11 मार्च को होनी है, इसलिए शादी में व्यवस्था के लिए अपने पिता कृष्णा चौधरी के साथ बैंक गई थी. घर जाने के लिए दुखहरणी मंदिर के समीप टेम्पो से उतरकर अपने पर्स से पैसा देने लगी. तभी पहले से घात लगाए बाइक सवार पैसे का थैला झपटकर धनबाद की ओर फरार हो गए.



### अपराधी हेलमेट पहने हुए था

प्रियंका का कहना है कि बाइक चला रहा अपराधी हेलमेट पहने हुए था, जबकि दूसरा व्यक्ति जो बाइक पर पीछे बैठा था व रूमाल से मुंह बांधे हुए था. दोनों युवक 25 से 27 उम्र के लग रहे थे. हालांकि पिता-पुत्री दोनों बाइक का नंबर नहीं देख सके. कृष्णा चौधरी बीसीसीएल के विक्ट्री कोलियरी में कार्यरत थे. डेढ़ साल पूर्व ही सेवानिवृत्त हुए थे. कृष्णा चौधरी को पांच पुत्री व एक पुत्र है. तीन पुत्री की शादी हो चुकी है. वहीं चौथी बेटी पूजा की शादी की तैयारी हो रही थी. इस घटना के बाद पूरा परिवार चिंतित है.

### अपराधियों की शिनाख्त में जुटी पुलिस

पुलिस अपराधियों की पहचान करने मे तत्परता से जुट गई है. पुलिस बाटा मोड़ झरिया स्थित बैंक आफ इंडिया के फुटेज खंगाल रही है. पुलिस इस बात की जानकारी लेने में जुटी है कि आखिरकार पिता-पुत्री दोनों मोटी रकम निकालने बैंक गये थे. इस बात की भनक अपराधियों को कैसे लगी. बैंक से ही इन लोगों का अपराधी पीछा तो नहीं कर रहे थे. मालूम हो कि हाल के दिनों में शादी की रकम की लूट की घटनाएं काफी ज्यादा हो रही हैं. एक हफ्ते में ये लगातार तीसरी घटना है.

## टकलू हत्याकांड : मुख्य शूटर समेत दो गिरफ्तार

**जमशेदपुर ।** जमशेदपुर के सीतारामडेरा थाना अंतर्गत चौधरी होटल के पास बीते एक फरवरी को टकलू लोहार की हत्या कर दी गई थी. इस मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है. पुलिस ने मुख्य शूटर सौरभ यादव उर्फ साहिल यादव उर्फ गोलू और साजिशकर्ता रघुनाथ मन्ना उर्फ रघु मन्ना को गिरफ्तार किया है. आरोपियों की निशानदेही में पुलिस ने घटना में प्रयुक्त देसी कट्टा और एक कारतूस बरामद किया है. पुलिस ने साहिल की गिरफ्तारी दिल्ली से की है. इस मामले में मुख्य साजिशकर्ता माशूक मनीष और शूटर कांडी अब तक फरार चल रहा है. पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है.

## करोड़ों के जीएसटी घोटाला का आरोपी कोलकाता से गिरफ्तार

**संवाददाता। जमशेदपुर**

जमशेदपुर जीएसटी इंटेलिजेंस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है. टीम ने करोड़ों के जीएसटी घोटाले में कोलकाता में छापेमारी कर शिव कुमार देवड़ा को गिरफ्तार किया है. जीएसटी इंटेलिजेंस को कई महीनों से शिव कुमार की तलाश थी. शिव की गिरफ्तारी के लिए जमशेदपुर जीएसटी इंटेलिजेंस को टीम बीते तीन दिनों से कोलकाता में डेरा डाले हुई थी. कोलकाता के जिस फ्लैट से उसकी गिरफ्तारी हुई उसकी कीमत चार करोड़ रुपये आंकी गई है, टीम शिव को लेकर जमशेदपुर पहुंची, जहां बुधवार को उसे एमजीएम अस्पताल में मेडिकल कराने के बाद जेल भेज दिया गया.

**जमशेदपुर में 130 करोड़ का जीएसटी घोटाला :** मिली जानकारी के अनुसार बीते दिनों पुलिस ने जीएसटी घोटाले में ही जुगसलाई निवासी विक्की भालोटिया को गिरफ्तार किया था. इसी मामले में शिव कुमार का नाम सामने आया था. सिर्फ जमशेदपुर में ही शिव ने 130 करोड़ का जीएसटी घोटाला किया है. इसके अलावा जांच में यह आंकड़ा 500 करोड़ के पार जा सकता है. शिव कुमार 20 से ज्यादा फर्जी कंपनी बनाकर फर्जी तरीके से ट्रांजैक्शन करता था. जांच में 780 करोड़ का बोगस ट्रांजेक्शन सामने आया है जो 2000 करोड़ तक जा सकता है.

## टीपीसी उग्रवादी जेठा गंझू गिरफ्तार, हथियार बरामद

**चतरा ।** पुलिस जवानों पर गोलीबारी करने वाला टीपीसी उग्रवादी जेठा गंझू गिरफ्तार हो गया है. उसके पास से दो ऑटोमेटिक हथियार के साथ भारी मात्रा में कारतूस व अन्य नक्सली साहित्य बरामद हुए हैं. एसपी राकेश रंजन के निर्देश पर पुलिस की टीम ने यह कार्रवाई की है. जेठा गंझू वशिष्ठनगर जोरी थाना क्षेत्र के नारायणतरी इलाके में हुई पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में शामिल था. जेठा गंझू एरिया कमांडर सहेंद्र गंझू के दस्ते का मारक सदस्य है.

**जेठा ने ही पुलिस जवानों पर की थी गोलीबारी :** गिरफ्तार उग्रवादी जेठा ने ही अफीम विनष्टीकरण अभियान से लौट रहे पुलिस पार्टी को परिलक्षित कर गोली चलायी थी. इस घटना में सदर थाना के जवान सिकंदर सिंह व जोरी थाना के जवान सुकन राम शहीद हुए थे. जबकि आरक्षी आकाश सिंह गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गये थे.

**आत्मनिर्भर भारत** | पीएम मोदी शुक्रवार को सिंदरी स्थित हर्ल कारखाने का करेंगे उद्घाटन

# सिंदरी हर्ल में होगा सल्फर कोटेड यूरिया का उत्पादन

- देश के आधा दर्जन राज्यों में सिंदरी हर्ल से यूरिया की सप्लाई

**संवाददाता। धनबाद**

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को सिंदरी स्थित हिंदुस्तान उर्वरक और रसायन लिमिटेड यानी हर्ल कारखाने का उद्घाटन करेंगे, इसकी तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है. बुधवार को हर्ल के निदेशक एसपी मोहंती ने कंपनी के प्रशासनिक हॉल में पत्रकारों से बातचीत की. इस दौरान उन्होंने कारखाने के उत्पादन से जुड़ी जानकारी दी. निदेशक ने कहा कि बड़े हर्ष की बात है कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 मई 2018 को जिस कारखाने का शिलान्यास किया था, उसी कारखाने का वह एक मार्च को उद्घाटन करने यहां आ रहे हैं. इसकी तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है. बताया कि सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से भी एसपीजी के दिशा निर्देशों पर तैयारियां समापन की ओर है.




उन्होंने हर्ल द्वारा की जा रही प्रोडक्शन के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि इस फरवरी माह में कारखाने से कुल 7 लाख मीट्रिक टन अमोनिया और 11.91 लाख मीट्रिक टन यूरिया का उत्पादन किया गया है. भविष्य में यह उत्पादन और बढ़ने की उम्मीद है. हर्ल के उत्पाद अभी झारखंड के साथ-साथ बिहार,पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ भेजा जा रहा है. आने वाले महीनों में इस फैक्ट्री से सल्फर कोटेड यूरिया, यानि जिसे गोल्ड यूरिया भी कहा जाता है, उसका भी उत्पादन किया जाएगा.

### हर्ल से उत्पादित यूरिया की क्वालिटी काफी बेहतर है

यह भी जानकारी दी गई कि यहां से उत्पादित यूरिया की क्वालिटी काफी बेहतर है, इससे किसानों को खेतों में यूरिया छिड़काव करने में काफी आसानी होगी. भारतवर्ष 2025 तक यूरिया के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने जा रहा है. उन्होंने बताया कि देश में यूरिया की कमी को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री के निर्देश पर देश में पांच कारखाने खोले गए हैं, जिसमें गोरखपुर, बरौनी, सिंदरी, रामाकुंडा और तालचर शामिल है. इन कारखानों से देश को करीब 65 लाख टन यूरिया मिलने लगेगा. सिंदरी में हर्ल के खुलने से आसपास के लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार भी मिलेगा. आने वाले सालों में सीएसआर फंड के जरिए आसपास के क्षेत्र को और विकसित किया जाएगा.

## नौकरी दिलाने के नाम पर छह मजदूरों से 3.92 लाख की ठगी




**संवाददाता। गुमला**

दुबई में नौकरी दिलाने के नाम पर आधा दर्जन मजदूरों से 3.92 लाख रुपये की ठगी का एक मामला प्रकाश में आया है. ठगी के शिकार मजदूरों ने बुधवार को मजदूर नेता जुमन खान से मुलाकात की और पुगू करमडीपा निवासी चंपा टोप्पो के खिलाफ शिकायत किया है, जिसमें शिकायत कर्ता का कहना है कि चंपा टोप्पो ने विदेश दुबई में नौकरी दिलाने के नाम पर गंगा मुंडा जाना डुमरडीह से 80 हजार, रमेश कुजूर छोटा लोरो से 80 हजार, पंचु उरांव नवाडीह से 80 हजार, मंगलेशवर उरांव नवाडीह से 32 हजार, सुखदेव उरांव नवाडीह से 60 हजार और बंसत लकड़ा कांसीटोली से 60 हजार रुपये ठगी की. मजदूर नेता ने आरोपी चंपा से उसके मोबाइल पर बात की तो उसने अपना दोष स्वीकार करते हुए सभी व्यक्ति का राशि जल्द वापस करने की बात कही. उन्होंने कहा कि समय पर पैसा वापस नहीं करने पर पूरे मामले को एसपी के समक्ष रखा जाएगा.

शहर की कई एकड़ जमीन भू-माफियाओं के कब्जे में, धीरे-धीरे छोटी पड़ती जा रही है सरकारी जमीन

# शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण इलाके तक मची हुई है जमीन की लूट

शुभम संदेश पड़ताल

प्रमोद उपाध्याय। हजारीबाग

जिले में इन दोनों शहर से लेकर ग्रामीण इलाके तक जमीन हड़पने की होड़ मची हुई है. कोई वन की जमीन लूट रहा है, तो कोई खास महाल की जमीन पर अपना कब्जा बता रहा है. अब तो गरीब परिवार को जमीन से बेदखल करने के मामले भी सामने आ रहे हैं. यही कारण है कि वर्तमान में शहर की कई एकड़ जमीन भू-माफियाओं के कब्जे में है.



अब ये माफिया अब सरकारी बिल्डिंग को भी अपना बताने से परहेज नहीं रहे हैं. पहले खुद को गरीब बता कर वहां कुछ दिनों के लिए रहने की बात कहते हैं और बाद में उस बिल्डिंग के आसपास बाउंड्री कर अपना निजी मकान बना लेते हैं. ऐसे में शहर की सरकारी जमीन धीरे-धीरे छोटी पड़ती जा रही है. इस खेल में कई कथित अधिकारी की संलिप्तता की बात बीच-बीच में सामने आती रहती है. हालांकि भू-माफियाओं के

जिम्मेदार जागें

- वन भूमि से लेकर खास महाल की जमीन पर कब्जा
- फर्जी दस्वावेज के आधार पर जमीन पर ठोंक रहे दावा

कब्जे से जिला प्रशासन कुछ जमीन छुड़ा चुकी है, लेकिन आज भी कई एकड़ जमीन भू-माफियाओं के कब्जे में है. ग्रामीण क्षेत्र में भी सरकारी और वन विभाग की जमीन का फर्जी दस्तावेज बनाकर उसे अपनी जमीन बताया जा रहा है. इन भू-माफियाओं को न तो सरकार का कोई डर है और ना ही प्रशासन का कोई भय.

**केस - 1** दीपूगढ़ा स्थित सरकारी जमीन खाता नंबर 93, प्लॉट 83, कुल रकबा 9 एकड़ पर भू-माफिया द्वारा कब्जा कर चहारदीवारी कर दी गई थी. अब हाईकोर्ट के आदेश पर जिला प्रशासन ने इस जमीन को अतिक्रमणमुक्त करवा लिया है.

**केस - 2** वर्ष 2017 में राजा बांग्ला की 4.85 एकड़ जमीन पर सरकार द्वारा नए निर्माण करने एवं बने हुए मकान पर कोई निर्माण कार्य करने पर रोक लगाई गई थी. इससे संबंधित बोर्ड भी लगाया था. लेकिन भू-माफिया ने बोर्ड उखाड़ कर फेंक दिया.

**केस - 3** इचाक प्रखंड के नेशनल पार्क की कई एकड़ जमीन पर भू-माफियाओं की बुरी नजर पड़ गई. इनलोगों ने वन विभाग की इस जमीन का फर्जी कागजात बनवा कर उस पर कब्जा कर लिया. अब उसपर खेती कार्य किया जा रहा है.

**केस - 4** टाटीझरिया के होलग निवासी लखन महतो और पत्नी पनवा देवी दोनों दिव्यांग हैं. यहां इनकी तीन कट्ठा जमीन थी, जिस पर एक दबंग व्यक्ति ने कब्जा कर लिया है. इसे लेकर महिला (जमीन मालिक) द्वारा थाने में आवेदन भी दिया गया है.

**केस - 5** हजारीबाग सर्किट हाउस के पास लगभग 4 एकड़ जमीन खाली वर्षों से पड़ी हुई थी. उस जमीन की प्रकृति खास महाल की थी. अब कोलकाता से कुछ लोग पहुंचे और खुद को सरकार की आदमी बताते हुए जमीन पर कब्जा शुरू कर दिया.

**केस - 6** एसपी कोठी के पीछे कई एकड़ जमीन पर वर्षों पहले बच्चों के लिए अस्पताल बनाया जा रहा था. लेकिन उस बिल्डिंग पर बनी बिल्डिंग में आज तक अस्पताल नहीं खुला. अब वहां के ही एक अधिकारी ने बिल्डिंग को किराया पर लगवा दिया.

# परिवहन मंत्री से की गई यात्री किराया तय करने की मांग

संवाददाता। हजारीबाग

रखी मांग

- ग्राहक पंचायत ने क्षेत्रीय सौंपा परिवहन सचिव को मांग पत्र
- राज्य में 15 साल से नहीं हुआ है यात्री किराया का निर्धारण

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, हजारीबाग ने राज्य के परिवहन मंत्री को ज्ञापन सौंप कर 15 वर्षों से लंबित यात्री किराया तय करने की मांग की है. क्षेत्रीय वाहन प्राधिकर सचिव संतोष कुमार गर्ग, उतरी छोटानागपुर प्रमंडल के माध्यम से मंत्री को पत्र भेजा गया है. मांग पत्र में बताया गया है कि राज्य भर में चलने वाली सवारी बसों में डीजल सहित कई अन्य विषयों को लेकर यात्रियों से लूट की जा रही है.

इस लूट से बचाने के लिए झारखंड सरकार पहल करे. ज्ञात हो की पिछले 15 सालों में भी झारखंड में यात्री बसों का किराया तय नहीं किया जा सका है. जबकि पड़ोसी राज्य बिहार, छतीसगढ़ और ओडिसा में प्रत्येक पांच साल में किराया तय किया जाता है. राज्य में अंतिम बार वर्ष 2008 में अर्जुन मुंडा सरकार ने किराया निर्धारित किया था. उस समय नन एसी बसों के लिए 45 पैसा तथा एसी बसों के लिए 60 पैसा प्रति किलोमीटर किराया तय किया गया था. ज्ञापन सौंपनेवालों में संतोष कुमार यादव, अधिवक्ता संजय रविदास, रविकांत पांडेय, संतोष कुमार आदि शामिल थे.

## ब्रीफ खबरें

### शिक्षकों की पदोन्नति के लिए स्क्रीनिंग आज से

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय प्रशासन ने शिक्षकों की पदोन्नति के लिए स्क्रीनिंग की रुकी हुई प्रक्रिया को 29 फरवरी से प्रारंभ करने का निर्णय लिया है. विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मो. मोख्तार आलम ने शिक्षकों के जबरदस्त विरोध की जानकारी बुधवार देर शाम कुलपति सह उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल की आयुक्त सुमन कैथरीन किपोट्टा को दी थी. इस पर कुलपति ने तत्काल स्थिति को स्पष्ट करते हुए इस बात की पुष्टि की कि विश्वविद्यालय के कार्यों के लिए वह जरूर समय निकलेगी. उन्होंने 29 फरवरी से स्क्रीनिंग प्रारंभ करने का आदेश दिया है. इससे पदोन्नति के लिए प्रतिक्षारत शिक्षकों में हर्ष व्याप्त है.

### पोक्सो एक्ट को लेकर बच्चों को किया जागरूक

**रामगढ़।** उपायुक्त चंदन कुमार द्वारा जिला अंतर्गत सरकारी विद्यालयों में बच्चों व शिक्षकों आदि के बीच पॉक्सो एक्ट से संबंधित जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है. इस आलोक में बुधवार को केंद्रीय विद्यालय बरकाकाना में बच्चों को पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह, जेजे एक्ट, बाल संरक्षण सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई. इस दौरान बच्चों द्वारा पूछे गए सवालों का भी जवाब दिया गया. वहीं विद्यालयों के शिक्षकों के लिए अलग से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित गया. कार्यक्रम के दौरान जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी शांति बागे, बाल कल्याण समिति के सदस्य, विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षक सहित छात्र-छात्राएं मौजूद थे.

### कोयला लदा ट्रक जब्त मालिक-चालक पर केस

**टाटीझरिया।** वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर टाटीझरिया थाना क्षेत्र में गश्ती के दौरान अवैध कोयला लदे एक ट्रक (जेएच 02 एके 2363) को पकड़ा गया. इस मामले में ट्रक मालिक और चालक पर मामला दर्ज किया गया है. पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, बेड़म-टाटीझरिया सड़क से ट्रक निकल कर एनएच 522 पर आया ही था कि गश्ती में तैनात थाने की पुलिस टीम द्वारा ट्रक को रोका गया. इस दौरान ट्रक चालक पुलिस को देखते ही भागने लगा. पुलिस ने ट्रक को जब्त कर थाना परिसर में रखा है. वाहन में अंकित रजिस्ट्रेशन नंबर की जांच में ट्रक मालिक की पहचान बरकट्ठा निवासी यूसुफ खान के रूप में हुई है.

साइबर अपराधियों के हौसले बुलंद, निशाने पर हैं नेता और अधिकारी

# अधिकारी बन ठगी का प्रयास

- भाजपा नेता को फोन कर बेटे को जेल की कही बात
- बेटे को छोड़ने के एवज में 50,000 रुपये की मांग की

संवाददाता। हजारीबाग

जिले में इन दिनों साइबर अपराधियों ने ठगी के लिए तरह-तरह के उपाय ढूंढ लिए हैं. पहले साइबर ठग बैंक, बिजली ऑफिस, तो कभी डाकघर का सहारा लेकर लोगों को अपना शिकार बनाते थे. अब इन लोगों ने तो ठगी का नया तरीका अख्तियार कर लिया है. साइबर अपराधी अब खुद को केंद्र सरकार की विश्वासी जांच टीम का सदस्य बता कर ठगी कर रहे हैं. ये लोग नेता, मंत्री और अधिकारी को सॉफ्ट टारगेट कर रहे हैं.

जिले में एक ऐसा ही मामला बुधवार को सामने आया. एक साइबर ठग ने भाजपा नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता के मोबाइल पर एक पुलिस अधिकारी बनकर फोन किया. उसने मेहता के बेटे को अपराधी बता कर जेल भेजने की बात कही. उस वक्त भाजपा नेता किसी आवश्यक काम को लेकर बाहर जा रहे थे. इस बीच फोन पर बेटे को जेल भेजने की बात सुन घबराहट में सड़क किनारे रुक गए. साइबर अपराधियों ने अधिकारी का हवाला देते हुए उनसे 50,000 रुपये की मांग की. इसके बाद बटेश्वर मेहता ने सूझबूझ से काम लेते हुए साइबर अपराधियों को कहा कि मेरे बेटे ने अगर अपराध किया है, तो उसे जेल भेज दीजिए. इस पर साइबर ठग ने उनसे कहा कि आप एक वरिष्ठ नेता हैं और आपके बेटा को जेल भेजना अच्छा नहीं होगा. इसलिए, 50,000 रुपये भेज कर अपने बेटे को ले जाइए.

### एक सप्ताह पूर्व टेक्नीशियन से की थी 10,000 रुपये की ठगी

गौरतलब हो कि एक सप्ताह पूर्व टेक्नीशियन महानंद मिस्री के साथ भी कुछ इसी तरह की घटना घटी थी. वह साइबर ठगी के शिकार भी हो गए थे. दरअसल, उनके मोबाइल पर एक फोन आया और कहा गया कि आपका बेटा मेरी गिरफ्त में है. वह एक लड़की के साथ दुष्कर्म करते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया है. लोग उसकी जमकर पिटाई कर रहे हैं. उधर से किसी के रोने की भी आवाज भी महानंद मिस्री को सुनायी गयी. इससे महानंद मिस्री डर गए और उन्होंने साइबर अपराधी के कहे अनुसार उसके मोबाइल में 10,000 रुपये भी ट्रांसफर कर दिए. बाद में उन्हें साइबर ठगी का एहसास हुआ.

### दो दिन पूर्व भी राजद नेता को भी झांसे में लेने का किया था प्रयास

बीते सोमवार को भी साइबर ठगी का कुछ ऐसा ही मामला देखा गया अपराह्न 2.01 मिनट पर राजद नेता अर्जुन यादव को 923014549925 नंबर से फोन किया गया. उन्हें कहा गया कि आपके पुत्र को एक लड़की के साथ दुष्कर्म करते हुए लोगों ने पकड़ लिया है. जल्द से जल्द संपर्क करें, नहीं तो लोग उसे मार देंगे. ठग ने कहा कि बेटे को बचाने के लिए इसी नंबर पर 10,000 रुपये तुरंत ट्रांसफर कीजिए. इसके बाद राजद नेता सीधे साइबर सेल चले गए. वहां उक्त मोबाइल नंबर की जिसकी पड़ताल की गई, तो साइबर अपराध का मामला प्रकाश में आया.

- कुल 75 कार्टन में रखी थी अलग-अलग ब्रांड की शराब
- रांची से हजारीबाग लाई जा रही थी खेप, चालक फरार

# पिकअप वैन से 675 लीटर विदेशी शराब बरामद

संवाददाता। हजारीबाग

पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में विदेशी शराब जब्त किया है. सदर एसडीपीओ कुमार शिवाशीष ने बताया कि मंगलवार-बुधवार की मध्य रात्रि करीब 02.40 बजे एसपी अरविंद कुमार सिंह ने सूचना दी कि एक सफेद रंग के पिकअप वैन पर अवैध विदेशी शराब लोड कर रांची की तरफ से हजारीबाग की ओर आ रही है. सूचना पर टीम गठित कर गश्ती दल के साथ सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया.

इसी दौरान एक सफेद रंग की पिकअप वैन आती हुई दिखी. इस क्रम में पुलिस जांच को देख चालक वाहन को तेजी से भगाने लगा. हालांकि पुलिस टीम ने पीछा कर वाहन को पकड़ लिया. हालांकि,



चालक अंधेरा का फायदा उठा कर भागने में सफल रहा. वहीं, पिकअप वैन की तलाशी के क्रम में चारों तरफ सब्जी का प्लास्टिक कैरेट रस्सी से बांधा हुआ था. कैरेट हटाने पर अंदर बहुत सारे कार्टन दिखाई दिए. कार्टन की जांच में रॉयल इस्टेट प्रीमियम व्हिस्की का 39 कार्टन (375 एमएल का 936 बोतल), इंपीरियल ब्लू रिजर्व ग्रैन व्हिस्की का 21 कार्टन (375 एमएल का 504 बोतल) और मैकडॉवेल नंबर वन डीलक्स व्हिस्की का 15 कार्टन (375 एमएल का 360 बोतल) विदेशी शराब बरामद किया गया.

पुलिस ने पिकअप वैन जब्त कर वाहन मालिक, चालक, अवैध विदेश शराब के क्रेता एवं विक्रेता के विरुद्ध मुफ्फसिल थाना में प्राथमिकी दर्ज की है. छापेमारी दल में सदर एसडीपीओ कुमार शिवाशीष, थाना प्रभारी कुणाल कुमार, एएसआई संत कुमार पाठक और मुफ्फसिल थाना के सशस्त्र बल शामिल थे.

सदर विधायक ने विधानसभा के बजट सत्र में ज्वलंत मुद्दों को उठाया, कहा

# स्कूल से अतिक्रमण हटाए सरकार

संवाददाता। हजारीबाग

सदर विधायक मनीष जायसवाल झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दौरान राज्य हित और जनहित के मामले को लेकर अपनी आवाज बुलंद करते नजर आ रहे हैं. उन्होंने राज्य के 25 हजार राशन डीलरों को खाद्यान्न वितरण पर प्रति किलो एक रुपया कमीशन के रूप में मिलने वाली राशि वर्ष 2020 से बकाया होना, हजारीबाग शहरी क्षेत्र के भारत माता चौक से हनुमान चौक तक लगभग 10 किमी जर्जर पथ का मामला सदन में उठाया.

वहीं, जेएसएलपीएस के लगभग 1000 बीएपी एवं आईपीआरपी के पद पर कार्यरत कर्मियों का साल



2020 के बाद से भुगतान की समस्या, राज्य में वर्षों से मुख्य सूचना आयुक्त सहित सभी सूचना आयुक्तों का पद रिक्त होना, यक्ष्मा मरीजों से संबंधित ज्वलंत मामले पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया. उन्होंने कहा कि झारखंड की गठबंधन सरकार तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति में व्यस्त है. इसका नतीजा है कि शिक्षण संस्थानों

ध्यान आकर्षण

- पीडीएस डीलरों के बकाया भुगतान की भी रखी मांग
- जर्जर पथ और रिक्तियों पर नियुक्ति का मामला उठाया

को भी नहीं बक्शा जा रहा है. हजारीबाग के इचाक प्रखंड में राजकीय प्राथमिक उर्दू विद्यालय को धार्मिक स्थल में तब्दील करने की साजिश रची जा रही है. ग्रामीणों के विरोध के बावजूद रातों-रात यहां मीनार खड़ी कर दी गई. यह बहुत ही गंभीर मामला है. सरकारी स्कूल को अतिक्रमण को मुक्त कराया जाए.

# विस क्षेत्र के विकास को लेकर कृतसंकल्पित : सुनीता चौधरी

सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास



संवाददाता। रामगढ़

कुंदरूकलां पंचायत स्थित मंगरीढिपा में भवन निर्माण विभाग द्वारा डीएमएफटी मद से लगभग एक करोड़ की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का बुधवार को शिलान्यास किया गया. मुख्य अतिथि रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी व विशिष्ट अतिथि रामगढ़ जिप अध्यक्ष सुधा देवी, पार्षद धनेश्वर महतो, कुंदरूकलां मुखिया किशुन राम मुंडा, बारलोंग मुखिया रेखा देवी ने नारियल फोड़ शिलापट्ट का अनावरण किया.

इस अवसर पर रामगढ़ विधायक ने कहा कि क्षेत्र का विकास मेरी पहली प्राथमिकता है. चुनाव के दौरान ग्रामीणों से किया हुआ वादा आज पूरा कर रही हूं. आगे कहा कि इस सामुदायिक भवन के निर्माण से सबसे ज्यादा फायदा यहां के ग्रामीणों को होगा. वहीं जिप अध्यक्ष ने संवेदक को समय से गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया.

### यूथ विंग ने किया 130 यूनिट रक्त का संग्रहण

**हजारीबाग।** यूथ विंग द्वारा शहर के लक्ष्मी सिनेप्लेक्स सभागार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. समाज और मानवता के हित में कार्यरत संस्था के आह्वान पर चंद घंटे में ही यहां 130 रक्तदाताओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किया. कैंप में आधा दर्जन से अधिक महिलाओं ने भी रक्तदान किया. इससे पूर्व रक्तदान शिविर का उद्घाटन उपायुक्त नैंसी सहाय और पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रजकिशोर जायसवाल ने फीता काट कर किया. शिविर की शुरूआत सदर विधायक के पुत्र करण जायसवाल ने रक्तदान के साथ की. इसके बाद यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव तनवीर सिंह, मुक्तिधाम सेवा संस्थान के सचिव नीरज कुमार, सदस्य उदित तिवारी,अंकुर केशरी, अनीश जैन, सतेंद्र नारायण सिंह, झारखंड पुलिस के जवान सुनील केशरी सहित 130 लोगों ने रक्तदान किया.

डीएवी बरकाकाना में ईईडीपी की दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

# ईईडीपी स्कूल की नींव : डॉ. उर्मिला

संवाददाता। रामगढ़

डीएवी बरकाकाना में झारखंड जोन 'डी' एवं 'एफ' के 16 विद्यालयों की 70 शिक्षिकाओं की कार्यशाला आयोजित की गई. विद्यालय की प्राचार्या सह क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. उर्मिला सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यशाला का उद्घाटन किया. इससे पूर्व डीएवी आरा के प्रधानाध्यापक आलोक कुमार ने पुष्पगुच्छ प्रदान कर डॉ उर्मिला सिंह को सम्मानित किया. डीएवी पतरातू के प्रधानाध्यापक मनीष कुमार सिन्हा भी उपस्थित रहे.

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए डॉ. उर्मिला सिंह ने कहा कि जब नींव मजबूत होगी, तभी उसपर भव्य भवन का निर्माण हो सकता है. ठीक उसी प्रकार ईईडीपी किसी भी विद्यालय के लिए नींव का पत्थर है. उसकी



शिक्षण कार्यशाला

- 16 विद्यालयों की कुल 70 शिक्षिकाओं ने में लिया भाग
- बच्चों को खेल के माध्यम से शिक्षित करने पर विशेष जोर

मजबूती के लिए हम सभी को प्रयास करना चाहिए, तभी हम अपने भविष्य को सुरक्षित कर सकते हैं. शास्त्रो में मां को प्रथम गुरु कहा गया है. सबसे पहले मां ही बच्चे को समाज का ज्ञान करवाती है. यही कारण है कि ईईडीपी में शिक्षिकाओं को ही प्राथमिकता दी जाती है. उनका ममत्व बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होता है. कार्यशाला में बच्चों को खेल के माध्यम से शिक्षित करने पर जोर दिया गया. विषय संसाधिका मीता गांगुली एवं प्राची झा ने वृत में संगीत के साथ खेलकूद कर स्टेप काउंटिंग की कला सिखाई.

### मनोज सिंह निर्विरोध बने बिगहा पैक्स के अध्यक्ष

**चौपारण।** प्रखंड के बिगहा पैक्स की नई समिति को लेकर बुधवार को नामांकन कार्यक्रम था. हालांकि, किसी भी पद के लिए एक से अधिक प्रतिद्वंदी ने नामांकन फॉर्म नहीं भरा. इसके बाद प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी भूपनाथ महतो ने सभी को निर्विरोध विजेता घोषित कर दिया है. इसमें बिगहा निवासी मनोज सिंह निर्विरोध बिगहा पैक्स के अध्यक्ष चुने गए. वहीं नौ अन्य लोग भी निर्विरोध सदस्य चुने गए. मौके पर नवचयनित अध्यक्ष मनोज सिंह ने कहा कि पैक्स का अपना भवन निर्माण, सरकार द्वारा समय समय पर किसानों को मिलने वाला खाद और बीज का लाभ दिलाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी. मौके पर मुखिया प्रतिनिधि विनोद सिंह, मनोज सिंह, पवन सिंह, अजीत यादव, धीरेंद्र सिंह, सूचित पांडेय, उमेश सिंह, पंचायत सेवक राजेश कुमार, राजेंद्र सिंह सहित अन्य मौजूद थे.

लोस चुनाव को लेकर नगर आयुक्त ने की निर्वाचन जागरूकता बैठक

# 80 फीसदी वोटिंग का लक्ष्य रखा

संवाददाता। हजारीबाग

जिले में निर्वाचन संबंधी जागरूकता अभियान को सफल बनाने को लेकर नगर आयुक्त की अध्यक्षता में बैठक हुई. इस दौरान नगर आयुक्त सह प्रशासक शैलेन्द्र लाल ने सभी को राज्य में इस वर्ष होने वाले लोकसभा तथा विधानसभा चुनाव को देखते हुए तैयार रहने को कहा. उन्होंने बताया कि जिले के शहरी क्षेत्र में कुल 185 बूथ, 77 बिल्डिंग में है. उसकी साफ-सफाई, बिजली, पेयजल, बैठने अदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया.

बताया कि सभी बूथ आदर्श बूथ होंगे. उन्होंने सभी बीएलओ को मतदाताओं को जागरूक करने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि चुनाव का पर्व देश का गर्व है. प्रख्यात



मतदाता जागरूकता

- सभी बीएलओ को मतदाताओं को जागरूक करने का निर्देश
- स्वीप विशेषज्ञ ने दी चुनाव से संबंधित एप के बारे में जानकारी

मास्टरजी विजय जी को झारखंड में होने वाले चुनाव का ब्रांड अंबेसडर बनाया गया है. इस बार शहरी क्षेत्र में वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने के लिए अबकी बार 80 पार का स्लोगन दिया गया है. अर्थात, इस बार कम से कम 80 प्रतिशत वोटिंग का लक्ष्य रखा गया है. सबसे अधिक वोटिंग प्रतिशत वाले प्रथम तीन बूथों के बीएलओ को जिला स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा. उन्होंने बीएलओ को सुनिश्चित करने को कहा कि सभी का नाम मतदाता सूची में हो एवं मतदाता को उनके बूथों की स्पष्ट जानकारी हो. स्वीप के विशेषज्ञ द्वारा बीएलओ को चुनाव से संबंधित एप के बारे में जानकारी दी गई.

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

आईसेक्ट विश्वविद्यालय में वक्ताओं ने विज्ञान व वैज्ञानिक उपलब्धियों पर रखी अपनी बात

# नयी पीढ़ी विज्ञान के महत्व को पहचानें और अपनाएं : डॉ. विजय

संवाददाता। हजारीबाग

आईसेक्ट विश्वविद्यालय के तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में बुधवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया. बतौर मुख्य अतिथि सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ साउथ बिहार के प्राध्यापक डॉ. विजय राज सिंह कार्यक्रम में मौजूद थे. मौके पर आईसेक्ट विश्वविद्यालय के सह प्राध्यापक मुकेश कुमार, सुरेश कुमार व राहुल राजवार ने बुके देकर मुख्य अतिथि समेत सभी अतिथियों का स्वागत किया.

इसके बाद डॉ. विजय राज सिंह, आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डॉ) पीके नायक, कुलसचिव डॉ. मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ. एसआर रथ, डीन




एकेडमिक डॉ. एमके मिश्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की. इस अवसर पर कुलपति डॉ. पीके नायक ने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस समाज में वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं के महत्वपूर्ण योगदान को पहचानने और उनकी सराहना करने, वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने, वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करने और युवा छात्रों को विज्ञान में करियर बनाने के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित करने के लिए मनाया जाता है.

पाठ्येतर गतिविधि

- छात्रों को विज्ञान में करियर बनाने के लिए किया प्रेरित
- विज्ञान प्रौद्योगिकी के मूलभूत सिद्धांत से कराया अवगत

वहीं, डॉ विजय राज सिंह ने कहा कि हमारे जीवन में विज्ञान के महत्व को पहचानने और भावी पीढ़ियों को विज्ञान अपनाने और देश के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित करने का दिन है. कहा कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी का मूलभूत सिद्धांत समस्यामूलक तकनीकी का विकास और उपयोग करना है.

### विज्ञान के प्रति आकर्षण जरूरी : डॉ. मुनीष गोविंद

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि महान के भारतीय वैज्ञानिक सर सीवी रामन के रमन प्रभाव की खोज के कारण इस दिन को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है. सीवी रमन पहले एशियाई थे, जिन्हें नोबल पुरस्कार प्राप्त हुआ था. उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाने का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति आकर्षित व प्रेरित करने के साथ-साथ जनसाधारण को विज्ञान एवं वैज्ञानिक उपलब्धियों के प्रति सजग बनाना है.

### छात्राओं ने दी विज्ञान के महत्व पर नाट्य प्रस्तुति

विश्वविद्यालय की छात्राएं सपना, साक्षी, पलक, तनिष्का और हेरा ने विज्ञान के महत्व को लेकर मनमोहक नाट्य प्रस्तुति दी. मंच संचालन प्राध्यापिका नेहा सिन्हा और धन्यवाद ज्ञापन विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष सुप्रिया रानी ने किया. कार्यक्रम को सफल बनाने में विज्ञान विभाग केडीन डॉ दिवाकर प्रसाद निराला, एचओडी सुप्रिया रानी, नेहा सिन्हा, डॉ सोनी मेहता, काजल सोनी, सबीता कुमारी, राहुल राजवार, सुरेश कुमार, मुकेश कुमार सहित अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा.

# स्कूल की तस्वीर बदलनेवाले शिक्षक के निलंबन से मायूसी

संवाददाता। हजारीबाग

ग्रामीण क्षुब्ध

- प्रा. वि. डुमर के शिक्षक प्रेम सागर राणा का हुआ है निलंबन
- डीसी के जनता दरबार में लगाई निलंबन वापसी की फरियाद

सदर प्रखंड के डुमर में अपनी मेहनत और लगन से मृतप्राय प्राथमिक विद्यालय डुमर में बच्चों की उपस्थिति, पठन-पाठन और विद्यालय के रखरखाव में शानदार परिवर्तन करने वाले शिक्षक प्रेम प्रसाद राणा के निलंबन से ग्रामीण मायूस हैं. शिक्षक का निलंबन तुरंत समाप्त कर स्कूल भेजने के लिए ग्रामीणों ने 27 फरवरी को डीसी के नाम हस्ताक्षरयुक्त आवेदन जनता दरबार में सौंपा.

बैठक के निर्णय से जनता दरबार का संचालन कर रहे प्रशिक्षु आइएएस को अवगत कराया गया. ग्रामीणों ने कहा कि जिस आधार पर शिक्षक को निलंबित किया गया, वह पूर्णतया सत्य नहीं है. विद्यालय में ऑडिट का पेपर और हर दस्तावेज मौजूद है. ग्रामीणों ने कहा कि पांच कक्षाओं को एक शिक्षक के भरोसे छोड़ दिया गया है. ऐसे में पढ़ाई प्रभावित होना स्वाभाविक है. यदि एक सप्ताह के अंदर शिक्षक को निलंबन मुक्त कर विद्यालय नहीं भेजा गया, तो बच्चे स्वतः स्कूल आना बंद कर देंगे. ग्रामीणों की फरियाद को प्रशिक्षु आइएएस ने गंभीरता से लिया है. साथ ही आश्वस्त किया है कि 10 दिनों के भीतर जांच कर शिक्षक को निलंबनमुक्त कर दिया जाएगा.

### ब्रीफ खबरें

#### सड़क दुघर्टना में युवक की मौत

**डुमरी।** डुमरी थाना क्षेत्र के कुलगो निवासी नारायण महतो के पुत्र सन्तोष कुमार महतो की सड़क दुघर्टना में मौत हो गई. बताया जाता है कि संतोष ने भरखर में 26 फरवरी को ही नई दुकान खोली थी . मंगलवार की देर रात्रि दुकान से घर लौट रहा था, इसी दौरान दुर्घटना के शिकार हो गया. मृतक के पिता ने बताया कि मेरा पुत्र बाइक से लौट रहा था. बाइक अनियंत्रित होकर गड्ढे में जा गिरी. जिससे दबकर उसकी मौत हो गई है,अगले सुबह कुछ लोगों ने देखा कि सड़क किनारे बाइक पड़ी है और एक व्यक्ति नीचे गिरा हुआ है. पंचायत के मुखिया पति असलम अंसारी ने इसकी जानकारी पुलिस को दी.

#### ट्रक ने मारी टेलर के पीछे टक्कर, चालक घायल

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड के बरसोल थाना क्षेत्र अंतर्गत जगन्नाथपुर चौक के समीप खड़े टेलर के पीछे नासिक से अंगूर लोड कर कोलकाता जाते वक्त जोरदार टक्कर मार दी. जिससे चालक विकास कुमार बुरी तरह से घायल होकर ट्रक के अंदर फस गया. मौके पर बारसोल थाना प्रभारी पहुंचकर कड़ी मकसद के बाद हाईवे पेट्रोलिंग वाहन द्वारा उसे संदेश स्वास्थ्य केंद्र बहरागोड़ा लाया गया जहां स्थिति को नाजुक देखते हुए उच्च चिकित्सा के लिए बारीपदा रेफर कर दिया गया.

#### बीएलबीसी की बैठक में कई निर्णय लिए गए

**गावां ( गिरिडीह)।** गावां प्रखंड मुख्यालय के सभागार में प्रखंड स्तरीय बैंकर्स कमिटी की बैठक बीएओ प्रभारी प्रदीप राम की अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक में पंचायती राज्य पदाधिकारी संजय कुमार, एलडीएम नारायण महंती सहित सभी बैंक के शाखा प्रबंधक शामिल हुए. इस दौरान बैंक से संबंधित सभी प्रायोजित योजना केसीसी, मुद्रा लोन, प्रधानमंत्री निधि सम्मान योजना आदि पर बारी- बारी से वर्तमान प्रगति पर चर्चा की गई. मौके पर मौजूद बीएओ प्रदीप राम ने सभी बैंक प्रबंधको को स्पष्ट करते कहा कि केसीसी लोन के तहत छोटे- छोटे किसान आते हैं.

#### यक्ष्मा मरीजों के बीच सामग्री का वितरण

**धनवार (गिरिडीह )।** रिफ्रेश अस्पताल राजधनवार में टीवी मरीजों के बीच खाद्य सामग्री का वितरण किया गया. मरीज के बेहतर स्वास्थ्य के लिए अस्पताल भवन का निर्माण करवा रहे संवेदक राजेश शर्मा ने खाद्य सामग्री दी, जिसका वितरण समाजसेवी राम किशोर सिंह ने किया. जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. रेखा कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत अभियान के तहत टीवी मरीजों को पौष्टिक आहार उपलब्ध करवाना है. उन्होंने समाजसेवियों से योगदान देकर इस अभियान को सफल बनाने की अपील की.

#### बोकारो जिला परिषद की बैठक आयोजित

**बोकारो ।** जिला परिषद कार्यालय स्थित सभागार में बुधवार को जिला परिषद की सामान्य बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी ने किया. मौके पर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद सह उप विकास आयुक्त संदीप कुमार, उपाध्यक्ष बबीता देवी, धनबाद सांसद प्रतिनिधि आरएन ओझा, गिरिडीह सांसद प्रतिनिधि नवीन कुमार, विधायक प्रतिनिधि संजय त्यागी, समेत जयदेव राय समेत बेरमो, गोमिया, डुमरी विधायक प्रतिनिधि समेत सभी जिला परिषद सदस्य व सभी विभागों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे.

### जिला स्तरीय बाल संरक्षण इकाई की हित धारकों के साथ एक दिवसीय बैठक

# सरकार से बेहतर समन्वय स्थापित करना है : मनोरंजन सिंह

**संवाददाता। पाकुड़**



झारखंड विकास परिषद एवं जिला बाल संरक्षण इकाई पाकुड़ के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय बाल संरक्षण विभिन्न हितधारकों के साथ एक दिवसीय बैठक जिला बाल संरक्षण कार्यालय पाकुड़ में की गई. इस बैठक का उद्घाटन जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी व्यास ठाकुर व जिला बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष शंभू कुमार यादव, सदस्य सुबीर भटट्चार्य, रतन कुमार सिंह, जेजेबी, सदस्य रेणु कुमारी, मो. शमीम आलम एवं परियोजना समन्वयक मनोरंजन सिंह के द्वारा संयुक्त रुप से किया गया. परियोजना समन्वयक मनोरंजन सिंह ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य बाल संरक्षण मुद्दे को लेकर बहु-हितधारकों के साथ वकालत अभियान चलाना एवं सर्वोतम प्रथाओं को उजागर करना है. जिन्हें जिला स्तर पर दोहराया जा सकें एवं सरकार से बेहतर समन्वय स्थापित करना है.

**समन्वय के साथ काम करने की जरुरत :** जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी व्यास ठाकुर ने कहा कि पाकुड़ जिलें में मानव तस्करी एवं बाल संरक्षण के बहुत मामले आतें हैं, जिनको सभी संस्थाओं एवं सरकार को समन्वय के साथ काम करने की जरुरत है. जिससें मानव तस्करी एवं बाल यौन शोषण पर शक्ति के साथ रोक लगाने की जरुरत है.

#### स्पॉन्सरशिप एवं फोस्टर योजना

मंडल संरक्षण पदाधिकारी देखभाल राजेश कुमार ने स्पॉन्सरशिप एवं फोस्टर योजना पर कहा कि ऐसे बच्चों को चिन्हित कर जोड़ने की जरुरत है. रेस्टलेंस डेवलपमेंट के जिला समन्वय दुर्गा शंकर ने कहा कि मिशन वात्सल्य के तहत पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति का गठन करनें की जरुरत है. इसके लिए जिले के संस्थाओं के साथ मिलकर जिला पंचायती राज पदाधिकारी को एक अनुरोध पत्र समर्पित करने को लेकर सहमति बनी.

#### देखभाल एवं सरक्षण की जरुरत

संजय कुमार सिंह, अधीक्षक,बाल देखभाल संस्थान ने बताया कि जिला अर्न्तगत संचालित है जिन बच्चों को देखभाल एवं सरक्षण की जरुरत है उसें बाल कल्याण समिति के माध्यम से रखने का प्रावधान है. मौके पर चाईल्ड हेल्प लाइन 112 के परियोजना समन्वयक मो. फैयाज आलम 112 के बारे में जानकारी दी कि सुरक्षा दिलाने के मामले में कैसे यह नंबर बच्चों को मदद कर सकता है.इस कार्यक्रम में उडान फाउन्डेशन कैलाश सत्यार्थी फॉउन्डेसन एवं अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद थे.

# तिसरी थाना क्षेत्र से तीन साइबर अपराधी गिरफ्तार

**संवाददाता। तिसरी (गिरिडीह)**



गिरिडीह पुलिस ने एक बार फिर साइबर अपराध के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए तिसरी थाना क्षेत्र से तीन साइबर अपराधियों को धर दबोचा है. प्रतिबिंब पोर्टल के माध्यम से पुलिस ने यह कार्रवाई की है. जानकारी के अनुसार ये अपराधी तिसरी थाना क्षेत्र के भंडारी व किसुटांड गांव के निवासी बताए जा रहे हैं. यह प्रारंभिक जानकारी है. बताया जाता कि उक्त तीनों साइबर कर्मी पुलिस के डर से तिसरी के कलवा नदी स्थित पहाड़ के पास छिपे थे. तकनीकी माध्यम से खोरीमहुआ एसडीपीओ साजिद जफर के नेतृत्व में साइबर पुलिस और तिसरी पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर तीनों को गिरफ्तार कर अपने साथ गिरिडीह ले गई. हालांकि पुलिस ने इस कार्रवाई और गिरफ्तारी की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है.

**खास बातें**

- पुलिस ने गिरफ्तारी की पुष्टी नहीं की है.
- पुलिस तीनों के गिरफ्तार कर गिरिडीह ले गई

### मनसाडीह ओपी पुलिस पर घर में घुसकर दुर्व्यवहार का आरोप

# दर्जनों ग्रामीणों ने बोला हल्ला, धरने पर बैठे

**संवाददाता। तिसरी (गिरिडीह)**



मनसाडीह ओपी क्षेत्र के दर्जनों ग्रामीणों ने स्थानीय पुलिस पर रात्रि में एक व्यक्ति के घर में घुसकर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए जमकर हल्ला बोला. साथ ही मामले को लेकर क्षेत्र के दर्जनों महिला और पुरुष ग्रामीण व जनप्रतिनिधि बुधवार को मनसाडीह ओपी के समक्ष धरने पर बैठ गए. हालांकि हो - हंगामा के घंटों बाद भाकपा माले की अगुवाई में ओपी प्रभारी से वार्तालाप कर मामले को सुलझा लिया गया. जानकारी के अनुसार मनसाडीह निवासी रामदेव यादव के पुत्र आशीष यादव व एक स्थानीय कथित दुकानदार के बीच सामान खरीदने के दौरान विवाद हो गया. जिसको लेकर दोनों में थोड़ी बहुत हाथापाई भी हुई थी. इस मामले को लेकर उक्त दुकानदार ने मनसाडीह ओपी में लिखित शिकायत भी की थी. हालांकि स्थानीय जनप्रतिनिधियों की पहल पर मामले का निपटारा हो गया था.

**परिवार के साथ दुर्व्यवहार :** ग्रामीणों के अनुसार दोनों के बीच हुए सुलहनामे को ओपी को सुपुर्द कर दिया गया था. आरोप है कि इसके बाद भी ओपी प्रभारी ने बुधवार की अहले सुबह आशीष यादव के घर में घुसकर उनके परिवार के साथ दुर्व्यवहार किया. जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए ओपी के समक्ष ही धरने पर बैठकर जमकर हंगामा किया. मामले की जानकारी मिलने के बाद जय नारायण यादव के नेतृत्व में भाकपा माले की टीम वहां पहुंची और ग्रामीणों व ओपी प्रभारी से बातचीत कर मामले को सुलझाया. साथ ही जनप्रतिनिधियों और ओपी प्रभारी ने ग्रामीणों को समझा - बुझाकर उन्हें शांत करवाया.

**ग्रामीणों ने हंगामा किया :** मौके पर माले के प्रखंड सचिव जयनारायण यादव ने कहा कि पुलिस द्वारा रात में किसी कारणवश किसी के घर में घुस जाना बहुत ही निंदनीय है, जिसको लेकर ग्रामीणों ने हंगामा किया था. जिसके बाद बातचीत से मामले को सुलझाया गया,ओपी प्रभारी ने आश्वस्त किया है कि पुलिस द्वारा गलती नहीं होगी. वहीं माले के जिला कमिटी सदस्य सकलदेव यादव ने कहा कि ग्रामीण और ओपी प्रभारी से बातचीत कर मामले को सुलझा लिया गया है. मामले को लेकर वरीय पदाधिकारी से भी बातचीत हुई है. ओपी प्रभारी ने पुलिस द्वारा गलती नहीं करने को लेकर भी आश्वस्त किया है. जिप सदस्य प्रतिनिधि किशुन यादव ने कहा कि सुलझे हुए एक छोटे से विवाद को लेकर पुलिस की यह हरकत निंदनीय है. यदि पुलिस द्वारा फिर से ऐसा दोहराया गया तो वे ग्रामीणों के साथ अनशन पर बैठेंगें. मौके पर अनासियस हेंब्रम, लखिराम हेमब्रम, लालू राय, बालेश्वर यादव, टुपलाल यादव समेत भारी संख्या में महिला व पुरुष ग्रामीण मौजूद थे.

#### क्या कहते हैं ओपी प्रभारी अंकित कुमार

इस मामले को लेकर ओपी प्रभारी अंकित कुमार ने सभी आरोप को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि कुछ उदंड - शरारती तत्वों द्वारा स्कूल में तोड़फोड़ करने की उन्हें सूचना मिली थी. नियमित गशती के लिए अहले सुबह कुछ जवानों के साथ वे पैदल गशत पर निकले थे. इस दौरान उन्हें एक खाली मकान में कुछ हलचल दिखी वहां पहुंचने पर उस मकान में केवल मवेशी थे. उन्होंने कहा कि उसी के पड़ोस में एक शरारती प्रवृत्ति के युवक का भी मकान है. जिसकी मौखिक रूप से उन्हें कई बार शिकायत मिल चुकी है. उसी युवक को उठाकर जानकारी लेने का प्रयास किया गया. ओपी प्रभारी ने कहा कि इसी को लेकर मामले को घुमा फिरा कर बढ़ाया जा रहा है, पुलिस अपना कार्य निरंतर करेगी.

# स्वास्थ्य विभाग की ओर से दी गई कुष्ठ बीमारी की जानकारी

**संवाददाता। बोकारो**



बोकारो जिले के कसमार स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से बुधवार को कमलापुर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, कसमार में स्पर्श कुष्ठ पखवाड़ा के तहत एनएलआर इंडिया रांची के सहयोग से क्विज का आयोजन किया गया. क्विज के बाद आयोजित सभा में बोकारो जिला कुष्ठ परामर्शी सज्जाद आलम, सीबीआर कॉर्डिनेटर काशीनाथ चक्रवर्ती एवं पीएमडब्लू राजेश ठाकुर ने कुष्ठ बीमारी के लक्षण, बचाव एवं सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी. सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसमार के आरबीएसके डॉ. हरिपद सोरेन एवं परमेश्वर महतो ने विभिन्न बीमारियों के विषय में छात्राओं को बताया. एमपीडब्ल्यू अविनाश रंजन ने भीबीडी अंतर्गत आनेवाले सभी बीमारियों की जानकारी दी. इसके पश्चात विद्यालय की वार्डेन सावित्री हेम्ब्रम के नेतृत्व में छात्रओं के बीच क्विज का आयोजन किया गया, जिसमें स्वास्थ्य से सम्बंधित प्रश्न छात्राओं से पूछे गए. क्विज में मनीषा कुमारी ने प्रथम, आकांक्षा कुमारी द्वितीय एवं उषा कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त किया. तीनों विजेता छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में विद्यालय कई शिक्षक समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे.

# शेखावत अंसारी को पराजित कर शेरे आलम बने सदर

**संवाददाता। बोकारो**

बोकारो जिले के कसमार प्रखंड के गर्री में इस्लाहुल मुस्लेमीन अंजुमन कमेटी का चुनाव बुधवार को हुआ, जिसमें सुबह से शाम तक चुनाव को लेकर गहमा गहमी रही. कमेटी के चुनाव संचालन समिति के पांच सदस्यीय पदाधिकारी हाजी यूसुफ अंसारी, हाजी अताउल्लाह अंसारी, हाजी प्रो शाकीर अंसारी, जाकीर हुसैन एवं इंतखाब आलम की देखरेख में चुनाव सम्पन्न हुआ. बुधवार देर शाम मतगणना की गई, जिसमें कुल 548 सदस्यों ने वोट डाले. इसमें सदर में युवा समाजसेवी शेरे आलम विजेता घोषित किए गए. शेरे आलम को 363 वोट मिले, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंद्वी शेखावत अंसारी को 159 वोट प्राप्त हुआ. वहीं इस पद के लिए चुनाव लड़नेवाले कयूम अंसारी को 16 वोट मिले. इधर सेक्रेटरी पद में सकीब अंसारी विजेता बने. सकीब को 205 वोट मिले, जबकि इस पद के कौसर अली को 166, मनोवर आलम को 119 एवं मुमताज अंसारी को 51 वोट मिले. इसके अलावा खजांची पद में मोबीन अंसारी विजेता बने. मोबिन को 340 वोट मिले, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी तनवीर आलम को 204 वोट मिले. सदर पद में 10, सेक्रेटरी पद में 7 एवं खजांची पद में 4 वोट रद्द हुए. सभी विजेता उम्मीदवार को चुनाव संचालन समिति के पदाधिकारियों के हाथों विजेता बनने का प्रमाण पत्र दिया गया.

#### राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर कार्यशाला का आयोजन

**धनवार (गिरिडीह) ।** आदर्श कॉलेज राजधनवार में बुधवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के मौके पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया. जिसकी अध्यक्षता भौतिक विभाग के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार बरनवाल तथा संचालन भौतिक विभाग के प्रमोद कुमार चौधरी ने किया. इस दौरान डॉक्टर प्रोफेसर अनिल कुमार बर्णवाल, डॉक्टर प्यारेलाल सिंह, प्रोफेसर जुगल किशोर राय आदि ने विस्तार पूर्वक महान भारतीय वैज्ञानिक नोबेल पुरस्कार विजेता प्रोफेसर सीबी रमन के रमन प्रयोग पर प्रकाश डाला. यूनिवर्सिटी आफ मद्रास में उन्हें फिजिक्स में गोल्ड मेडल मिला. इन्होंने फिजिक्स से जुड़े कई विषय पर गहन रिसर्च किया.

# पंचायत के विकास पर ग्राम सभा की बैठक में हुई चर्चा



**संवाददाता। बोकारो**

बोकारो जिला पंचायत राज पदाधिकारी के निर्देशानुसार बुधवार को कसमार प्रखंड के मधुकरपुर पंचायत सचिवालय के सभागार में ग्राम सभा का आयोजन किया गया. बैठक की अध्यक्षता मुखिया राजेंद्र महतो ने की. बैठक में जानकारी देते हुए मुखिया राजेंद्र महतो ने वर्ष 2024 -25 के समयावधि में ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) तैयार करने की रूपरेखा पर विशेष रूप से चर्चा की. इस दौरान पंचायत के विकास योजनाओं का चयन किया गया, जिसमें पंचायत क्षेत्र की जनहित की योजनाओं को प्राथमिकता देकर सूची तैयार की गई. जिसमें पंचायत के सभी गली मोहल्ले में स्ट्रीट लाइट, पुल पुलिया, आम बागवानी, पीसीसी रोड, पेबर्स ब्लॉक, स्कूल परिसर में शौचालय निर्माण, कूप निर्माण इत्यादि योजना सम्मिलित हैं. ग्राम सभा में सभी वार्ड सदस्य भी मौजूद थे. इस दौरान चयनित योजनाओं को जीपीडीपी के पोर्टल पर सम्बंधित डाटा को अपलोड करने का निर्देश पंचायत सचिव को दिया गया. साथ ही जीपीडीपी तैयार कर उसे ग्राम स्वराज पोर्टल पर वार्षिक योजना अपलोड करने का भी निर्देश दिया गया.

### चुनाव की तैयारी को लेकर सभी नाडल पदाधिकारियों के साथ बैठक

# बिना टीम वर्क के सफलता नहीं : डीसी

**संवाददाता। पाकुड़**



जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल ने बुधवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक की. बैठक के दौरान वे कोषांगवार लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर की जा रही तैयारियों से अवगत हुए. सभी पदाधिकारियों को इलेक्शन मोड में रहने की बात कही. उन्होंने कहा कि बिना टीम वर्क के चुनाव का सफल संचालन संभव नहीं है. ऐसे में आवश्यकता है कि सभी लोग एकसाथ एकजुट होकर अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करें. उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति का जो दायित्व है,उसका निष्पादन नोडल पदाधिकारी अपनी देख-रेख में ससमय पूरा करेंगे.

**जरुरी निर्देश दिए गए :** समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने प्रशिक्षण कोषांग को मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण को लेकर तिथि निर्धारण करने,वाहन कोषांग को वाहनों की संख्या का मूल्यांकन करने,सामग्री कोषांग, ईवीएम कोषांग, प्रेक्षक कोषांग, मीडिया कोषांग,स्वीप कोषांग से संबंधित वरीय पदाधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए . उन्होंने निर्वाचन, कार्मिक, वाहन, सामग्री, आदर्श आचार संहिता, मीडिया, प्रशिक्षण, प्रेक्षक, सहित अन्य कोषांगों का समीक्षा कर कई अन्य निर्देश दिये। इलेक्शन के सफल संचालन हेतु निर्वाचन आयोग का हैंड बुक में दिए गये निर्देशों का पालन करने के निर्देश दिये. मौके पर उप विकास आयुक्त, सहायक समाहर्ता, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला खेल पदाधिकारी, समेत विभिन्न कोषांगों के पदाधिकारी उपस्थित थे.

**खास बातें**

- सभी को इलेक्शन मोड पर हने का दिया निर्देश
- कहा- सभी एकजुट होकर दायित्वों का निर्वहन करें

### दफादार चौकीदार पंचायत कमेटी का पुनर्गठन

# राजेन्द्र पासवान जिलाध्यक्ष शिवनाथ हजाम बने सचिव

**संवाददाता। बोकारो**

झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत शाखा की ओर से बुधवार को गरगा डैम पर एक दिवसीय जिला सम्मेलन सह वनभोज का आयोजन किया गया. कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार पासवान व संचालन जिला सचिव शिवनाथ हजाम ने किया. सम्मेलन में सर्वसम्मति से 9 सूत्री प्रस्ताव पारित कर झारखंड के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के नाम मांगपत्र बोकारो उपायुक्त को दिया गया. इन मांगों पर तत्काल कार्रवाई करने की मांग की गई.

मौके पर मुख्य अतिथि राज्याध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह ने कहा कि चौकीदार दफादारों के रिक्त पदों पर जिन जिलों में विज्ञापन निकाला गया है, उसको तत्काल रद्द किया जाय. जिन जिलों में विज्ञापन नहीं निकाला गया है, उन जिलों के उपायुक्तों को तत्काल रोक लगाने का आदेश मुख्यमंत्री दे. झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत शाखा बोकारो जिला कमेटी का पुनर्गठन करते हुए सर्वसम्मति से राजेन्द्र कुमार पासवान को जिलाध्यक्ष, राजू अंसारी को जिला उपाध्यक्ष, शिवनाथ हज्जाम को जिला सचिव और धीरेन मंडल को जिला कोषाध्यक्ष बनाया गया. मटुक लाल किस्कू को जिला संरक्षक बनाया गया. वहीं तेनुघाट अनुमंडल का कमिटी गठन करते हुए प्रदीप ठाकुर को अध्यक्ष, महेश गोप को उपाध्यक्ष बनाया गया. सम्मेलन में करमा रजक, प्रदीप ठाकुर, शिव नारायण ठाकुर, महेश गोप, गणेश चंद्र राय, विनोद गोप, अजीत राय, वीरेंद्र यादव, शिवजी यादव, लालमोहन तुरी, संतोष रजक, रेवत लाल सिंह, रामेश्वर, जितेंद्र घासी, बंटी साव, रोहित, गुड्डु, सहित अन्य चौकीदार दफादार शामिल थे.

**पुण्यतिथि**

### राष्ट्रीय कायस्थवृंद के सदस्यों ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद को किया याद

# डॉ. राजेंद्र प्रसाद दयालु और निर्मल स्वभाव के थे : त्रिपुरारी

**संवाददाता। गिरिडीह**



भारत के पहले राष्ट्रपति और महान स्वतंत्रता सेनानी डॉ. राजेंद्र प्रसाद की बुधवार को 61वीं पुण्यतिथि मनाई गई. कायस्थों की अग्रणी संस्था राष्ट्रीय कायस्थवृंद ने पुण्यतिथि पर डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को याद किया. साथ ही डॉ. राजेंद्र प्रसाद की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया. स्थानीय कर्बला रोड जेपी नगर स्थित राष्ट्रीय कायस्थवृंद के जिला कार्यालय में आयोजित श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष त्रिपुरारी प्रसाद बक्सी ने की. वहीं संचालन जिला सचिव संजीव सिन्हा 'सज्ज्न' ने किया. कार्यक्रम में त्रिपुरारी बक्सी, राजेश कुमार, शिवेन्द्र सिन्हा, संजीव रंजन सिन्हा, विकास सिन्हा, कुमार राकेश, राजेश कुमार सिन्हा 'राजू', दीपक कुमार सिन्हा, मुकेश कुमार सिन्हा, अभय कुमार, रंजीत सिन्हा आदि मौजूद रहे.

**पहले व्यक्ति थे डॉ राजेंद्र प्रसाद :** डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद चाहे धर्म हो, वेदांत हो, साहित्य हो, संस्कृति, शिक्षा, इतिहास, राजनीति हो या भाषा, वे हर स्तर पर अपने विचार व्यक्त करते थे. उनकी स्वाभाविक सरलता के कारण वे अपने ज्ञान-वैभव का प्रभाव कभी प्रतिष्ठित नहीं करते थे. 'सादा जीवन, उच्च विचार' के अपने सिद्धांत को अपनाने वाले डॉ. राजेंद्र प्रसाद अपनी वाणी में हमेशा ही अमृत बनाये रखते थे. कहा कि आजादी के बाद 26 जनवरी 1950 को भारत को गणतंत्र राष्ट्र का दर्जा मिलने के साथ ही राजेंद्र प्रसाद देश के प्रथम राष्ट्रपति बने.

#### कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में निभायी थी महत्वपूर्ण भूमिका

श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों ने राजेंद्र प्रसदा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद सादगी पसंद, दयालु और निर्मल स्वभाव के व्यक्ति थे. वक्ताओं ने बताया कि राजेंद्र बाबू का जन्म 3 दिसंबर 1884 को बिहार के जीरादेई नामक गांव में हुआ था. उनके पूर्वज मूलरुप से कुआंगांव-अमोढ़ा (उत्तर प्रदेश) के रहने वाले थे. राजेंद्र बाबू के पिता महादेव सहाय और माता कमलेश्वरी देवी थी. पिता संस्कृत और फारसी के विद्वान थे. वहीं माता धार्मिक महिला थीं. वे उन भारतीय नेताओं में से थे, जिन्होंने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी. महात्मा गांधी ने उन्हें अपने सहयोगी के रूप में चुना था और साबरमती आश्रम की तर्ज पर सदाकत आश्रम की एक नयी प्रयोगशाला का दायित्व भी सौंपा था.

# डीसीसी ने माही स्पोर्ट्स को पराजित किया

### सोदो-कान्हू स्टेडियम में जिला क्रिकेट सीनियर लीग टूर्नामेंट का आयोजन

**संवाददाता। साहिबगंज**



जिला क्रिकेट संघ के तत्वावधान में सिदो-कान्हू स्टेडियम में चल रहे सीनियर क्रिकेट लीग टूर्नामेंट के तहत बुधवार को माही स्पोर्ट्स ग्रीन बनाम द्रोणाचार्य क्रिकेट क्लब के बीच मैच खेला गया. माही स्पोर्ट्स ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 22.1 ओवर में 121 रन बना कर ऑल आउट हो गई. अल्तमश ने 35, सुहैल ने 32 रन बनाए. डीसीसी के गेंदबाज मो. राशिद ने 5 व रवि कुमार ने 2 विकेट लिए. जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी डीसीसी की टीम ने 15.3 ओवर में 3 विकेट के नुकसान पर 122 रन बना कर 7 विकेट से मैच जीत लिया. सुधंशु रंजन ने नाबाद 53, दीपक दास ने नाबाद 23, सुष्मित रंजन ने 19 रनों की पारी खेली. माही स्पोर्ट्स के गेंदबाज मिन्हाज ने 2 विकेट लिए. डीसीसी क्रिकेट क्लब के खिलाड़ी मो राशिद को मैन ऑफ दी मैच घोषित किया गया. पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्यतिथि नवीन भगत ने मो राशिद को मैन ऑफ द मैच की ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया. अंपायरिंग मो. अशफाक आलम व प्रभाकर सिंह उर्फ गुड्डा ने किया. स्कोरिंग सागर सुमन कर रहे थे. मौके पर सतीश सिन्हा, राकेश गुप्ता, गोपाल सिंह, मो जुनैद, शानू कुमार सहित अन्य मौजूद थे.

# गांव, गरीब और किसान

चंपाई सोरेन का पहला और गठबंधन सरकार का पांचवां बजट राज्य के विकास का एक ऐसा दस्तावेज है, जिसमें बड़े सपनों के साथ किसानों, मजदूरों और गरीबों के साथ मध्यवर्ग के हितों का संतुलन बनाने का प्रयास किया गया है. इस बजट में राजनीति के साथ साथ अर्थनीति का संतुलन भी है. गठबंधन सरकार ने अगले पांच वर्षों में दस ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य भी पेश किया है. विशेषज्ञ इसे बड़ी सोच और संभावनाओं का बजट बताते हुए यह भी सवाल उठा रहे हैं कि 14.2 प्रतिशत के विकास दर को हासिल किस तरह होगा, यह स्पष्ट नहीं किया गया है. झारखंड के बजट का आकार बढ़ा है और विकास दर भी देश के अन्य राज्यों के विकास दर से बेहतर बताया गया है. इस बजट में किसानों के दो लाख तक कर्ज माफी का एलान महागठबंधन के दलों के राजनीतिक संकल्प का परिचय देता है. यह माफी एक ऐसे समय में दी गयी है जब देश के कुछ राज्यों के किसान एमएसपी की मांग को ले कर संघर्षरत हैं. इन किसानों की एक मांग कर्ज माफी की भी है. दरअसल किसान इस समय भारतीय राजनीति के केंद्र में हैं और चंपाई सोरेन की सरकार ने किसानों के हितों का ध्यान रखने का भरपूर प्रयास किया है. गांव, गरीब और किसानों पर फोकस बजट झारखंड के विकास के लिए सुसंगत राह बनाने में मदद कर सकता है. इसके साथ ही इस बात का भी ध्यान रखा गया है कि राज्य में निवेश आमंत्रण का माहौल बने, ताकि रोजगार के सवाल को हल किया जा सके. बेरोजगारी इस समय झारखंड ही नहीं, पूरे देश की एक गंभीर समस्या बनी हुई है और शासक समूहों के पास इस समस्या के हल के लिए ठोस रणनीति को ले कर स्पष्टता नहीं है. गठबंधन सरकार की पहल बेराजगारों के सवालों को हल करने की दिशा में कितना कारगर साबित होगा, यह तो भविष्य ही बताएगा, लेकिन रोजगार सृजन के उपायों पर ध्यान देना सरकार की प्राथमिकता है. ऐसा संकेत बजट में है. बजट के अनुसार 7.7% विकास दर 2024-25 में रहने की संभावना है. यह भी दावा किया गया है कि राजस्व आय में लगातार वृद्धि हुई है. 2021-22 में 31320 करोड़, वर्ष 22-23 में 37945 करोड़ हो गई. 23-24 में 47120 करोड़ रुपए राजस्व आय प्राप्त हुई. इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 24-25 में 53,500 करोड़ आय का इस बार अनुमान है. बजट में सरकार के अबुआ आवास योजना के तहत राज्य के गरीबों को पक्का आवास बनाने के लिए लाभार्थियों को पांच किस्त में ₹200000 की आर्थिक सहायता दी जाएगी. वित्तीय वर्ष 23-24 में 2 लाख वित्तीय वर्ष 24-25 में 2 लाख आवास प्रस्तावित हैं. 2027-28 तक कुल 20 लाख आवास का निर्माण करने की बात कही गई है. बजट में 11316 करोड़ रुपए का बजट ग्रामीण विकास विभाग के लिए रखा गया है. पुरानी पेंशन योजना के तहत 700 करोड़ रुपए पिछले साल निवेश किया गया. 2024-25 के लिए 736 करोड़ का बजट पुरानी पेंशन योजना के लिए प्रस्तावित है.

> गांव, गरीब और किसानों पर फोकस बजट झारखंड के विकास के लिए सुसंगत राह बनाने में मदद कर सकता है. इसके साथ ही इस बात का भी ध्यान रखा गया है कि राज्य में निवेश आमंत्रण का माहौल बने, ताकि रोजगार के सवाल को हल किया जा सके.

## सुभाषित

**अनेकसंशयोच्छेदि परोक्षार्थस्य दर्शकम्।**
**सर्वस्य लोचनं शास्त्रं यस्य नास्त्यन्ध एव सः।।**

जो अनेक शंकाओं को दूर करता है, भूत-भविष्य और परोक्ष को प्रत्यक्ष रूप से प्रदर्शित करता है, जिसके पास उन शास्त्रों की दिव्य दृष्टि नहीं है, वह वास्तव में अंधा है. इसलिए शास्त्रों का ज्ञान होना आवश्यक है.

# अभिव्यक्ति की आजादी पर हमला

**कंपनी ने अदालत से कुछ खातों को ब्लॉक करने के सरकार के फैसले की समीक्षा करने को कहा है. कंपनी का मानना है कि लोगों को यह बताना ज़रूरी है कि उनके खाते कब ब्लॉक किए गए हैं, भले ही सरकार हमसे ऐसा नहीं चाहती हो. कंपनी को ऐसा लगता है कि इस जानकारी को साझा करना महत्वपूर्ण है, ताकि लोग देख सकें कि निर्णय कैसे लिए जाते हैं और सरकार को जवाबदेह ठहराया जा सके.**




एक बड़ी सोशल मीडिया कंपनी 'एक्स' (पहले ट्विटर) ने आंदोलनकारी किसानों सहित उनके आंदोलन को कवर करनेवाले पत्रकारों का अकाउंट भारत में बंद कर दिया. क्या इसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला माना जाये? कंपनी का कहना है कि उसे असहमति के बावजूद भारत सरकार के दबाव के कारण ऐसा करना पड़ा. कंपनी सवाल भी कर रही है कि क्या भारतीय लोकतंत्र में लोगों को अब बोलने की इजाज़त नहीं मिलेगी? भारत में मुख्यधारा के मीडिया सिर्फ सरकार की तारीफ करते हैं, उससे सवाल नहीं करते. जो सरकार की आलोचना करता है, उसके सोशल मीडिया अकाउंट ब्लॉक कर दिए जाते हैं. पारदर्शिता के लिए यह महत्वपूर्ण है कि जब लोगों के खाते सरकार द्वारा ब्लॉक किए जाएं तो उन्हें सूचित किया जाए. सरकार को उन आवाजों को चुप कराना या बंद करना चाहिए जो देश के हित के विरुद्ध हैं. लोकतंत्र बहस और चर्चा से फूलता-फलता है. इसलिए पत्रकारों और किसानों के खाते बंद करना इस सिद्धांत के खिलाफ है.
चिंताजनक है कि एक बहुराष्ट्रीय सोशल मीडिया कंपनी दावा करती है कि उसपर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को प्रतिबंधित करने के लिए दबाव डाला जा रहा है. मीडिया को आंख मूंदकर समर्थन करने के बजाय सरकार को जवाबदेह ठहराना चाहिए. लोगों को अपनी राय साझा करने के लिए एक मंच की जरूरत है और उन्हें चुप नहीं रहना चाहिए. यह खतरनाक है जब सरकार वैश्विक कंपनियों के खाते बंद कर सकती है. सरकार को अपनी प्रतिष्ठा पर विचार करना चाहिए, न कि केवल सत्ता और नियंत्रण पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए. व्यक्तियों के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वे अपनी बात कहें और अपनी मान्यताओं से समझौता न करें.
कंपनी ने अदालत से कुछ खातों को ब्लॉक करने के सरकार के फैसले की समीक्षा करने का अनुरोध किया है. कंपनी का मानना है कि लोगों को यह बताना ज़रूरी है कि उनके खाते कब ब्लॉक किए गए हैं, भले ही सरकार हमसे ऐसा नहीं चाहती हो. कंपनी को ऐसा लगता है कि इस जानकारी को साझा करना महत्वपूर्ण है, ताकि लोग देख सकें कि निर्णय कैसे लिए जाते हैं और सरकार को जवाबदेह ठहराया जा सके. कंपनी का कहना है कि यदि वे खातों को ब्लॉक करने की जानकारी सार्वजनिक नहीं करते हैं तो निर्णय अनुचित हो सकता है और जिम्मेदारी लेने वाला कोई नहीं होगा. कंपनी नहीं चाहती कि सही चीज़ के लिए खड़े न होने के लिए वह स्वयं को दोषी महसूस करे. कंपनी को उम्मीद है कि सरकार को यह एहसास होगा कि उन्हें अलग-अलग राय सुननी चाहिए और उन लोगों के खातों को ब्लॉक नहीं करना चाहिए, जो उनकी नीतियों पर सवाल उठाते हैं या महत्वपूर्ण घटनाओं पर रिपोर्ट करते हैं. लोकतंत्र का मतलब चर्चा और बहस करना है और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा करना महत्वपूर्ण है. कुछ लोगों ने ब्लॉक किए गए खातों के समर्थन में बात की है, लेकिन अब सरकार के आदेश की वजह से उनके संदेश भारत में नहीं देखे जाएंगे. किसान आंदोलन के कुछ महत्वपूर्ण नेता, जो सरकार से बात कर रहे थे, उनके खाते बंद कर दिए गए. उनमें सुजीत फूल, तेजवीर सिंह अंबाला, रमनदीप सिंह मान, हरपाल संघा और अशोक दनौदा के साथ हुआ. जब कृषि मंत्री ने कहा कि सरकार बात करना चाहती है, तब भी नेताओं के अकाउंट बंद थे. नेताओं का यह भी आरोप है सरकार हमारे असली खाता बंद करवा कर उसकी जगह फर्जी खाता बनाकर आंदोलन से जुड़े लोगों को दिग्भ्रमित करने का प्रयास कर रही है. सरकार हमारे फेसबुक पेज पर भी फर्जी चीजें अपलोड कर रही है. हमें सभी को यह बताने की जरूरत है कि इन फर्जी खातों पर भरोसा न करें और खुद को सुरक्षित रखें. मीडिया किसानों को अच्छे तरीके से नहीं दिखा रहा है और किसानों के पास अपने विचार साझा करने के लिए जगह नहीं है. उन्हें अपनी फसलों के उचित दाम नहीं मिल रहे हैं और उनके पास सरकार से बात करने का कोई रास्ता नहीं है. हमें शांतिपूर्वक अपने अधिकारों के लिए लड़ते रहना होगा.
किसान आंदोलन को कवर कर रहे स्वतंत्र पत्रकार मनदीप पुनिया भी उन्हीं लोगों में शामिल हैं, जिनके एक्स एकाउंट बंद कर दिये हैं. सरकार उन लोगों के खाते बंद कर रही है, जो आंदोलन के बारे में बोल रहे हैं. ऐसा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 69ए नामक कानून के तहत हो रहा है. सरकार निष्पक्ष नहीं हो रही है, क्योंकि वह पत्रकारों को यह नहीं बता रही है कि उनके खाते क्यों बंद किये जा रहे हैं. द वायर नामक समाचार वेबसाइट के संचालक का आरोप है कि सरकार उन्हें गलत तरीके से सेंसर कर रही है. हर किसी को बोलने का मौका मिलना और उनकी आवाज सुना जाना महत्वपूर्ण है. 2017 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि लोकतंत्र के लिए स्वतंत्र और जीवंत प्रेस का होना बहुत जरूरी है. उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि सोशल मीडिया अब लोगों के लिए बात करने और जानकारी साझा करने का एक बड़ा माध्यम है. हालांकि, अब ऐसा लगता है कि प्रधानमंत्री मोदी की सरकार प्रेस की स्वतंत्रता को सीमित कर रही है, जैसा कि फाइनेंशियल टाइम्स ने रिपोर्ट किया है. मोदी जब 2014 में पहली बार प्रधान मंत्री बने थे तो उन्हें भारत के पहले सोशल मीडिया पीएम के रूप में जाना जाता था. बीबीसी और अन्य जगहों की रिपोर्ट से पता चलता है कि अप्रैल 2023 में सोशल मीडिया को लेकर उनके दृष्टिकोण में बदलाव आ गया और अब लगता है कि प्रधानमंत्री मोदी पत्रकारों की चिंताओं पर ध्यान नहीं दे रहे हैं.

**• देश-काल**



ब्रज भूषण पाण्डेय

## • बोधि-वृक्ष

सुज्ञ



### अनर्थक जड़-ज्ञान

ज्ञान ही मनुष्य को अन्य जीव-जंतुओं से भिन्न बनाता है, किंतु वही ज्ञान सार्थक है, जो जीवन को सार्थक बना दे. दुविधाओं के कील कांटे हटा कर परमात्मा तक पहुंचने के मार्ग को प्रशस्त कर सके, जिससे विवेक प्रोत्साहित होता रहे और सत्कार्यों में समय व्यतीत कराये. उस ज्ञान का कोई अर्थ नहीं, जिसके साथ बुध्दि, विवेक, सजगता और सावधानी न हो. हंसः श्वेतो बकः श्वेतो को भेदो बकहंसयोः. नीरक्षीरविवेके तु हंसः हंसो बको बकः.. रामकृष्ण परमहंस ने अपने शिष्यों से वार्तालाप में एक बार बताया कि ईश्वर द्वारा बनायी गयी इस सृष्टि के कण-कण में परमेश्वर का वास है. अतः प्रत्येक जीव के लिए हमें अपने मन में आदर एवं प्रेम का भाव रखना चाहिए. एक शिष्य ने इस बात को मन में बैठा लिया. कुछ दिन बाद वह कहीं जा रहा था. उसने देखा कि सामने से एक हाथी आ रहा है. हाथी पर बैठा महावत चिल्ला रहा था - सामने से हट जाओ, हाथी पागल है. वह मेरे काबू में भी नहीं है. शिष्य ने यह बात सुनी, पर उसने सोचा कि गुरुजी ने कहा था कि सृष्टि के कण-कण में परमेश्वर का वास है. अतः इस हाथी में भी परमेश्वर होगा. फिर वह मुझे हानि कैसे पहुंचा सकता है ? यह सोचकर उसने महावत की चेतावनी पर कोई ध्यान नहीं दिया. जब वह हाथी के निकट आया तो परमेश्वर का रूप मानकर उसने हाथी को साष्टांग प्रणाम किया. इससे हाथी भड़क गया. उसने शिष्य को सूंड में लपेटा और दूर फेंक दिया. शिष्य को बहुत चोट आयी. वह कराहता हुआ रामकृष्ण परमहंस के पास आया और बोला - आपने जो बताया था, वह सच नहीं है. यदि मुझमें भी वही ईश्वर है, जो हाथी में है, तो उसने मुझे फेंक क्यों दिया ? परमहंस जी ने हंस कर पूछा - क्या हाथी अकेला था ? शिष्य ने कहा - नहीं, उस पर महावत बैठा चिल्ला रहा था कि हाथी पागल है. उसके पास मत आओ. इस पर परमहंस जी ने कहा - पगले, हाथी परमेश्वर का रूप था, तो उस पर बैठा महावत भी तो उसी का रूप था. तुमने महावत रूपी परमेश्वर की बात नहीं मानी, इसलिए तुम्हें हानि उठानी पड़ी. कथा का अभिप्राय यह है कि प्रत्येक धारणा को, उसमें निहित विचार को विवेक बुद्धि से ग्रहण करना चाहिए. भक्ति या आदर भाव से ज्यों का त्यों पकड़ना, सरलता नहीं, मूढ़ता है. बेशक ! विचार-विलास भरी वक्रता न हो, स्थितप्रज्ञ सम जड़ता भी किसी काम की नहीं है.

# युद्ध अपराधों के दोषियों को बचाने की कोशिश

**• देशांतर**

एस. चक्रवर्ती

गाजा पट्टी में इजरायली रक्षा बलों के युद्ध अपराधों को लगातार समर्थन देने के कारण संयुक्त राज्य अमेरिका को अंततः अपने समर्थक देशों से बड़े अलगाव का सामना करना पड़ रहा है. बाइडेन सरकार को मंगलवार रात अंतरराष्ट्रीय निंदा का सामना करना पड़ा जब उसके प्रतिनिधि ने गाजा में तत्काल मानवीय युद्धविराम की मांग करने वाले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव को वीटो कर दिया. महत्वपूर्ण बात यह थी कि गाजा युद्ध में इजरायल का समर्थन करने वाले वर्तमान अमेरिका के करीबी सहयोगी ब्रिटेन ने भी मतदान में भाग नहीं लिया, लेकिन सुरक्षा परिषद के शेष 13 सदस्यों ने प्रस्ताव का समर्थन किया, जो आसपास के देशों के मजबूत समर्थन को दर्शाता है. युद्ध समाप्त करने के लिए संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव का समर्थन करने वाले देशों में नाटो का एक प्रमुख सदस्य फ्रांस भी शामिल था. हमास आतंकवादियों और इजरायल के बीच युद्ध पिछले साल 7 अक्टूबर को शुरू हुआ था, जब हमास ने इजरायली ठिकानों पर अचानक हमला कर दिया था और अनेक इजरायली सैनिकों को मार डाला था और बंधक बना लिया था. इजरायल ने जवाबी कार्रवाई की. उस समय कई देशों ने हमास की कार्रवाई की निंदा की, लेकिन इज़रायल ने गाजा पट्टी में नागरिकों की बर्बर हत्या जारी रखी और घोषणा की कि जब तक हमास का एक भी आतंकवादी जीवित रहेगा, वे युद्ध नहीं रोकेंगे. इसका पूरा उद्देश्य फिलिस्तीनियों को गाजा पट्टी से खदेड़कर जातीय सफाया करना है.गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, 7अक्टूबर के बाद से, पिछले साढ़े चार महीनों में, इजरायल के सैन्य हमले में 29,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गये हैं, जिनमें से अधिकांश महिलाएं और बच्चे हैं. अब तक 1300 से अधिक इजरायली सैनिक मारे गये हैं. अंतर यह है कि जहां हमास के आतंकवादियों ने ज्यादातर इजरायली सैनिकों को मार डाला, वहीं इजरायलियों ने महिलाओं और बच्चों सहित फिलिस्तीनी नागरिकों को निशाना बनाया. इससे पहले भी अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव पर वीटो किया था लेकिन इस बार संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव के पक्ष में व्यापक समर्थन मिला. चीन के संयुक्त राष्ट्रदूत झांग जून ने वाशिंगटन के वीटो पर 'गंभीर निराशा और असंतोष' व्यक्त किया. दूत ने कहा कि अमेरिकी वीटो से गाजा में स्थिति और खतरनाक होने का गलत संदेश जाता है. उन्होंने कहा कि अमेरिका द्वारा युद्धविराम पर आपत्ति कुछ और नहीं बल्कि इजरायल को नरसंहार जारी रखने की हरी झंडी है.

> युद्ध समाप्त करने के लिए संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव का समर्थन करने वाले देशों में नाटो का एक प्रमुख सदस्य फ्रांस भी शामिल था. हमास आतंकवादियों और इजरायल के बीच युद्ध पिछले साल 7 अक्टूबर को शुरू हुआ था, जब हमास ने इजरायली ठिकानों पर अचानक हमला कर दिया था और अनेक इजरायली सैनिकों को मार डाला था और बंधक बना लिया था. इजरायल ने जवाबी कार्रवाई की.

क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएलडियाज़-कैनेलबरमूडेज़ ने भी अमेरिका पर हमला बोलते हुए कहा कि युद्धविराम के आह्वान को रोककर, अमेरिकी अधिकारियों ने खुद को 'फिलिस्तीन के खिलाफ इजरायल के इस नरसंहार में भागीदार' बना दिया. फ्रांस, नॉर्वे, रूस, कतर, सऊदी अरब और फिलिस्तीनी प्राधिकरण सहित अन्य लोगों ने अमेरिकी वीटो की आलोचना की. यह गाजा में युद्धविराम की मांग करने वाले सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव को अमेरिका द्वारा खारिज करने की तीसरी घटना थी. अमेरिकी राजदूत लिंडाथॉमस-ग्रीनफील्ड ने हालांकि दावा किया कि अल्जीरिया द्वारा पेश किया गया प्रस्ताव, बंधक समझौते पर संवेदनशील वार्ता पर 'नकारात्मक प्रभाव' डालेगा और लड़ाई में कम से कम छह सप्ताह के लिए रुकावट डालेगा.
पूरे गाजा में, इजरायल द्वारा हत्याओं का दौर जारी है, पिछले दो दिनों में कम से कम 67 फिलिस्तीनियों की जानें चली गई हैं. सहायता समूह डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स ने कहा कि इजरायली ऑपरेशन के दौरान गाजा पट्टी में उसके कर्मचारियों के आवास पर हमला होने से दो लोग मारे गये थे. वह एक ऐसा क्षेत्र है जहां फ़िलिस्तीनियों को आश्रय लेने के लिए कहा गया है. विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) ने मंगलवार को उत्तरी गाजा में भोजन और सहायता वितरण को रोकने की घोषणा की, क्योंकि उसके ड्राइवरों को लॉरियों में इकट्ठा होने वाले हताश निवासियों की गोलीबारी और हिंसा का सामना करना पड़ा. संयुक्त राष्ट्र एजेंसी ने कहा कि दो साल से कम उम्र के छह बच्चों में से एक गंभीर रूप से कुपोषित है और लोग भूख से संबंधित कारणों से मर रहे हैं. डब्ल्यूएफपी ने कहा, 'इन पिछले दो दिनों में, हमारी टीमों ने अभूतपूर्व स्तर की हताशा देखी.' अजीब बात है कि अधिकांश प्रमुख ब्रिक देश गाजा पट्टी में नरसंहार के लिए इजरायल पर हमला कर रहे हैं, भारत अभी भी इजरायल के प्रति मैत्रीपूर्ण रवैया अपना रहा है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के साथ मित्रता है.

# फिलिस्तीनियों के पक्ष में सांस्कृतिक प्रतिरोध

**• सामयिकी**

पुष्परंजन

इस बार भारतीय-अमेरिकी फिल्म निर्माता सुनील संजगिरी ने बर्लिन में चल रहे 74वें फिल्म महोत्सव 'बर्लिनाले' का बहिष्कार कर दिया. 15 से 25 फरवरी, 2024 तक आयोजित 'बर्लिनाले' में संजगिरी गोवा की पृष्ठभूमि पर आधारित पुर्तगाली साम्राज्य के खिलाफ उपनिवेशवाद-विरोधी प्रतिरोध के बारे में अपनी फिल्म प्रदर्शित करने के लिए आये हुए थे, लेकिन बर्लिनाले का माहौल देखकर उन्हें लगा कि प्रीमियर ऐसे असहज वातावरण में न ही करायें तो बेहतर. संजगिरी की फ़िल्म पुर्तगाली उपनिवेशवाद के खिलाफ भारत और अफ्रीका में साझा संघर्ष की कहानियां उकेरती हैं, जो 1960 से सत्तर के दशक में दोनों महाद्वीपों के बीच विकसित हुई एकजुटता को उजागर करती है. इंस्टाग्राम पर संजगिरी ने जर्मन अधिकारियों पर गाजा में युद्ध में फिलिस्तीनियों के समर्थन में बोलने वाली आवाजों को चुप कराने का आरोप लगाया. इंस्टा पर सुनील संजगिरी का संदेश था, 'मैं सहभागी नहीं बनूंगा. यहां सभी के हाथ खून से सने हैं.' लेकिन एक्टर मनोज वाजपेयी, "सबसे भले वो मूढ़ जिन्हें न व्यापे जगत गति " की मुद्रा में अपनी फ़िल्म 'द फेबल' की स्क्रीनिंग में व्यस्त दिखे. बर्लिनाले फिल्म फेस्टिवल मैंने लगातार पांच साल कवर किये. दो कैटेगरी के फ़िल्मकार व कलाकार यहां जुटते हैं, एक जिन्हें ग्लैमर वर्ल्ड और बॉक्स आफिस में अपनी उपस्थिति दर्ज़ करानी होती है और दूसरे वो लोग जो दुनिया में दमन-उत्पीड़न व भेदभाव से सरोकार रखते हुए प्रतिरोध जताते हैं. मनोज वाजपेयी पहले वाले हैं. बर्लिन बहिष्कार की घोषणा करते हुए संजगिरी ने 'स्ट्राइक जर्मनी' अभियान को समर्थन व्यक्त किया, जो जनवरी में गुमनाम कलाकारों द्वारा शुरू की गई एक पहल थी, जिसमें फिल्म निर्माताओं, संगीतकारों, लेखकों और कलाकारों से जर्मनी में सांस्कृतिक कार्यक्रमों से दूर रहने का आह्वान किया गया था. आयोजकों ने लिखा, 'यह जर्मन सांस्कृतिक संस्थानों द्वारा मैककार्थीवादी नीतियों के उपयोग को अस्वीकार करने का आह्वान है जो विचारों की स्वतंत्रता, विशेष रूप से फिलिस्तीन के साथ एकजुटता की अभिव्यक्ति को दबाते हैं.' बर्लिनाले में भी लगभग 1,600 कलाकारों ने 'स्ट्राइक' के समर्थन में साइन अप किया है, जिसमें फ्रांसीसी नोबेल पुरस्कार विजेता एनी एर्नाक्स भी शामिल हैं. पिछले महीने, बर्लिन के सीटीएम संगीत समारोह ने 'स्ट्राइक जर्मनी' के साथ एकजुटता दिखाते हुए कई कलाकारों की वापसी की घोषणा की. आलोचकों का कहना है कि सरकार ने इस्राइल की


> ब्रिटेन में, कलाकारों का एक नेटवर्क उन घटनाओं का दस्तावेज़ तैयार कर रहा है, जो कलाकारों के फलस्तीन समर्थक विचारों के कारण बहिष्कृत कर दी गई थीं. ब्रिस्टल में अर्नोल्फिनी आर्ट गैलरी ने भी दो फलस्तीनी फिल्म कार्यक्रमों को रद्द करने के बाद प्रतिक्रिया व्यक्त की कि यह ग़लत हो रहा है. नवंबर, 2023 में फ्रांसीसी कलाकारों के एक समूह ने एक 'मूक मार्च' का आयोजन किया.

किसी भी आलोचना को रोकने के लिए अपनी वित्तीय शक्ति का इस्तेमाल किया है. लेकिन जर्मन सरकार इन आरोपों को दृढ़ता से खारिज कर चुकी है. जर्मन संस्कृति मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, 'कला की स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की आज़ादी जर्मनी में लोकतंत्र के बुनियादी सिद्धांतों में से एक है जो निश्चित रूप से संघीय सरकार द्वारा संरक्षित है.'गाज़ा हमले के हवाले से फरवरी के शुरू में इतालवी शहर नेपल्स में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए, जब सरकारी प्रसारक 'आरएआई' ने लोकप्रिय सैनरेमो संगीत समारोह के समापन के दौरान रैपर घाली द्वारा 'नरसंहार को रोकने' की अपील से खुद को दूर कर लिया. ब्रिटेन में, कलाकारों का एक नेटवर्क उन घटनाओं का दस्तावेज़ तैयार कर रहा है, जो कलाकारों के फिलिस्तीन समर्थक विचारों के कारण बहिष्कृत कर दी गई थीं. ब्रिस्टल में अर्नोल्फिनी आर्ट गैलरी ने भी दो फिलिस्तीनी फिल्म कार्यक्रमों को रद्द करने के बाद प्रतिक्रिया व्यक्त की कि यह ग़लत हो रहा है. नवंबर, 2023 में फ्रांसीसी कलाकारों के एक समूह ने एक 'मूक मार्च' का आयोजन किया, जहां उन्होंने बिना किसी नारे के एक सफेद बैनर लगा रखा था. पिछले महीने, बर्लिन के सीटीएम संगीत समारोह ने 'स्ट्राइक' जर्मनी के साथ एकजुटता दिखाते हुए कई कलाकारों को वापस बुला लेने की घोषणा की. यूरोप के तीन प्रमुख फिल्म महोत्सवों में सबसे युवा, 'बर्लिनाले' की स्थापना 1932 में वेनिस फिल्म महोत्सव और 1946 में कॉन्स फिल्म महोत्सव के बाद 1951 में की गई थी. शुरुआत 6 जून, 1951 को जोन फोंटेन और गैरी ग्रांट अभिनीत अल्फ्रेड हिचकॉक की रेबेका से हुई थी. पश्चिम बर्लिन के टाइटेनिया-पालास्त सिनेमा में पहला फ़िल्मोत्सव हुआ था. नाम था बर्लिनाले. कम ही लोग जानते हैं कि जर्मन फिल्म महोत्सव 'बर्लिनाले' अमेरिकी प्रयासों से शुरू हुआ था. ऑस्कर मार्टे (1920-1995) बर्लिन में अमेरिकी सेना में एक 'फिल्म अधिकारी' थे.

## मीडिया में अन्यत्र

# वित्तीय स्थिरता का लक्ष्य और जवाबदेही

**भारतीय** रिजर्व बैंक ने हाल ही में पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ जो नियामकीय कदम उठाया है, उसने व्यवस्था में काफी असहजता पैदा की है. खासतौर पर तेजी से बढ़ते फिनटेक कारोबार में इसे लेकर असहज माहौल बना है. नियामक ने यह स्पष्ट किया है कि उसने उक्त कदम कंपनी के साथ पर्याप्त द्विपक्षीय चर्चा के बाद उठाया है, जबकि कुछ लोगों का मानना है कि ऐसा नियामक को कारोबार की प्रकृति की पर्याप्त समझ न होने के कारण हुआ है और इससे नवाचार को बढ़ावा मिलना कम हो सकता है. वित्तीय क्षेत्र में नियामक के विरुद्ध ऐसा दृष्टिकोण नया नहीं है. जोखिम को कम करने और वित्तीय स्थिरता बरकरार रखने के लिए नियामकीय हस्तक्षेप अल्पावधि में वृद्धि और विनियमित कंपनियों को प्रभावित करते हैं और अक्सर उन्हें लेकर ऐसी टिप्पणियां देखने को मिलती हैं. चाहे जो भी हो यह भी सही है कि नियामकों को एक बारीक संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता होती है और कोशिश होनी चाहिए कि बिना वित्तीय स्थिरता के लक्ष्य से समझौता किए नवाचार को बढ़ावा दिया जा सके. इस संदर्भ में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के हस्तक्षेप इस लक्ष्य को हासिल करने में दूर तक जाएंगे. सीतारमण ने सोमवार को फिनटेक कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों के साथ एक बैठक में सुझाया कि रिजर्व बैंक फिनटेक और स्टार्टअप की चिंताओं को दूर करने के लिए उनके साथ मासिक बैठक करे. साफ कहें तो नए दौर की फिनटेक कंपनियां ऐसे क्षेत्रों में काम कर रही हैं, जहां नियमन स्पष्ट रूप से परिभाषित नहीं हैं. वित्तीय सेवा विभाग से भी कहा गया है कि वे फिनटेक और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ एक दिन की कार्यशाला का आयोजन करें, जहां वे अपनी चिंताएं सामने रख सकती हैं. इससे भी फिनटेक को लाभ होना चाहिए, क्योंकि वे अपनी आशंकाएं सामने रख सकती हैं. नियामक और सरकार दोनों अगर फिनटेक की चिंताओं को सुनकर नवाचार को बढ़ावा देने के लिए जरूरी समायोजन करें तो बेहतर होगा.ऐसी चिंताएं हैं कि कुछ फिनटेक कंपनियां इन मानकों का पालन नहीं करती हैं. ऐसे में वित्त मंत्री द्वारा समय पर हस्तक्षेप किए जाने से फिनटेक की चिंताओं को दूर करने में मदद मिलेगी और ऐसा नियामकीय माहौल बनेगा जो नवाचार को बढ़ावा देता हो और अंतिम उपभोक्ता को लाभ पहुंचाता हो. फिनटेक कंपनियों का विकास रिजर्व बैंक के लिए चुनौती बना हुआ है. कुछ कंपनियों ने यूनीफाइड पेमेंट इंटरफेस की मदद से भुगतान को सुगम बनाया है तो वहीं बड़ी संख्या में ऐसी कंपनियां बैंकों और गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों से ऋण को सुगम बना रही हैं. इसके परिणामस्वरूप उपभोक्ता ऋण बहुत बढ़ गया है. **(बी.एस.)**



## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### आपात/आपाद

**आपात** और आपाद दोनों श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्द हैं. झटके में सुनने पर दोनों एक जैसे ही लगते हैं, लेकिन दोनों के अंतिम अक्षर ही स्पष्ट कर देते हैं कि दोनों के बीच कोई समानता नहीं है. आपात का अंतिम अक्षर जहां त है, वहीं आपाद का अंतिम अक्षर द. हिंदी शब्द सागर के अनुसार आपात तत्सम पुल्लिंग शब्द है और इसका अर्थ है किसी घटना का अचानक हो जाना, आरंभ, अंत, पहली झलक, प्रथम दर्शन, गिराना, अधःपतित करना, हाथी को पकड़ने के लिए उसे गड्ढे में गिराना, नरक. आपाद भी तत्सम संज्ञा पल्लिंग शब्द है. इसका अर्थ है पैर तक. इससे बना शब्द है आपादमस्तक, जिसका मतलब है सिर से पैर तक. दोनों के बीच मोटा-मोटी अंतर यही है. आपाद जैसा लगने वाला शब्द है आपद या आपदा, जो अर्थ के दृष्टिकोण से आपात के बहुत निकट है. आपद् का मतलब है विपत्ति, आपत्ति, दुख, कष्ट, विघ्न. सन् 2020 में आयी विश्वव्यापी महामारी कोरोना के दो साल के समय को आपातकाल की संज्ञा दी जाती है, जिसमें लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया था. मौत का ऐसा तांडव हुआ था कि श्मशानों और कब्रिस्तानों में अंतिम संस्कार के लिए जगह नहीं बची थी. आपातकाल का मतलब एक अप्रत्याशित घटना, जिसपर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता होती है. यह घटना अक्सर गंभीर या खतरनाक होती है. जैसे किसी के घर में आग लग जाना. आपातकाल एक महासंकट होता है. अगर आपके पास नौकरी नहीं है तो यह एक संकट है, अगर आपके पास नयी नौकरी तलाशने के लिए कुछ पैसे हैं. वहीं दूसरी ओर अगर नौकरी छूट जाती है तो आपके सामने आपातकालीन स्थिति बन जाती है, जब आपके पास बिलों का भुगतान करने के लिए पैसे नहीं होते. आपातकालीन परिस्थितियां कई प्रकार की होती हैं. जैसे चिकित्सा संबंधी, मौसम संबंधी जैसे बर्फ़ीला तूफ़ान, बवंडर और तूफ़ान आदि.

# एक बार फिर साइकल के दिन फिरे

**• तीर-तुक्का**

डॉ. सुरेन्द्र वर्मा

दिन हमेशा एक से नहीं रहते. चाहे जितने बुरे दिन क्यों न हों, कभी न कभी अच्छे दिन आते ही हैं. हमारे प्रधानमंत्री ने अच्छे दिनों का वादा किया था. पता नहीं हमारे अच्छे दिन आ पाए या नहीं, साइकल के दिन तो फिर ही गए हैं. इसमें मोदी जी का हाथ बेशक रहा ही होगा. दिल्ली में प्रदूषण से कारगर मुकाबला करने के लिए वित्तीय वर्ष से पहले ही दिल्लीवासी साइकल चलाने लगेंगे. बेचारे साइकल चलाना ही भूल गए थे. एक ज़माना था साइकल बड़ा सम्मानजनक वाहन था. लोग कोसों साइकल से सफ़र कर लेते थे. थकते नहीं थे. सेहत अलग ठीक रहती थी. लेकिन जब से स्कूटर आए, 'बाइक' आई, कारों के नए नए इफरात से मॉडल आए, साइकल का ज़बरदस्त अपमान होने लगा. धीमी चलती है, खुद अपने पैरों से चलानी पड़ती है. चलाने में आदमी थक जाता है. बहाने दर बहाने. लोगों ने साइकल चलाना छोड़ दी. मैं तो कहता हूं साइकल जितनी 'सेक्सी' गाड़ी और कोई हो नहीं सकती. नाजुक-नरमा, दुबली पतली, सुकुमार. तन्वंगी. जीरो फिगर और फिर भी क्या जीवट है. है और कोई ऐसी गाडी ? मुझे याद है अपनी जवानी के दिनों में मैं कैरियर पर अपने किसी मित्र को बैठाकर मीलों तफरीह के लिए निकल जाता था और साइकल का बाल-बांका भी नहीं होता था. लेकिन लोग हैं कि देखते देखते उस मुटल्ली 'बाइक' पर फ़िदा हो गए. साइकल बेचारी चुपचाप बैठी रही. सोचती रही, कभी उसके भी दिन आएँगे. आखिर आ ही गए उसके भी अच्छे दिन. साइकल बेचारी ने सचमुच बड़ा भुगता है. घर में बेकार पडी रही और कार मज़े लेती रही. रईसजादे कार घुमाने लगे. लेकिन कार पर एक्सरसाइज़ तो कर नहीं सकते थे. सो कसरत के नाम पर घर में पडी साइकल पर पैडल मारने लगे. और साइकल वहीं की वहीं पडी रही. बेचारी को बाहर की हवा ही नहीं लगने दी. पर उसके अच्छे दिन आखिर आ ही गए. अब कारें अपने अस्तबल, सौरी – गेराज में, मुंह फुलाए बिसूरती पडी रहेंगी. साइकल उड़ती फिरेगी. साइकल की बस यही खूबी लाजवाब है. चाहें जहां घुस जाती है. कितना ही भीड़-भड़क्का हो वह अपने लिए जगह बना ही लेती है. कारें खड़ी टापती रह जाती हैं; यहां तक कि 'बाइक' तक बस शोर मचाती हांफती रहती है, पर साइकल धीरे धीरे ही सही, सबको अंगूठा दिखाती आराम से अपनी बढ़त बना लेती है.



# लाइफ लाइन

## सर्वाइकल पेन के लिए योगासन

# कंधे, पीठ और गर्दन दर्द से मिलेगी राहत

आजकल लैपटॉप और कंप्यूटर पर घंटों काम करने की वजह से गर्दन में दर्द की समस्या काफी बढ़ गई है. लोगों का स्क्रीन टाइम काफी बढ़ गया है फिर चाहे मोबाइल हो, लैपटॉप हो या कंप्यूटर और टीवी, घंटों नजर गड़ाए रहते हैं. ऐसे में सर्वाइकल यानी कंधे, पीठ और गर्दन में दर्द से हर आयु वर्ग के लोग परेशान हैं.



ऋषि रंजन
योग एक्सपर्ट

सर्वाइकल पेन में गर्दन और कंधे के आसपास दर्द और जकड़न महसूस होती है. वहीं कई बार ये दर्द गर्दन के पिछले हिस्से से शुरू होकर सिर तक पहुंच जाता है जिसकी वजह से सिर में तेज दर्द होता है. इसे स्पाडिलाइटिस के नाम से भी जाना जाता है.

सर्वाइकल का दर्द ज्यादातर गलत पोश्चर की वजह से होता है. आजकल की लाइफस्टाइल में एक ही पोजीशन में बैठकर या लेटकर रहने की वजह से गर्दन के आसपास दर्द और जकड़न हो जाती है जो बढ़ते-बढ़ते सिर तक पहुंच जाती है. इन समस्याओं में घर में की गई ये एक्सरसाइज राहत दिलाती है. तो चलिए जानें कौन सी हैं एक्सरसाइज -

### 1. गर्दन की एक्सरसाइज

सबसे पहले सावधान मुद्रा में खड़े हो जाएं. फिर गर्दन को आगे की ओर झुकाएं. 10 से 15 सेकेंड तक इसी मुद्रा में रहें, जब तक कि गर्दन के पिछले हिस्से में खिंचाव ना महसूस होने लगे. कुछ सेकेंड के बाद वापस अपनी समान्य मुद्रा में वापस लौट आएं.



### 2. गर्दन को दाएं-बाए घुमाएं

सीधे खड़े होने के बाद गर्दन को पहले दाएं और फिर बाईं झुकाएं. दोनों तरफ गर्दन को झुकाते हुए करीब 5 सेकेंड तक रुकें. फिर सामान्य स्थिति में वापस आ जाएं. इस क्रिया को करीब 5-8 बार करें.

### 3. कंधे को घुमाएं

सीधी मुद्रा में खड़े हो जाएं और गर्दन को सीधा रखें. अब कंधों को सर्कुलर मोशन में घुमाएं. गोल-गोल कंधों को घुमाते समय गर्दन को बिल्कुल सीधा और आराम की मुद्रा में ही रखें. इस एक्सरसाइज को करीब आठ से दस बार दोहराएं.

### 4. गर्दन को नहीं हिलाएं

सीधे खड़े हो जाएं और फिर हाथों को सिर के ऊपर रखें. अब गर्दन को बिना हिलाएं दायीं ओर झुकें. करीब पांच सेकेंड रुकने बाद वापस सामान्य मुद्रा में आएं और फिर बाईं तरफ झुकें.

### 5. मत्स्यासन

मत्स्यासन योगाभ्यास करने के लिए सबसे पहले पीठ के बल लेटकर बाहों को अपने शरीर के नीचे मोड़ें. अब सिर और छाती को ऊपर उठाएं और सांस लें. फिर पीठ को झुकाते हुए सिर को जमीन पर रखें और कोहनियों से पूरे शरीर का संतुलन बनाए रखें. सांस अंदर बाहर छोड़ें. सहज होने तक इस स्थिति में बने रखें.



### 6. भुजंगासन

इस योगासन को करने के लिए सबसे पहले पेट के बल लेट जाएं. फिर हथेली को कंधों के नीचे रखते हुए सांस लें और शरीर के अगले हिस्सों को ऊपर की ओर उठाएं. 10-20 सेकंड्स तक इस पोजीशन में रहें और फिर सामान्य अवस्था में आ जाएं.



## झारखंड के औषधीय वृक्ष

# कुष्ठरोग, पित्त, ज्वर और कफ हरता है अमलतास



झारखंड में यदा-कदा सभी जगहों पर मिलने वाला औषधीय वृक्ष है "अमलतास". झारखंड में अमलतास का उपयोग पारंपरिक चिकित्सा ज्ञान रखने वाले अपने -अपने ढंग से करते थे पर ये पारंपरिक ज्ञान विलुप्त हो गया है. अमलतास को लैटिन में केसिया फिस्टुला कहते हैं और इंग्लिश में पुडिंग पाइप ट्री के नाम से जाना जाता है. झारखंड में इसे बंदरलौरी के नाम से नेतरहाट के भदवा भगत जी और मैकलुस्कीगंज के रुपलाल महतो जी ने परिचय करवाया था. इसके फल मल को मुलायम कर निकालने वाला, रुचिवर्धक, कुष्ठरोग, पित्त और कफ रोग हरने वाला है. ज्वर के हरेक अवस्था में हितकारी है. पुष्प पीतवर्ण के दीर्घ एवं पांच-पांच पंखुड़ियों वाले तथा एक एक मंजरी में बहुत से पुष्प लगते हैं. पत्तियों के झड़ने के बाद पीले फूल युक्त मंजरी संपूर्ण वृक्ष के ऊपर इस तरह से दिखती हैं मानों पीताम्बर द्वारा ढक दिया गया हो. इसे राजवृक्ष नाम से भी जाना जाता है. औषध के रूप में मूलत्वक्, बीज, मज्जा और पत्तियों का उपयोग करते हैं. मैकलुस्कीगंज में इसे देखा जा सकता है. पटना के बेली रोड स्थित महिला महाविद्यालय, कार्मेल स्कूल के पास और सदाकत आश्रम में पुष्प काल में इसकी शोभा अपूर्व हो जाती है और लोग सेल्फी पोज लेते देखा जा सकता है.



अनिल कुमार पाठक
औषधीय पौधों के जानकार

तस्वीर : अनिल कुमार पाठक

# क्या कोलेजन सेवन से थम जाएगी उम्र!



डॉ सरोज राय
डर्मेटोलॉजिस्ट
कॉस्मेटोलॉजिस्ट

**जैसे-जैसे हमारी उम्र बढ़ती है, हमारा शरीर कम कोलेजन का उत्पादन करता है, जिससे झुर्रियां, महीन रेखाएं और ढीली त्वचा की समस्या सामने आती हैं. बेशक उम्र का यह सच ज्यादातर लोगों के लिए अप्रिय ही है. हमारी इसी मन:स्थिति को ध्यान में रखते हुए मार्केट में इन दिनों एक शब्द खूब बूम कर रहा है, और वह है एंटी एजिंग. यदि आप सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं और त्वचा की देखभाल और मेकअप में रुचि रखते हैं, तो एक चीज जो हर प्रभावशाली व्यक्ति और सौंदर्य गुरु आपको सिखाता नजर आता है, वह है एंटी एजिंग के गुर. क्या खा, लगा और अपना लें जिससे आपकी त्वचा और बालों से आपकी उम्र का पता ही नहीं चले. बाज़ार सीरम, फेस क्रीम, मास्क और नवीनतम सप्लीमेंट्स सहित उत्पादों से भरा हुआ है जो आपको "युवा" दिखने या आपको चमकदार त्वचा देने का वादा करते हैं. इसी कड़ी का अगला नाम है-कोलेजन. यह जानने से पहले कि क्या कोलेजन आपकी त्वचा को उम्र के प्रभाव से मुक्त कर सकता है, आइए समझें कि यह वास्तव में क्या है -**



## कोलेजन क्या है?

बोलचाल की भाषा में कहें तो कोलेजन उस ग्लू या गोंद की तरह है जो हमारे शरीर को एक साथ रखता है. यह एक प्रकार का प्रोटीन है जो हमारी त्वचा, हड्डियों, मांसपेशियों, टेंडन और लिगामेंट्स में पाया जाता है. कोलेजन से हमारी त्वचा को मजबूती और लचीलापन मिलती है. इससे हड्डियां मजबूत होती हैं. हमारे शरीर के अंगों और मांसपेशियों की संरचना को पूर्ववत बनाए रखने में मददगार होता है. इससे हमारे चेहरे व उसकी त्वचा की संरचना की दृढ़ता बरकरार रहती है, उसमें लचीलापन, चमक व मोटाई रहती है. जब हम छोटे होते हैं, तो हमारा शरीर हमारे चेहरे के लिए अच्छी मात्रा में कोलेजन का उत्पादन करता है, जो हमारे चेहरे को कमसीन बनाता है. हालांकि, समय के साथ, हमारे शरीर में कोलेजन कम हो जाता है, जिसके परिणामस्वरूप महीन रेखाएं और झुर्रियां जैसे उम्र बढ़ने के लक्षण दिखाई देने लगते हैं और हमारी त्वचा हमारी उम्र की चुगली कर देती है.

## चर्चा में इन दिनों

सवाल यह है कि कोलेजन कोई नई चीज तो है नहीं, त्वचा विशेषज्ञों को इस बाबत हमेशा से पता था. फिर क्यों आज हर कोई अचानक कोलेजन के बारे में क्यों बात कर रहा है? दरअसल इसका श्रेय सोशल मीडिया को जाता है. हाल के दिनों में कई सेलेब्स ने इस प्रोटीन के बारे में बात करना शुरू कर दिया और इसे अपनी ३युवा त्वचा३ के पीछे का राज बताना शुरू कर दिया. कोलेजन की लोकप्रियता तब बढ़ गई जब भारतीय सेलेब्स ने कोलेजन से संबंधित ब्रांडों का समर्थन करना शुरू कर दिया. कई सेलेब्स ऐसे हैं जो सोशल मीडिया पर अपने डेली रूटीन को शेयर करते हैं और बताते हैं कि कोलेजन कैसे इसका एक अहम हिस्सा है. इंस्टाग्राम पर हैशटैग कोलेजन के दस मिलियन से अधिक पोस्ट हैं. मार्केट को इस ट्रेंड ने कोलेजन से भरपूर स्पलीमेंट, पाउडर, क्रीम जैसे प्रोडक्ट का भरमार लाने को प्रोत्साहित किया है.

## क्या कोलेजन लगाने से मदद मिलती है?

यूएस हेल्थ डिपार्टमेंट के वर्ष 2022 में किए गए एक रिसर्च रिपोर्ट के मुताबिक ओरल और टॉपिकल कोलेजन, दोनों से त्वचा की उम्र को बढ़ने से कम करने या देरी करने में असरदार होता है. इसे सीरम, लोशन आदि के रूप में त्वचा पर लगाना भी असरकारक है और यह एक बेहतर मॉइश्चराइजर से अधिक का परिणाम दिलाता है. रेटिनोइड्स, पेप्टाइड्स और विटामिन सी कोलेजन सिंथेसिस को सपोर्ट कर सकते हैं, हालांकि इसका प्रभाव अलग अलग शख्स पर अलग अलग हो सकता है.

## क्या हमें कोलेजन खाना चाहिए?

हम कोलेजन को दो रूपों में खा सकते हैं- एक तो स्वाभाविक रूप से, हमारे भोजन और सब्जियों-फलों के जरिए और दूसरा सप्लीमेंट के रूप में. आइए सबसे पहले बात करते हैं आपके भोजन में कोलेजन खाने के बारे में. मीट शोरबा, मछली और पोल्ट्री जैसे कोलेजन के प्राकृतिक स्रोतों वाले संतुलित आहार पर ध्यान केंद्रित करने से बेहतर परिणाम मिल सकते हैं. नियमित व्यायाम और पर्याप्त नींद जैसी जीवनशैली की आदतें अपनाने से भी स्वस्थ कोलेजन स्तर बनाए रखने में योगदान मिलता है.

## इन्होंने की चर्चा

नवंबर 2023 में, अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने अपनी एक इंस्टाग्राम स्टोरी से कोलेजन के फायदों के बारे में बताया. पचास की उम्र में अदा दिखाने वाली मलायका अरोड़ा भी अक्सर कोलेजन उत्पादों का प्रचार करते हुए और इसे अपनी चमकती त्वचा के पीछे का रहस्य बताते हुए देखी जाती हैं.

## कोलेजन के प्राकृतिक स्रोत

**बेरीज :** ये एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं जो कोलेजन को प्राकृतिक रूप से बनाने के लिए प्रोत्साहित करते हैं.

**खट्टे फल :** नारंगी, नींबू, अंगुर आदि में भरपूर मात्रा में विटामिन सी होते हैं. यह कोलेजन सिंथेसिस के लिए बेहद आवश्यक हैं.

**हरी पत्तेदार सब्जियां :** पालक, बथुआ और अन्य पत्तेदार सब्जियां विटामिंस और मिनरल से भरपूर होते हैं जो कोलेजन उत्पादन में सहायक होते हैं.

**अंडे :** अंडो में एमिनो एसिड होता है जो कोलेजन सिंथेसिस के लिए ब्लॉक निर्माण करता है.

**एवाकाडो :** हेल्दी वसा और विटामिन ई से भरपूर एवाकाडो भी कोलेजन उत्पादि करने में सहायक होता है और यह त्वचा के स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है.

**सूखे मेवे, सीड्स :** बादाम, अखरोट, तीसी आदि में एंटी ऑक्सीडेंट और हेल्दी फैट्स होते हैं जो कोलेजन सिंथेसिस को सपोर्ट करते हैं.

**मछली :** कुछ मछलियों जैसे सालमन में ओमेगा 3 फैटी एसिड भरपूर मात्रा में होते हैं. ये कोलेजन के निर्माण में सहायक होते हैं.




## कब लें कोलेजन सप्लीमेंट्स

**कई बार नेचुरल सोर्स कोलेजन की आपूर्ति के लिए पर्याप्त नहीं होते हैं. तब कोलेजन सप्लीमेंट का सेवन आवश्यक हो जाता है. लेकिन गूगल या किसी सेलब्स की सुनने की बजाय डर्मेटोलॉजिस्ट की सलाह से इनका सेवन कर बेहतर लुक और अनुभव को प्राप्त किया जा सकता है. वे आपकी उम्र, स्वास्थ्य और खानपान को ध्यान में रखते हुए उपयुक्त सुझाव दे सकते हैं जो आपके शरीर के लिए सबसे उत्तम हो. दरअसल यह अन्य चीजों की तरह सीधे ऑर्डर कर मंगा लेने वाला मामला नहीं. इसमें कुछ खास बातों का ध्यान रखना होता है. कोलेजन लेबल पर इन चीजों का ध्यान दें-**

### स्रोत

सप्लीमेंट कोलेजन का स्रोत क्या है, यह जानना बेहद आवश्क है. चिकन, अंडे, मछली जैसे प्राकृतिक स्रोत से प्राप्त कोलेजन सबसे बेहतर हैं. लेकिन जब हम सप्लीमेंट सेक्शन में आते हैं तो बेहतर है कि हम एनिमल कोलेजन का चयन करें. वीगन कोलेजन अपेक्षाकृत कम प्रभावी होते हैं.

### स्वाद

बुरा या बिना स्वाद का कोलेजन है तो यह संभव है कि यह बेहतर क्वालिटी जिसमें कोई फ्लेवर नहीं मिलाया गया है जो कोलेजन की क्वालिटी को प्रभावित करता है.

### प्रकार

कोलेजन सप्लीमेंट के कई प्रकार उपलब्ध हैं. टाइप 1 और टाइप 3 कोलेजन त्वचा के लिए बेहतर माने जाते हैं.

### अब्सॉर्प्शन

इस बात के लिए आश्वस्त हों कि आप जो कोलेजन सप्लीमेंट खा/पी रहे हैं, वह हाइड्रोलाइज्ड कोलेजन हो. इसका मतलब है कि जिस कोलेजन सप्लीमेंट का सेवन कर रहे हैं वह साइज में छोटा और अधिक अवशोषित होने वाला है जो बेहतर रिजल्ट देता है.

### जादू की छड़ी नहीं

अंत में महत्वपूर्ण बात यह कि कोलेजन चाहे प्राकृतिक स्रोत से प्राप्त करें या डर्मेटोलॉजिस्ट की सलाह से सप्लीमेंट के रूप में, यह आप पर असर दिखा भी सकता है और नहीं भी. ऐसे में अगर आप सोच रहे हैं कि इसका सेवन शुरू करते ही आप पर जादू की छड़ी सी चल जाएगी और कायाकल्प हो जाएगा तो ऐसी उम्मीद नहीं रखिए.

# रात भर आती नहीं नींद!



डॉ रजनी शर्मा
डीएमबीएस, बीएमबीएस

**केस 1.** 12 वर्ष की सोनिया को जबसे परीक्षा का शेड्यूल निकला है, पूरे दिन खासकर शाम में काफी नींद आती है. शाम में सो गई तो बीच रात में नींद टूट जाती है.

**केस 2.** 21 वर्षीय सौरभ को अक्सर डरावने सपने आते हैं. वह रात में डर से चिल्ला कर उठता है और एक बार नींद टूट जाने पर उसे दोबारा नींद नहीं आती है.

**केस 3.** 42 वर्षीय रुपाली काजल का जब से गॉल ब्लैडर रिमूवल का ऑपरेशन हुआ है तब से उसे अनिद्रा की शिकायत है. शरीर में लहर, जलन, बेचैनी बनी रहती है.

**केस 4.** 55 वर्षीय अनिकेत जी को डायबिटीज की समस्या बढ़ने के बाद से रात में बार-बार पेशाब महसूस होता है. इस कारण से रात में बिल्कुल नींद नहीं आती है.

अनिद्रा नींद के दौरान होने वाली तकलीफ है. इसके कई लक्षण हो सकते हैं जिनमें अचानक बिना किसी कारण नींद टूट जाना, नींद में चिल्लाना, नींद के दौरान चलना भागना नींद में बातें करना, नींद में हाथ पैर फेंकना, नींद से चौंक कर उठ जाना, हल्की सी आवाज पर भी चौंक कर उठ बैठना, अनेक प्रकार की चिंताओं से ग्रसित रहना, बहुत जम्हाई आना ,जम्हाई अधिक आने के कारण मुंह का जबड़ा आकड़ जाना आदि शामिल है. नींद के दौरान माथे तथा शरीर से पसीना निकलना, चोर डाकू भूत इत्यादि के स्वप्न देखना, मारपीट से भरे सपने देखना, पानी में डूबने का सपना देखना, बेचैनी युक्त स्वप्न देखना आदि भी इसके लक्षण हैं.

### अनिद्रा के कारण

अनिद्रा ऐसी बीमारी है जिसमें नींद के पर्याप्त अवसर होने के बावजूद लोग ठीक से नहीं सो पाते हैं. इसका मुख्य कारण मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी बीमारियां, तंत्रिका तंत्र से जुड़ी बीमारियां, जिसमें दिमागी थकान, मांसपेशियों में दर्द, शारीरिक मानसिक तकलीफ शामिल हैं. अनिद्रा के कई अन्य कारण भी हो सकते हैं जिसमें कोई गंभीर बीमारी, तनाव, सर्जरी, नशीले पदार्थों का सेवन, किसी नजदीकी की मृत्यु, कोई दुर्घटना जिसका मन पर काफी प्रभाव पड़ा हो इत्यादि नींद की समस्या का कारण हो सकते हैं. खराब जीवन शैली जिसमें अनियमित सोने जागने का शेड्यूल होना देर रात तक जगना और सुबह देर तक सोए रहना मुख्य कारण है. शारीरिक मेहनत कम करना, पौष्टिक भोजन कम करना और फास्ट फूड का अत्यधिक सेवन करना जिससे गैस्टिक की समस्या उत्पन्न होती है. यह सभी नींद में बाधा डालने का कारण बनते हैं.

### अनिद्रा का उपचार



खान-पान को संयमित रखकर अपनी खाने पीने तथा सोने जागने की आदतों में सुधार लाना चाहिए. योग तथा प्राणायाम से काफी हद तक शारीरिक मानसिक तनावों का प्रभाव दूर किया जा सकता है. सोने से पूर्व मोबाइल टीवी इत्यादि से दूरी बनाएं. हाथ पैर चेहरा धोना अथवा गर्म या ठंडे पानी से नहाना चाहिए. सोने से पहले साफ सुथरे बिस्तर पर नियमित समय पर जाना चाहिए. सोने से पहले अच्छी पुस्तक पढ़ना अच्छे विचार को मस्तिष्क में लाना चाहिए. अरोमा ऑयल की खुशबू घर में इस्तेमाल करना और मानसिक तनाव को दूर करने के लिए जतन करना चाहिए.

### होम्योपैथी की उपयोगी दवा

होम्योपैथ दवाओं में कैल्केरिया कार्ब,कॉफिया, ऐकोनाइट, कैम्फर, जेलीसिमियम, इग्नेशिया, बेलाडोना,कौक्युलस, नक्स वोमिका, सल्फर, सेलेनियम, फास्फोरस, टैबेकम, ऐम्ब्रा ग्रीसिया, ऐवेना सैटाइवा, स्कुटेलेरिया, एसिड फॉस, सिप्रिपीडियम, पैसीफ्लोरा, बेल्लिस, कैनेबिस इंडिका इत्यादि महत्वपूर्ण है.

### बायोकेमिक की उपयोगी दवा

बायोकेमिक दवाओं में काली फॉस, फैरम फॉस, मैग्निशियम फॉस, नेट्रम फॉस, साइलिशिया, नेट्रम म्यूर, कैल्केरिया फ्लोर,काली म्यूर,काली सल्फ आदि महत्वपूर्ण दवाएं दी जाती है. ध्यान रखें कि दवाएं कुशल चिकित्सक के परामर्श से लें.

## ये फल शरीर से गायब कर देंगे

# यूरिक एसिड



डॉ मनीषा घई
सीनियर डायटीशियन

*यूरिक एसिड इन दिनों आम समस्या है. जो इनसे पीड़ित हैं, अक्सर दवाओं के फेर में फंसे रहते हैं. हालांकि कुछ फल ऐसे हैं जो जिन्हें दैनिक जीवन में शामिल करना यूरिक एसिड से राहत दिला सकता है. आइए, ऐसे ही फलों की करें चर्चा-*

**जामुन :** एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर जामुन मेटाबॉलिज्म को बढ़ावा देता है. एसिड लेवल को बैलेंस करता है. शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने में मदद करता है. ये शरीर की सूजन कम करने में मददगार होता है.

**सेब :** हाई फाइबर से भरपूर सेब ब्लड में यूरिक एसिड को इकठ्ठा होने से रोकते हैं. सेब मैलिक एसिड का भी पावर हाउस है, जो यूरिक एसिड के प्रभाव को बेअसर करने में मदद करता है.

**केला :** केले में प्यूरीन बहुत कम होता है और यह विटामिन सी भरपूर मात्रा में होता है. यूरिक एसिड से संबंधित रोग गाउट पीड़ितों के लिए यह वरदान है. एनर्जी भी भी इससे भरपूर मिलती है.

**कीवी :** इसमें विटामिन सी, विटामिन ई, पोटेशियम, और फोलेट पाए जाते हैं, जो विषाक्त पदार्थ को शरीर से बाहर निकालने में भी मदद करते हैं. इसके नियमित सेवन करने से न केवल यूरिक एसिड को कंट्रोल किया जा सकता है.

**चेरी :** चेरी में विटामिन बी-6, विटामिन ए, विटामिन के, विटामिन सी और विटामिन बी भरपूर होता है. इसमें फास्फोरस, पोटेशियम, मैग्नीज, कॉपर, आयरन और कैल्शियम जैसे कई मिनरल्स पाए जाते हैं जो यूरिक एसिड कम करने में मददगार हैं.

**नींबू :** यूरिक एसिड को बाहर निकालने के लिए आपको दिन में कम से कम दो बार नींबू का पानी पीना चाहिए। नींबू में साइट्रिक एसिड होता है जो यूरिक एसिड को घोलने में मदद करता है.

### अजवाइन भी काम का

यूरिक एसिड को कम करने के लिए दिन में एक बार आधा चम्मच सूखे अजवायन के बीज खाने चाहिए. इसके साथ पानी का खूब सेवन करें. अजवाइन के बीज ओमेगा-6 फैटी एसिड से भरे होते हैं और इनमें डीयूरेटिक ऑयल भी पाया जाता है. यही वजह है कि यह यूरिक एसिड को बाहर निकालने के लिए किडनी के कामकाज को बेहतर बनाकर शरीर से अतिरिक्त तरल पदार्थ को साफ करने में मदद करता है.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी




**इटली के लोरेंजो से हारे नागल** | भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल अंतिम 32 में इटली के लोरेंजो सोनेगो से हार का सामना करना पड़ा. लोरेंजो ने कड़े मुकाबले में नागल को 4-6, 7-5, 1-6 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर का रास्ता दिखाया. बता दें कि भारतीय टेनिस स्टार नागल को इस टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ के लिए वाइल्डकार्ड मिला था.

दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप

# बोपन्ना-एबडेन व युकी-हासे की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में

1. बोपन्ना-एबडेन ने ऐसाम व सिकंदर की जोड़ी को हराया
2. 7-6,7-6 से जीती बोपन्ना व मैथ्यू एबडेन की जोड़ी

भाषा । दुबई

वरीयता प्राप्त रोहन बोपन्ना और ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की जोड़ी दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप में पुरूष युगल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई, जिन्होंने पाकिस्तान के ऐसाम उल हक कुरैशी और ट्यूनीशिया के सिकंदर मंसूरी को सीधे सेटों में हराया. पिछले महीने ऑस्ट्रेलियाई ओपन युगल खिताब जीतने वाले बोपन्ना और एबडेन ने एक घंटा 41 मिनट तक चले मैच में 7-6, 7-6 से जीत दर्ज की. अब उनका सामना उरूग्वे के एरियल बहार और चेक गणराज्य के एडम पाव्लासेक से होगा.

**युकी-हासे ने बुबलिक-मनारिनो की जोड़ी को हराया :** भारत के युकी भांबरी और नीदरलैंड के रॉबिन हासे ने कजाखस्तान के अलेक्जेंडर बुबलिक और फ्रांस के एड्रियन मनारिनो को 6-7, 6-3, 10-8 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई. अब उनका सामना बेल्जियम के सैंडर जाइले और जोरान विलेजेन और इंग्लैंड के जमाल मर्रे तथा न्यूजीलैंड के माइकल वीनस के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा.

# जहीर को देखकर सीखने का प्रयास करता था : एंडरसन

भाषा । नयी दिल्ली



- 700 अंतरराष्ट्रीय विकेट से महज दो विकेट दूर हैं जेम्स एंडरसन
- एंडरसन के नाम लगभग एक हजार अंतरराष्ट्रीय विकेट हैं

इंग्लैंड के महानतम तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने कहा है कि उन्होंने रिवर्स स्विंग सहित तेज गेंदबाजी के कुछ गुर भारत के दिग्गज तेज गेंदबाज जहीर खान से सीखे. एंडरसन 41 साल की उम्र में भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे हैं और 700 टेस्ट विकेट चटकाने वाला दुनिया का पहला तेज गेंदबाज बनने से सिर्फ दो विकेट दूर हैं. उनके नाम पर लगभग एक हजार अंतरराष्ट्रीय विकेट दर्ज हैं. अभी सिर्फ महान स्पिनर मुथैया मुरलीधरन और दिवंगत शेन वार्न के नाम पर 700 से अधिक टेस्ट विकेट हैं.

एंडरसन ने कहा कि मैंने जहीर खान को काफी खेलते हुए देखा है और उनसे सीखने का प्रयास किया है. वह किस तरह रिवर्स स्विंग का इस्तेमाल करता है, जब वह गेंदबाजी के लिए दौड़ता है तो गेंद को कैसे छिपाता है, यहां उसके खिलाफ खेलकर मैंने यह सीखने का प्रयास किया. भारत के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में से एक जहीर ने अपना आखिरी टेस्ट 2014 में खेला जब एंडरसन अपने खेल के शीर्ष पर थे. मौजूदा भारतीय तेज गेंदबाजों में एंडरसन जसप्रीत बुमराह की क्षमता से सबसे अधिक प्रभावित हैं. इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में बुमराह के मैच विजयी प्रदर्शन के बारे में पूछने जाने पर एंडरसन ने कहा कि उसके स्तर के किसी व्यक्ति से आप इस तरह के मानक की अपेक्षा करते हैं. आप जानते हैं कि रिवर्स स्विंग भारत में बड़ी भूमिका निभा सकती है और वह इसका काफी अच्छी तरह फायदा उठाता है.

## ब्रीफ खबरें

### ओलंपिक में पारूल पर रहेगी नजरें : अंजू

**नयी दिल्ली ।** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ की उपाध्यक्ष अंजू बॉबी जॉज ने बुधवार को कहा कि इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक में एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता स्टीपलचेज धाविका पारूल चौधरी पर नजरें रहेंगी और उन्हें भाला फेंक में एक से अधिक पदक की उम्मीद है. जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस खेलों के लिए अब तक भारत के नौ ट्रैक एवं फील्ड खिलाड़ियों ने क्वालीफाई किया है. भाला फेंका में गत चैंपियन नीरज चोपड़ा और किशोर जेना ओलंपिक में जगह बना चुके हैं. पारूल ने पिछले साल हांगजोउ एशियाई खेलों की 5000 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण और 3000 मीटर स्टीपलचेज में रजत पदक जीता था.

### आईटीएफ : वैष्णवी प्री क्वार्टर फाइनल में

**गुरूग्राम ।** युवा वैष्णवी अडकर ने उलटफेर करते हुए अपने से बेहतर रैंकिंग वाली जापान की अकिको ओमाए को हराकर बुधवार को यहां आईटीएफ महिला ओपन टेनिस टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई. क्वालीफाइंग दौर के जरिए मुख्य ड्रॉ में जगह बनाने वाली 19 साल की वैष्णवी ने पहले दौर के मुकाबले में लगभग दो घंटे में छह आईटीएफ खिताब जीतने वाली अकिको को 6-4, 2-6, 6-1 से हराया. पांचवीं वरीय सहजा यमलापल्ली, श्रीवल्ली रष्मिका भामिदिपति, वाइल्ड कार्ड धारक रिया भाटिया भी अंतिम 16 में जगह बनाने में सफल रहीं.

### नागपुर व मुंबई में होंगे रणजी सेफा

**नयी दिल्ली ।** रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में मुंबई और तमिलनाडु का सामना मुंबई में होगा जबकि मध्यप्रदेश और विदर्भ का मैच नागपुर में खेला जायेगा. नागपुर के वीसीए स्टेडियम और मुंबई के बीकेसी मैदान पर रणजी ट्रॉफी अंतिम चार के मुकाबले होंगे. विदर्भ ने कर्नाटक को 127 रन से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई. उसका सामना मध्यप्रदेश से होगा जिसने 2017-18 और 2018-19 में खिताब जीता था. मध्यप्रदेश ने क्वार्टर फाइनल में आंध्र को चार रन से हराया. वहीं मुंबई ने बड़ौदा के खिलाफ पहली पारी की बढत के आधार पर अंतिम चार में जगह बनाई.

**आईसीसी टेस्ट रैंकिंग :** 12वें स्थान पर पहुंचे जायसवाल

# जुरेल ने लगायी लंबी छलांग

भाषा । दुबई



- 31 स्थान के फायदे के साथ 69वीं पायदान पर पहुंचे जुरेल
- इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला से पहले 69वें स्थान पर थे जायसवाल
- रांची में शतक के बाद शीर्ष तीन में पहुंचे रूट

**गेंदबाजी रैंकिंग**

| रैंक | खिलाड़ी | देश | रेटिंग |
|---|---|---|---|
| 01 | जसप्रीत बुमराह | भारत | 867 |
| 02 | रविचंद्रन अश्विन | भारत | 846 |
| 03 | कगिसो रबाडा | दक्षिण अफ्रीका | 834 |
| 04 | पैट कमिंस | ऑस्ट्रेलिया | 828 |
| 05 | जोस हेजलवुड | ऑस्ट्रेलिया | 818 |

**बल्लेबाजी रैंकिंग**

| रैंक | खिलाड़ी | देश | रेटिंग |
|---|---|---|---|
| 01 | केन विलियमसन | न्यूजीलैंड | 893 |
| 02 | स्टीव स्मिथ | ऑस्ट्रेलिया | 818 |
| 03 | जो रूट | इंग्लैंड | 799 |
| 04 | डेरल मिचेल | न्यूजीलैंड | 780 |
| 05 | बाबर आजम | पाकिस्तान | 768 |

**ऑलरांउडर रैंकिंग**

| रैंक | खिलाड़ी | देश | रेटिंग |
|---|---|---|---|
| 01 | रविंद्र जडेजा | भारत | 449 |
| 02 | रविचंद्रन अश्विन | भारत | 323 |
| 03 | शाकिब अल हसन | बांग्लादेश | 320 |
| 04 | जो रूट | इंग्लैंड | 282 |
| 05 | अक्षर पटेल | भारत | 275 |

भारत के उदीयमान बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग में 12वें स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि ध्रुव जुरेल 31 स्थान चढ़कर 69वीं पायदान पर पहुंच गए है. जायसवाल इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले रैंकिंग में 69वें स्थान पर थे. चौथे मैच में 73 और 37 रन की पारी खेलने के बाद उनकी रैंकिंग में और सुधार आया है. प्लेयर ऑफ द मैच जुरेल 90 और 39 रन की पारी खेलकर 31 पायदान की छलांग लगाने में कामयाब रहे. इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट रांची में नाबाद 122 रन की पारी खेलने के बाद शीर्ष तीन में लौट आये हैं. इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जैक क्रॉली पहली बार शीर्ष 20 में पहुंच गए हैं. टी-20 रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड पहली बार शीर्ष 20 में पहुंच गए. टिम डेविड छह पायदान चढकर 22वें स्थान पर है. वनडे रैंकिंग में नामीबिया के बर्नार्ड शोल्ज 11वें स्थान पर हैं जिनके 642 रेटिंग अंक हैं.

**गेंदबाजों में जसप्रीत बुमराह शीर्ष पर बरकरार :** सीनियर स्पिनर रविचंद्रन अश्विन पांच विकेट लेकर शीर्ष रैंकिंग वाले जसप्रीत बुमराह से 21 अंक पीछे रह गए हैं. स्पिनर कुलदीप यादव दस पायदान चढकर 32वें स्थान पर आ गए हैं. वहीं इंग्लैंड के शोएब बशीर 38 पायदान चढकर 80वें स्थान पर हैं.

**बीसीसीआई केंद्रीय अनुबंध :** रोहित व विराट शीर्ष वर्ग में बरकरार

# किशन व अय्यर अनुबंध से बाहर

- सभी खिलाड़ी जब राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व नहीं कर रहे हों तो वे घरेलू क्रिकेट में खेलने को प्राथमिकता दें

भाषा । नयी दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को अपने केंद्रीय अनुबंध के शीर्ष वर्ग में बरकरार रखा है लेकिन ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को रणजी ट्रॉफी में खेलने के निर्देशों का पालन नहीं करने के बाद इस वर्ष के लिए बुधवार को जारी किए गए अनुबंध में जगह नहीं दी गई है. रोहित और कोहली के अलावा जसप्रीत बुमराह और रविंद्र जडेजा को बीसीसीआई अनुबंध के शीर्ष वर्ग (ए प्लस) में रखा गया है.

बीसीसीआई ने बयान में कहा कि कृपया ध्यान दें कि वार्षिक अनुबंध के लिए श्रेयस अय्यर और ईशान किशन के नाम पर विचार नहीं किया गया. बयान में कहा गया है कि बीसीसीआई ने सिफारिश की है कि सभी खिलाड़ी जब राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व नहीं कर रहे हों तो वे घरेलू क्रिकेट में खेलने को प्राथमिकता दें. चयन समिति ने तेज गेंदबाजों आकाश दीप, विजयकुमार विशाक, उमरान मलिक, यश दयाल और विदवथ कावेरप्पा के लिए भी अनुबंध की सिफारिश की है.



श्रेयस अय्यर



ईशान किशन

**कौन किस वर्ग में**

- **ए प्लस :** रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और रविंद्र जडेजा
- **ए :** रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, केएल राहुल, शुभमन गिल और हार्दिक पंड्या
- **बी :** सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और यशस्वी जायसवाल
- **सी :** रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, रुतुराज गायकवाड़, शार्दुल ठाकुर, शिवम दुबे, रवि बिश्नोई, जितेश शर्मा, वाशिंगटन सुंदर, मुकेश कुमार, संजू सैमसन, अर्शदीप सिंह, केएस भरत, प्रसिद्ध कृष्णा, आवेश खान और रजत पाटीदार

**किसको मिलगी कितनी सैलरी**

- ए प्लस : 7 करोड़ प्रतिवर्ष
- ए : 5 करोड़ प्रतिवर्ष
- बी : 3 करोड़ प्रतिवर्ष
- सी : 1 करोड़ प्रतिवर्ष

# जापान की टीम ने ओलंपिक के लिए किया क्वालीफाई

भाषा । तोक्यो

**खास बातें**

- जापान ने कोरिया को 2-1 से हराकर क्वालीफाई किया
- क्वालीफायर कर पहला मुकाबला ड्रॉ रहा था

जापान की महिला फुटबॉल टीम ने बुधवार को यहां दूसरे चरण के मुकाबले में उत्तर कोरिया को 2-1 से हराकर आगामी पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई किया. एशिया से ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली दो टीमों से एक का फैसला करने वाले दो मैच के मुकाबले का पहला मैच शनिवार को सऊदी अरब के जेद्दा में गोल रहित ड्रॉ रहा था. जापान को हाना ताकाहाशी ने 26वें मिनट बढ़त दिलाई जबकि आओबा फुजिनो ने 76वें मिनट में मेजबान टीम की बढ़त को 2-0 कर दिया. उत्तर कोरिया की ओर से एकमात्र गोल 80वें मिनट में किम ह्यो यंग ने किया लेकिन अपनी टीम को हार से नहीं बचा सकीं. जापान की जीत में गोलकीपर अयाका यामाशिता की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही जिन्होंने कुछ अच्छे बचाव किए. उन्होंने पहले हाफ में गेंद को गोल के अंदर जाने से कुछ मिलीमीटर पहले रोका. जापान ने 2012 ओलंपिक में रजत पदक जीता था लेकिन महिला टीम ने कभी स्वर्ण पदक नहीं जीता. उत्तर कोरिया पिछली बार 2012 में ओलंपिक की महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में खेला था लेकिन कभी पदक नहीं जीत पाया.

### आशी ने बनाया विश्व रिकॉर्ड से बेहतर स्कोर

**भोपाल ।** भारत के शीर्ष राइफल निशानेबाजों ने राष्ट्रीय चयन ट्रायल में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा जब बुधवार को यहां पेरिस ओलंपिक कोटा धारक अर्जुन बबूता ने लगातार दूसरा खिताब जीता जबकि एशियाई खेलों में तीन पदक जीतने वाली आशी चौकसी ने जीत के दौरान विश्व रिकॉर्ड से बेहतर स्कोर बनाया. अर्जुन ने पुरुष 10 मीटर एयर राइफल टी4 फाइनल में 252.5 अंक जुटाए जो दिव्यांश सिंह पंवार के 253.7 अंक के विश्व रिकॉर्ड से सिर्फ 1.2 अंक कम हैं. अर्जुन ने मंगलवार को टी3 ट्रायल जीतने के दौरान विश्व रिकॉर्ड की बराबरी की थी. टी3 में तीसरे स्थान पर रहे तमिलनाडु के श्री कार्तिक साबरी राज (252.2) ने दूसरा जबकि राजस्थान के यशवर्धन ने 230.8 अंक के साथ तीसरा स्थान हासिल किया.

# धर्मशाला टेस्ट से भी बाहर हो सकते हैं राहुल

## इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में भारतीय टीम का हिस्सा थे केएल राहुल

भाषा । नयी दिल्ली



**खास बातें**

- दाहिने जांघ में दर्द से परेशान हैं केएल राहुल
- विशेषज्ञ की राय लेने लंदन गए हैं राहुल

भारत के सीनियर बल्लेबाज केएल राहुल इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला में पांचवां और आखिरी टेस्ट भी नहीं खेल सकेंगे क्योंकि उनकी दाहिने जांघ की मांसपेशी में सूजन अभी भी है.राहुल हैदराबाद में पहले टेस्ट के बाद से नहीं खेले हैं लेकिन बीसीसीआई के मुताबिक वह राजकोट में इस महीने की शुरूआत में हुए तीसरे टेस्ट से पहले 90 प्रतिशत फिट थे. वह अपनी चोट को लेकर विशेषज्ञ की राय लेने लंदन गए हैं. भारतीय टीम श्रृंखला जीत ही चुकी है तो टीम प्रबंधन सात मार्च से धर्मशाला में शुरू हो रहे पांचवें टेस्ट के लिये उन्हें लेकर कोई जोखिम नहीं लेगा. राहुल आईपीएल में लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान हैं और मध्यक्रम में बल्लेबाजी की धुरी भी. वह अमेरिका और वेस्टइंडीज में जून में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिये भारतीय टीम में अपना दावा पुख्ता करने आईपीएल में बेहतरीन प्रदर्शन करना चाहेंगे.

आईपीएल के एक सूत्र ने कहा कि वह विशेषज्ञ की राय लेने लंदन गए हैं. उन्हें बल्लेबाजी करते समय दर्द महसूस हो रहा है. यह सुनिश्चित करना होगा कि वह पूरी तरह फिट है क्योंकि टीम को उनकी जरूरत लंबे समय तक है . आईपीएल में लगी इस चोट के कारण राहुल पिछले साल चार महीने क्रिकेट से दूर रहे.

वह सितंबर में एशिया कप में लौटे और दक्षिण अफ्रीका में ड्रॉ रही टेस्ट श्रृंखला में उन्होंने शतक जमाया. राहुल के नहीं खेलने के मायने हैं कि छह पारियों में सिर्फ 63 रन बना सके रजत पाटीदार टीम में रहेंगे हालांकि उनका खेलना तय नहीं है. वहीं रांची टेस्ट में आराम दिये जाने के बाद तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की वापसी होगी. विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंकों को देखकर हर मैच अहम है और धर्मशाला में बुमराह की मौजूदगी से काफी फर्क पड़ेगा. भारत डब्ल्यूटीसी तालिका में न्यूजीलैंड के बाद दूसरे स्थान पर है.

**पलटवार** हॉकी इंडिया के अध्यक्ष व महासचिव ने गुटबाजी के आरोप को किया खारिज, कहा-

# हॉकी की बेहतरी के लिए मिलकर करते रहेंगे काम

भाषा । नयी दिल्ली





हॉकी इंडिया में गुटबाजी और आपसी मतभेदों के आरोपों को खारिज करते हुए महासंघ के अध्यक्ष दिलीप टिर्की और महासचिव भोलानाथ सिंह ने बुधवार को एक संयुक्त बयान में कहा कि हॉकी की बेहतरी के लिये वे मिलकर काम करते रहेंगे. हॉकी इंडिया द्वारा जारी संयुक्त बयान में उन्होंने कहा कि हाल ही में कुछ निवर्तमान अधिकारियों ने मीडिया में कहा है कि हॉकी इंडिया में गुटबाजी है. यह सही नहीं है. हॉकी के हित के लिये हम एकजुट होकर काम करते रहेंगे. टिर्की और भोलानाथ ने संयुक्त बयान में कहा कि हॉकी इंडिया भारतीय हॉकी के विकास के लिये गठित स्वायत्त और पेशेवर ईकाई है. हमारा लक्ष्य हॉकी और अपने खिलाड़ियों की बेहतरी और प्रगति है. हमारी राष्ट्रीय टीमों को वैश्विक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिये हर तरह का सहयोग दिया जाता है. बयान में कहा गया कि महासंघ ने हर खिलाड़ी और टीम के साथ समानता का रूख रखा है. सभी को समान सुविधायें और लाभ दिये गए जिसमें नकद पुरस्कार और सम्मान शामिल है. हम जमीनी स्तर से लेकर प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर भी समानता में विश्वास रखते हैं. बयान में कहा गया कि हम महिला टीम को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में मदद के लिये हरसंभव प्रयास नये सिरे से करेंगे. इसके साथ ही पेरिस ओलंपिक में एक बार फिर पदक जीतने के लिये पुरूष टीम को हरसंभव सुविधायें मुहैया करायेंगे. इसमें आगे कहा गया कि हमें टीमों और अपने खिलाड़ियों के लिये हॉकीप्रेमियों के सतत सहयोग की जरूरत है.

**पूर्व सीईओ नॉर्मन ने लगाया था गटबाजी का आरोप**

तेरह साल बाद भारतीय हॉकी से नाता तोड़ने के बाद पूर्व सीईओ एलेना नॉर्मन ने मंगलवार को कहा था कि हॉकी इंडिया में जिस तरह का माहौल बन गया था, उसमें काम करना मुश्किल होता जा रहा था और ऐसे में उनके पास त्यागपत्र देने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था. उन्होंने कहा था कि हॉकी इंडिया में दो गुट हैं। एक तरफ वह और (अध्यक्ष) दिलीप टिर्की हैं तथा दूसरी तरफ (सचिव) भोलानाथ सिंह, (कार्यकारी निदेशक) कमांडर आर के श्रीवास्तव और (कोषाध्यक्ष) शेखर जे मनोहरन हैं.

**सम्मान की कमी के कारण कोच शॉपमैन ने दिया था इस्तीफा :** इससे पहले महिला हॉकी टीम की कोच यानेके शॉपमैन ने भी महिला हॉकी के प्रति पक्षपातपूर्ण रवैये और सम्मान की कमी का आरोप लगाकर इस्तीफा दिया था. भारतीय महिला हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई करने में नाकाम रही थी जिसके बाद शॉपमैन ने पद छोड़ा.

# रविंद्र न्यूजीलैंड टीम में, कोंवे बाहर

## ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच टेस्ट मैच आज से

- अंगूठे में चोट के कारण बाहर हुए कोंवे
- डब्ल्यूटीसी के तालिका में शीर्ष पर है न्यूजीलैंड

भाषा । वेलिंगटन



ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से यहां शुरू हो रहे पहले टेस्ट मैच के लिये रचिन रविंद्र को न्यूजीलैंड टीम में जगह दी गई है, जबकि डेवोन कोंवे बाहर हैं. कोंवे को दूसरे टी-20 मैच में अंगूठे में चोट लगी थी. शुरूआती स्कैन में पता चला कि फ्रेक्चर नहीं है लेकिन बाद में यहां कराये गए टेस्ट में पता लगा कि चोट गंभीर है. उनकी जगह विल यंग अब टॉम लाथम के साथ पारी का आगाज करेंगे. हेनरी निकोल्स की टीम में वापसी हुई है. न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा कि यह निराशाजनक है कि डेवोन इतने अहम मैच से पहले टीम से बाहर हैं. वह बेहतरीन खिलाड़ी है और यह श्रृंखला खेलना चाहता था. रविंद्र घुटने की चोट के कारण दूसरा और तीसरा टेस्ट नहीं खेल सके लेकिन अब खेलने के लिये फिट है. ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने अंतिम एकादश में कोई बदलाव नहीं किया है.

## ब्रीफ खबरें

### अज्ञात महिला का नहर में मिला शव

**अररिया।** फारबिसगंज में बुधवार को एक अज्ञात महिला का शव नहर में मिला है. महिला का शव भागकोहलिया पंचायत के चौरा परवाहा वार्ड संख्या 13 में 24 आरडी पुल के नीचे मिला. खेत में काम कर लौट रहे ग्रामीणों ने जब देखा तो ग्रामीण जनप्रतिनिधियों को इसकी सूचना दी. मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे और पुलिस को नहर में आरडी पुल के पास महिला के शव होने की जानकारी दी गई. पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को नहर से बाहर निकाला और मामले की जांच में जुट गई.

### एजीएम एक लाख घूस लेते गिरफ्तार

**खगड़िया।** खगड़िया जिले के राज्य खाद्य निगम के असिस्टेंट गोडाउन मैनेजर शाहिद रजा को निगरानी विभाग की टीम ने रंगे हाथों एक लाख पांच हजार रुपए रिश्वत लेते पकड़ा, जिसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया. निगरानी विभाग की इस कार्रवाई के बाद जिले के अन्य विभागों में भी हड़कंप है. यह मामला अलौली प्रखंड के हरिपुर गांव का है, जहां हाइटेक एग्रो उड़ान लिमिटेड के मील संचालक संतोष कुमार से एजीएम शाहिद रजा चावल खरीद के एवज में तीस हजार रुपये प्रति ट्रक घूस के रूप में मांग कर रहे थे, जिसके बाद संतोष कुमार ने निगरानी विभाग में शिकायत की.

### श्मशान से लाश छोड़ भागे ससुराल वाले

**दरभंगा।** दरभंगा में एक विवाहिता की मौत संदेहास्पद स्थिति में हो गई. ससुराल वाले मंगलवार देर रात साक्ष्य मिटाने की नीयत से उसे जलाने के लिए श्मशान ले गये लेकिन इस बात की भनक पुलिस को लग गई. पुलिस फौरन श्मशान घाट पहुंची. पुलिस को देखकर ससुराल वाले श्मशान से फरार हो गये. इसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया. घटना बिरौल थाना क्षेत्र के पोखराम दक्षिणी पंचायत के बलहा गांव की है. मृतका की पहचान बलहा गांव निवासी राम आधार मुखिया के पुत्र मणिकांत मुखिया की पत्नी पिंकी देवी (22) के रूप में की गई है.

कांग्रेस पार्टी दोनों की सदस्यता खत्म करने के लिए स्पीकर को लिखी चिट्ठी

# गौतम और सौरव कांग्रेस से होंगे बर्खास्त

संवाददाता।पटना



लोकसभा चुनाव से पहले बिहार में मंगलवार को बड़ा खेल हुआ. कांग्रेस के दो और राजद के एक विधायक ने भाजपा का दामन थाम लिया. इस सियासी घटनाक्रम के बीच कांग्रेस ने पाला बदलनेवाले दोनों विधायकों को पार्टी से निकाल दिया और अब कांग्रेस दोनों विधायकों की विधानसभा की सदस्यता खत्म कराने की तैयारी कर रही है. इस बीच कांग्रेस ने अपने दोनों विधायकों मुरारी गौतम और सिद्धार्थ सौरभ की विधानसभा सदस्यता रद्द करने के लिए विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव के समक्ष लिखित अनुशंसा कर दी है

विधानसभा स्पीकर को चिट्ठी लिखेगी. विधानसभा की कार्यवाही में भाग लेने से पहले कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद ने बताया कि दोनों विधायकों- मुरारी गौतम और सिद्धार्थ को पार्टी से निकाल दिया गया है और अब दोनों की सदस्यता रद्द करने के लिए स्पीकर को पत्र लिखे हैं. अहमद ने कहा कि दलबदल कानून के तहत जो नियम लागू होता है, उस नियम के तहत ही वे विधानसभा अध्यक्ष को पत्र लिखे हैं.

गद्दारों का क्या कहना : कांग्रेस के कई और विधायकों के भाजपा में शामिल होने के सवाल पर शकील अहमद ने तंज कसा और कहा कि गद्दारों का क्या कहना?. जो गद्दारी करना चाहते हैं, वो करें. शकील अहमद ने इसको लेकर भाजपा पर भी निशाना साधा और कहा कि आज जो भाजपा कर रही है वो कहीं से उचित नहीं है. आनेवाले दिनों में यही बात भाजपा के साथ भी हो सकती है. इसके साथ ही उन्होंने ये भी जोड़ा कि अब कोई भी विधायक इधर- उधर जाने को नहीं है. बता दें कि 27 फरवरी को महागठबंधन को उस समय बड़ा झटका लगा जब कांग्रेस के मुरारी और सिद्धार्थ के साथ-साथ राजद विधायक भाजपा में शामिल हो गयीं.

### ऑपरेशन लोटस राजद का ख्याली पुलाव था : ऋतुराज सिन्हा



**पटना/मुजफ्फरपुर ।** भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ऋतुराज सिन्हा ने बुधवार को मुजफ्फरपुर में कहा कि ऑपरेशन लोटस राजद का ख्याली पुलाव था. जो खुद विधायकों को बंद कर रखे हुए थे वो सवाल उठा रहे हैं. ऋतुराज सिंह ने कहा कि भाजपा में लोग स्वाभाविक रूप में आ रहे हैं. भाजपा में आने वाले लोग पीएम मोदी से बेहद प्रभावित और जनता से मिल रहे रुझान पर आ रहे हैं. भाजपा में आने वाले बिना किसी दबाव के आ रहे हैं. ऋतुराज सिन्हा ने कहा कि क्या कोई भाजपा के द्वारा जोर जबरदस्ती किया गया है? उन्होंने कहा कि ईडी-सीबीआई की कार्रवाई पर सवाल उठाने वाले को खुद से सवाल करना चाहिए की क्या कभी सामान्य लोग के घर कोई एजेंसी जाती है. ईडी और सीबीआई की टीम हमेशा वहां जाती है जहां उल्टा-पुल्टा काम होता है और जो लोग इसमें संलिप्त रहते हैं. सीबीआई-ईडी तो वहां जाती है जब कोई गरीब का पैसा-रुपये अपने पिटारे में छिपा कर रख लेता है. आप वह लोग हैं जो गरीब लोग का पैसा ले लिए, उनके रोजगार के नाम पर जमीन लिखवा लिए और संपत्ति अर्जित कर लिया.

### हम आ गए हैं, देखिए अब क्या होता है अब उनके विधायक तोड़ेंगे : अखिलेश



**पटना।** मंगलवार को दो विधायकों सिद्धार्थ और मुरारी गौतम ने कांग्रेस का साथ छोड़ दिया और हाथ में कमल थाम लिया. इसको लेकर बिहार के कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने दिल्ली से पटना पहुंचे सिंह काफी गुस्से में नजर आए. उनके साथ कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद भी मौजूद रहे. इस दौरान अखिलेश ने मीडिया से ज्यादा बात नहीं की लेकिन भाजपा को इशारों-इशारों में चेतावनी जरूर दे डाली. उन्होंने कहा कि अब हम आ गए हैं देखिए क्या होता है. जैसे हमारी पार्टी को तोड़ने की कोशिश की गई है वैसे ही उनकी पार्टी को भी तोड़ेंगे.

### राजद विधायक भाई वीरेंद्र ने कहा, जनता कभी माफ नहीं करेगी



**पटना।** राजद विधायक भाई वीरेंद्र ने कहा है कि बिहार में पहली बार हॉर्स ट्रेडिंग की परंपरा भाजपा ने शुरू की है. यह कहीं से ठीक नहीं है. हॉर्स ट्रेडिंग कर जिस तरह से विधायकों को अपने साथ लाने का काम भाजपा के लोग कर रहे हैं, जनता देख रही है और समय आने पर जनता जवाब देने का भी काम करेगी. इस परंपरा की शुरुआत कर भाजपा खुद फंस रही है और समय आने पर जनता ऐसे पार्टियों का साथ नहीं देने का काम करेगी. धनबल का प्रयोग कर पार्टियों को तोड़कर अपने साथ लाना कहां से उचित है.

# तेज रफ्तार कार ने एक ही परिवार के तीन लोगों को रौंदा, दो की मौत

संवाददाता।दरभंगा



दरभंगा में भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक की हालत गंभीर है. दरभंगा-बहेड़ी हाईवे पर बकमंडल-जुड़िया गांव के बीच तेज रफ्तार कार तीन लोगों को टक्कर मारते हुए पलट गई. हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. मरने वालों की पहचान बहेड़ी थाना क्षेत्र के शिवराम गांव के विद्यानंद लालदेव की पत्नी किरण देवी (44) के रूप में हुई है. युवक की पहचान बहेड़ी थाना क्षेत्र चक्का गांव के हेमो लालदेव के पुत्र अशोक लालदेव (25) के रूप में की गयी. घायल महिला की पहचान पकड़ी गांव के मिथिलेश लालदेव की पत्नी वीणा देवी के रूप में की गयी. दुर्घटना में इनका दाहिना पैर बुरी तरह जख्मी हो गया था. उनका इलाज डीएमसीएच में चल रहा है. परिजनों का कहना है कि अशोक लालदेव, वीणा देवी का दामाद था.

### टक्कर मारते हुए कार गड्ढे में पलट गई

इधर, घायल महिला वीणा देवी के पुत्र राहुल लालदेव ने बताया कि बाइक से उनकी मां और मौसी और जीजा डॉक्टर से इलाज करवा कर पकड़ी गांव से लौट रहे थे. इसी दौरान जुड़िया के पास पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर मारते हुए हुए कार गड्ढे में पलट गई. इस बीच कार सवार सभी लोग कार छोड़कर भाग गए.

### खेत से निकलने लगी शराब, मचा हड़कंप

**गोपालगंज।** गोपालगंज में शराब की बड़ी खेप बरामद की गई है. मामला जिले के जादोपुर थाना क्षेत्र के चतुर बगहा गांव का है, जहां पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी की. इस दौरान खेत के अंदर से एक-एक कर 583 लीटर शराब के कई कार्टन बरामद किए, जिसे देखकर पुलिस भी दंग रह गई. ऐसा लग रहा था मानों शराब की खेती की जा रही हो. मौके से पुलिस ने एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार तस्कर की पहचान कुचायकोट थाना क्षेत्र के खैरटवा गांव निवासी उपेंद्र यादव के रूप में की गई. बताया जाता है कि पुलिस को खेत में शराब छिपाकर रखे जाने की गुप्त सूचना मिली थी.

# अपराधियों ने प्रॉपर्टी डीलर की गोली मार कर की हत्या

संवाददाता।सीवान

बिहार में अपराधियों के हौसले दिन प्रतिदिन बुलंद होते जा रहे हैं. आये दिन वो हत्या, लूट, छिनतई और गोलीबारी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं. मामला सिवान के नगर थाना क्षेत्र के आशी नगर मुहल्ले में अपराधियों ने प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या कर दी.

मृतक की पहचान मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के तड़वां गांव निवासी सेराज खान के रूप में हुई है. घटना की सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और आगे की जांच में जुट गयी है.

### बाउंड्री करने को शुरू हुआ था विवाद


बताया जाता है कि सेराज खान ने आशी नगर मुहल्ले में जमीन खरीदी थी. इस जमीन पर बाउंड्री करने को लेकर देर रात सेराज खान की कुछ लोगों के साथ बहस हो गयी थी. देखते ही देखते बात इतनी बढ़ गयी कि अपराधियों ने सेराज खान पर गोली चला दी. जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी. आसपास के लोगों ने सेराज को सिवान सदर अस्पताल में ले गये, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया.

### सीतामढ़ी में भी खिलेगा कमल: राजनाथ सिंह

**पटना।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार दोपहर दरभंगा हवाई अड्डे से हेलीकॉप्टर के माध्यम से सीतामढ़ी के पुनौरा धाम पहुंचे. राजनाथ सिंह ने मंदिर परिसर में मीडिया से बातचीत में कहा कि सीतामढ़ी में कमल खिलेगा. सिंह ने कहा कि मंदिर के पास तालाब है और तालाब में कमल ही खिलते हैं. जानकी जन्मभूमि पर तालाब (सीता कुंड) है इसलिए यहां कमल खिलना स्वाभाविक है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है. हर जगह उत्साह का माहौल है. लोग फिर नरेंद्र मोदी को देश की कमान सौंपने को तैयार हैं.

# गया-किऊल रेलखंड में कोयला लोड मालगाड़ी में लगी आग

संवाददाता।गया



गया-किऊल रेलखंड में कोयला लोड मालगाड़ी में आग लग गई. मालगाड़ी के गार्ड मनीष कुमार और लोको पायलट को जैसे ही इसका पता चला, उन्होंने तुरंत इसकी सूचना फायर ब्रिगेड की टीम को दे दी. दमकल की टीम ने मौके पर पहुंच कर कोयला लोड मालगाड़ी में सुलगती आग को बुझाया. घटना गया के पैमार स्टेशन की है. बताया जा रहा है कि मालगाड़ी ट्रेन कोयला लेकर झारखंड के धनबाद से थर्मल पावर बाढ़-बरौनी के लिए रवाना हुई थी. इस बीच कोयला लोड मालगाड़ी के एक वैगन में किसी तरह से आग लग गई. आग लगने के कारण तेज धुंआ उठने लगा. अंदर ही अंदर आग सुलग चुकी थी, जिससे मालगाड़ी के वैगन के परत भी फट गए थे.

### संघ प्रमुख भागवत आज पहुंचेंगे पटना

**पटना ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत बिहार के चार दिवसीय प्रवास पर आज पटना पहुंचेंगे. पटना में वह 03 मार्च तक रहेंगे और संघ के शताब्दी वर्ष से जुड़े कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा करेंगे. संघ के प्रचार विभाग के मुताबिक डॉ. भागवत इस चार दिवसीय प्रवास में कई महत्वपूर्ण बैठकों में मौजूद रहेंगे. तीन मार्च की सुबह पटना महानगर के स्वयंसेवकों के एक कार्यक्रम को संबोधित करेंगे. उल्लेखनीय है कि संघ की स्थापना नागपुर में वर्ष 1925 में विजयादशमी के दिन हुई थी. वर्ष 2025 में संघ की स्थापना के 100 वर्ष हो जाएंगे.

# एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से मां-बेटे की मौत

संवाददाता।आरा

भोजपुर जिले के आरा में एक ट्रेन हादसे में मां-बेटे की मौत हो गई. इस घटना के बाद से गांव में कोहराम मचा हुआ है. मृत महिला आशा कार्यकर्ता थी. यह ट्रेन हादसा सिकरिया हाल्ट के पास हुआ. जीआरपी ने दोनों मां-बेटे के शवों का सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया है.

जानकारी के मुताबिक, तियर थाना क्षेत्र के जोगी बीर गांव निवासी अयोध्या शर्मा की पत्नी लाल मुनि देवी बिहियां पीएचसी में आशा के पद पर कार्यरत थीं. वह बुधवार को ड्यूटी जाने के लिए घर से निकली थीं. साथ में बेटा सुजीत कुमार शर्मा छोड़ने जा रहा था.

दोनों मां-बेटे घर से निकलकर पैदल ट्रैक पकड़कर सिकरिया हाल्ट ट्रेन पकड़ने जा रहे थे. इसी दौरान एकाएक डाउन लाइन पर ट्रेन आ गई, जिसको देख मां-बेटे अप लाइन की ओर भागे. उसी दौरान अप लाइन पर भी सुपरफास्ट ट्रेन आ गई और इस हादसे में दोनों की मौत हो गई. इसके बाद घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई. जीआरपी ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया.

### दस लाख मूल्य की 80 पेटी शराब बरामद

**नवादा।** पुलिस ने बुधवार को 80 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त किया है. वहीं ट्रक चालक को भी गिरफ्तार कर लिया है. जबकि बिहार में शराबबंदी कानून लागू है. जानकारी के अनुसार सड़क निर्माण में इस्तेमाल होने वाले सामानों के बीच में शराब की तस्करी की जा रही थी. जिले में उत्पाद विभाग की टीम ने ट्रक को जब्त किया है. जिसमें भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब की खेप को बरामद किया है. वहीं, ट्रक के अन्दर कुओं 80 पेटी अंग्रेजी शराब को छिपाकर रखा गया था. इस दौरान टीम ने ट्रक के ड्राइवर को गिरफ्तार किया है. ड्राइवर के अनुसार ट्रक दिल्ली से रजौली लायी जा रही थी.

## कारोबार

## पेज 1 का शेष

### बिजली दर ओवरऑल 7.66% की वृद्धि

इस कैटेगरी में 5.80 पैसे प्रति यूनिट से बढ़ाकर 6.10 पैसे प्रति यूनिट कर दी गई है. वहीं कॉमर्शियल शहरी उपभोक्ताओं को 50 पैसे प्रति यूनिट अतिरिक्त देने होंगे. इस कैटेगरी में 6.15 रुपये प्रति यूनिट से 6.65 रुपये प्रति यूनिट कर दिया गया है.

**2811 करोड़ का बना रहेगा रेवेन्यू गैप :** वितरण निगम का रेवेन्यू गैप 2811 करोड़ का बना रहेगा. वितरण निगम ने ने 2020-21 के लिए मांगा था 7999.45 करोड़ का राजस्व इसके एवज में आयोग ने 5158.62 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी. वहीं वितरण निगम ने 2021-22 के लिए 8410.44 करोड़ का राजस्व मांगा था. इसके एवज में वितरण निगम ने 5,872.75 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी. वहीं वितरण निगम ने 2022-23 के लिए 9428.35 करोड़ रुपये राजस्व की मांग की थी. इसके एवज में 6,792.19 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी. वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 9302.95 करोड़ रुपये की मांग की थी, जिसके एवज में 7,075.83 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी.

**बिजली नुकसान 13 फीसदी तक करने का आदेश :** आयोग ने वित्त वर्ष 2020-21 और वित्त वर्ष 2021-22 के लिए वितरण निगम द्वारा प्रस्तावित वितरण हानि के मुकाबले उल्लेखित वित्त वर्ष के लिए 13 फीसदी की वितरण हानि को मंजूरी दी है. वहीं आयोग ने वित्त वर्ष 2022-23 और वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 13 फीसदी प्रस्तावित वितरण हानि को मंजूरी दी है, जबकि वितरण निगम ने 26.34 फीसदी तक बिजली नुकसान तक की मांग की थी.

### फैक्ट फाइल

- **आयोग ने उपभोक्ताओं के लिए कोई मीटरिंग शुल्क जारी नहीं रखा है**
- फिक्स्ड चार्ज वसूली आपूर्ति के घंटे नंबरों से जुड़ी हुई है, पूर्ण निर्धारित शुल्क की वसूली एचटी उपभोक्ताओं के लिए 23 घंटे और एलटी उपभोक्ताओं के लिए 21 घंटे
- **प्रीपेड मीटरिंग पर स्विच करने के लिए संबंधित उपभोक्ता श्रेणी के लिए ऊर्जा शुल्क पर तीन फीसदी की छूट लागू रहेगी और प्रीपेड मीटर की स्थापना के एक महीने के भीतर पूरी सुरक्षा जमा राशि वापस कर दी जाएगी**

महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस और अल्ट्राटेक सीमेंट रही नुकसान में

# सेंसेक्स 790 अंक गिरकर 72,304 पर हुआ बंद

संवाददाता।मुंबई




स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 790 अंक का गोता लगा गया. वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज और बैंक शेयरों में बिकवाली से बाजार नीचे आया. तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 790.34 अंक यानी 1.08 प्रतिशत टूटकर 72,304.88 अंक पर बंद हुआ.

कारोबार के दौरान एक समय यह 872.93 अंक तक लुढ़क गया था. पचास शेयरों पर आधारित नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 247.20 अंक यानी 1.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 21,951.15 अंक पर बंद हुआ. सेंसेक्स की कंपनियों में पावर ग्रिड, इंडसइंड बैंक, मारुति, विप्रो, टाटा स्टील, जेएसडब्ल्यू स्टील, एशियन पेंट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, रिलायंस इंडस्ट्रीज और अल्ट्राटेक सीमेंट प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं. दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में हिंदुस्तान यूनिलीवर, इन्फोसिस, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और भारती एयरटेल शामिल हैं. एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी लाभ में जबकि जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट तथा हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे. यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख रहा. अमेरिकी बाजार मंगलवार को बढ़त में रहे थे. वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.90 प्रतिशत टूटकर 82.90 डॉलर प्रति बैरल रहा. शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 1,509.16 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे. बीएसई सेंसेक्स मंगलवार को 305.09 अंक चढ़ा था, जबकि निफ्टी 76.30 अंक के लाभ में रहा था.

### रुपया तीन पैसे की गिरावट के साथ 82.92 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** मासांत की मजबूत डॉलर मांग के बीच विदेशी कोषों की निकासी और शेयर बाजार में गिरावट के रुख के कारण अंतर बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बुधवार को डॉलर के मुकाबले रुपया तीन पैसे की गिरावट के साथ 82.92 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा. विदेशी मुद्रा विश्लेषकों के अनुसार, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से हालांकि रुपये को कुछ समर्थन मिला. उन्होंने कहा कि इसके अलावा, बाजार भागीदार बृहस्पतिवार को जारी होने वाले घरेलू सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि के आंकड़ों और बुधवार को आने वाले अमेरिकी जीडीपी आंकड़ों से पहले सतर्क थे. अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 82.90 प्रति डॉलर पर खुला. दिन के कारोबार में यह 82.95 प्रति डॉलर के निचले स्तर तक गया.

### कैग-आईसीएआई की साझेदारी से तैयार होगा प्रमाणित अकाउंटेंट

**नयी दिल्ली।** नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) गिरीश चंद्र मुर्मू ने बुधवार को कहा कि आईसीएआई के सहयोग चलाई जा रही कौशल विकास पहल से ग्रामीण इलाकों में प्रमाणित अकाउंटेंट का एक समूह तैयार करने में मदद मिलेगी. ग्रामीण क्षेत्रों के स्थानीय निकाय और छोटे व्यवसाय जीएसटी रिटर्न दाखिल करने के लिए प्रमाणित अकाउंटेंट की सेवाओं का लाभ ले सकते हैं. देश की अग्रणी लेखा-परीक्षण संस्था कैग ने विभिन्न तरह के स्थानीय निकायों के खातों के संचालन के लिए जरूरी स्तर के ज्ञान और कौशल पर आधारित ऑनलाइन पाठ्यक्रम तैयार करने के लिए भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) के साथ साझेदारी की है. इस साझेदारी से प्रमाणित अकाउंटेंट का एक समूह तैयार करने में मदद मिलेगी जिनकी सेवाओं का उपयोग स्थानीय सरकारें पूर्ण और मानकीकृत खातों के संचालन में कर सकती हैं. इस अवसर पर मुर्मू ने संवाददाताओं से कहा कि जिन लोगों ने मान्यता-प्राप्त बोर्ड की 10 2 योजना के तहत सीनियर सेकेंडरी स्कूल परीक्षा उत्तीर्ण की है, वे आईसीएआई का डिप्लोमा सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम कर सकते हैं.

# मोदी आज कोल इंडिया की दो परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन

संवाददाता।नयी दिल्ली

मंत्रालय ने कहा कि इन परियोजनाओं पर 1,393.69 करोड़ की लागत आने का अनुमान है



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज कोल इंडिया की 1,393.69 करोड़ रुपये की दो परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे. ये परियोजनाएं कोयले को खदान से रवानगी स्थल तक पहुंचाने से जुड़ी हैं. खदान से रवानगी स्थल यानी मालगाड़ियों तक पहुंचाने की (फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी-एफएमसी) परियोजनाओं से कोयला परिवहन के लिए सड़क यातायात पर कोल इंडिया की निर्भरता कम होने की उम्मीद है.

कोयला मंत्रालय ने बयान में कहा कि कोल इंडिया की इकाई नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) के स्वामित्व वाली मध्य प्रदेश में स्थित परियोजनाएं पर्यावरण-अनुकूल तरीके से कोयले की आपूर्ति और गुणवत्ता को बढ़ाएंगी. प्रधानमंत्री मोदी आज 'ऑनलाइन' माध्यम से दो एफएमसी परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे.

मंत्रालय ने कहा कि इन परियोजनाओं पर 1,393.69 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है. बयान के अनुसार, जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया जाएगा, वे जयंत ओसीपी सीएचपी-एसआईएलओ और दुधिचुआ ओसीपी सीएचपी-एसआईएलओ हैं. जयंत ओसीपी सीएचपी-एसआईएलओ की क्षमता 1.5 करोड़ टन है. इसे 723.50 करोड़ रुपये के निवेश से विकसित किया गया है. इसी तरह, एक करोड़ टन सालाना क्षमता वाली दुधिचुआ ओसीपी सीएचपी-एसआईएलओ का निर्माण 670.19 करोड़ रुपये के निवेश से किया गया है. बयान के अनुसार इन परियोजनाओं से कोयला परिवहन में लगने वाले समय के साथ-साथ उत्पादन लागत भी कम होगी और यातायात भीड़, दुर्घटनाओं और पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने में मदद मिलेगी.

**लिया फैसला** 10 साल में प्रोटोटाइप भी नहीं बना पाई थी कंपनी, 2000 एम्प्लॉइज होंगे प्रभावित

# एपल ने इलेक्ट्रिक कार प्रोजेक्ट को बंद कर दिया

एजेंसी।नयी दिल्ली




अमेरिकी टेक कंपनी एपल ने अपने इलेक्ट्रिक कार प्रोजेक्ट को बंद करने का फैसला लिया है. कंपनी पिछले एक दशक से इस प्रोजेक्ट पर काम कर रही थी, लेकिन अभी तक कोई फिजिकल प्रोटोटाइप भी तैयार नहीं कर पाई थी. एपल के इस फैसले कंपनी के पहले ईवी प्रोजेक्ट 'टाइटन' पर काम करने वाली स्पेशल प्रोजेक्ट ग्रुप (एसपीजी) के करीब 2000 एम्प्लॉइज प्रभावित होंगे.

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह निर्णय चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर जेफ विलियम्स और प्रोजेक्ट के वाइस प्रेसिडेंट इंचार्ज केविन लिंच ने मंगलवार को प्रोजेक्ट पर काम करने वाले कर्मचारियों के साथ शेयर किया है.

कंपनी के दोनों अधिकारियों ने कर्मचारियों को बताया कि एसपीजी के सभी एंप्लॉईज को जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस डिवीजन में जॉन जियानंद्रिया के अंडर शिफ्ट किया जाएगा. कंपनी पूरी तरह से ऑटोमेटिक और वॉइस कमांड पर चलने वाली कार बनाना चाहती थी. इसके लिए 2015 से शुरू हुए इस प्रोजेक्ट में अरबों डॉलर इन्वेस्ट भी कर चुकी थी. अगर यह प्रोजेक्ट सफल हो जाता तो कंपनी 2028 तक एक लाख डॉलर की कीमत में कार को लॉन्च कर सकती थी.

### महादेव ऐप : ईडी ने नए सिरे से ली तलाशी

**एजेंसी।मुंबई :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी ऐप से संबंधित धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में बुधवार को मुंबई, पश्चिम बंगाल के कुछ स्थानों और दिल्ली-एनसीआर में तलाशी ली. इस मामले में कथित तौर पर कई उच्च पदस्थ राजनेता और छत्तीसगढ़ के नौकरशाह शामिल हैं. आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि इन स्थानों में लगभग 15 परिसरों की धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत संघीय जांच एजेंसी ईडी के जांचकर्ताओं द्वारा तलाशी ली जा रही है. इस मामले में ईडी ने अब तक कुल नौ लोगों को गिरफ्तार किया है. एजेंसी ने पहले कहा था कि ऐप द्वारा अर्जित कथित अवैध धन का इस्तेमाल छत्तीसगढ़ में राजनेताओं और नौकरशाहों को रिश्वत देने के लिए किया गया था. ऐप के मुख्य प्रवर्तक और संचालक छत्तीसगढ़ के ही हैं. एजेंसी कई मशहूर हस्तियों और बॉलीवुड अभिनेताओं को ऑनलाइन सट्टेबाजी मंच के साथ उनके संबंधों के मामले में पूछताछ के लिए समन भेज चुकी है. अब तक ईडी ने इस मामले में दो आरोप पत्र दायर किए हैं, जिनमें कथित अवैध सट्टेबाजी और गेमिंग ऐप के दो मुख्य प्रवर्तक सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल सहित अन्य शामिल हैं.

# रिलायंस-डिज्नी ने ज्वॉइंट वेंचर एग्रीमेंट साइन किया

नीता अंबानी चेयरपर्सन होंगी

- एंटरटेनमेंट और स्पोर्ट्स के लिए लीडिंग टीवी-डिजिटल स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म बनेगा

एजेंसी ।नयी दिल्ली



रिलायंस इंडस्ट्रीज, वायाकॉम 18 और वॉल्ट डिजनी ने ज्वॉइंट वेंचर के लिए एग्रीमेंट साइन किया है. इस डील के तहत वायाकॉम 18 को स्टार इंडिया में मर्ज कर दिया जाएगा. नीता अंबानी इस नई कंपनी की चेयरपर्सन होंगी. वहीं उदय शंकर वाइस चेयरपर्सन होंगे.

पोस्ट-मनी बेसिस पर इस जॉइंट वेंचर की ट्रांजैक्शन वैल्यू 70,352 करोड़ रुपए आंकी गई है. ट्रांजैक्शन पूरा होने के बाद, नई कंपनी को रिलायंस इंडस्ट्रीज कंट्रोल करेगी और इसमें 11,500 करोड़ रुपए भी निवेश भी करेगी. इसमें रिलायंस और उसकी सहायक कंपनी वायाकॉम के पास 63.16% की बहुमत हिस्सेदारी होगी, जबकि डिजनी की 36.84% हिस्सेदारी रहेगी. नई कंपनी भारत में एंटरटेनमेंट और स्पोर्ट कंटेंट के लिए लीडिंग टीवी और डिजिटल स्ट्रीमिंग प्लेटफार्मों में से एक होगी. एंटरटेनमेंट चैनल्स जैसे कलर्स, स्टारप्लस, स्टारगोल्ड और स्पोर्ट्स चैनल जैसे स्टार स्पोर्ट्स और स्पोर्ट्स18 एक साथ मिलेंगे.

## ब्रीफ खबरें

### भोजनालय में काम कर रहे बाल मजदूरों को बचाया

**ठाणे।** महाराष्ट्र के नवी मुंबई में पुलिस ने दो अलग-अलग भोजनालयों में काम कर रहे दो बाल मजदूरों को बचाया है. एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी. मंगलवार को एक नियमित निरीक्षण के दौरान पुलिस ने पाया कि वह दोनों बच्चे वाशी इलाके में एक सब्जी मंडी में स्थित दो भोजनालयों में काम कर रहे थे. एपीएमसी पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने कहा कि बच्चों से कथित तौर पर कड़ी मेहनत कराई जा रही थी, उन्हें परेशान किया जा रहा था.

### प्रेम विवाह को लेकर झड़प, दो की मौत

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर जिले के खतौली क्षेत्र में कथित तौर पर प्रेम विवाह को लेकर दो पक्षों के बीच हुई झड़प के दौरान गोली लगने से दो लोगों की मौत हो गयी और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये. पुलिस ने बताया कि घटना मंगलवार शाम फुलत गांव की है और दोनों पक्ष एक ही जाति के हैं. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह ने बताया कि मृतकों की पहचान अंकित और रोहित के रूप में हुई है और हरिमोहन तथा राहुल को गंभीर चोटें आई हैं जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

### पेड़ से टकराई कार तीन लोगों की मौत

**अमेठी।** अमेठी जिले में एक कार के पेड़ से टकरा जाने के कारण उसमें सवार एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई और इतने ही घायल हो गये. पुलिस ने बुधवार को बताया कि घटना मंगलवार और बुधवार की दरमियानी रात करीब ढाई बजे गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के टिकरिया के पास की है. उसने बताया कि रायबरेली के गोपालपुर से एक शादी समारोह में हिस्सा लेने के लिए अमेठी आए कुछ लोग कार से जब वापस लौट रहे थे तो उनका वाहन अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया.

### केरल में कांग्रेस 16 सीट पर चुनाव लड़ेगी

**तिरुवनंतपुरम।** केरल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष वी.डी सतीशन ने बुधवार को यहां कहा कि कांग्रेस पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव में राज्य में 16 सीट पर चुनाव लड़ेगी. उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए विपक्षी गठबंधन संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) के भीतर सीट बंटवारे को अंतिम रूप दे दिया गया है. नेता प्रतिपक्ष ने संवाददाता सम्मेलन कहा कि पिछले चुनावों की तरह, यूडीएफ में दूसरी सबसे बड़ी सहयोगी पार्टी इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग दो सीट पर चुनाव लड़ेगी.

### सेना ने पाकिस्तानी ड्रोन पर गोलीबारी की

**मेंढर/जम्मू।** जम्मू कश्मीर के पुंछ जिले में सेना के जवानों ने भारतीय क्षेत्र में घुसने पर एक पाकिस्तानी ड्रोन पर गोलीबारी की. अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी. उन्होंने कहा कि हालांकि मेंढर और कृष्णा घाटी सेक्टरों में कुछ अग्रिम भारतीय चौकियों पर कुछ देर तक चक्कर लगाने के बाद ड्रोन पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में वापस लौट गया. अधिकारियों ने बताया कि यह घटना मंगलवार देर रात हुई, जिसके बाद तलाशी अभियान चलाया गया.



बुधवार को कोच्चि के बैकवाटर में कोचीन शिपयार्ड द्वारा निर्मित भारत का पहला स्वदेशी हरित हाइड्रोजन जलमार्ग जहाज का पीएम नरेंद्र मोदी ने उद्घाटन किया. -फोटो : पीटीआई

# भारत का 'पहला' स्वदेशी हरित हाइड्रोजन जलमार्ग पोत राष्ट्र को समर्पित

**भाषा। थूथुकुडी**

तमिलनाडु के तूतीकोरिन में भारत के पहले स्वदेशी हरित हाइड्रोजन जलमार्ग पोत का बुधवार को पीएम मोदी ने उद्घाटन किया. जलपोत को हरी झंडी दिखाते हुए पीएम ने कहा कि केंद्र सरकार के लगातार प्रयासों के कारण परिवहन बढ़ने से तमिलनाडु में 'जीवन में सुगमता' आई है. मोदी ने कहा कि नयी परियोजनाएं विकसित भारत की रूपरेखा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं. उन्होंने कहा कि मैं जो कुछ कह रहा हूं वह किसी राजनीतिक विचारधारा या अपनी विचारधारा के मुताबिक नहीं बल्कि विकास के लिए है. प्रधानमंत्री मोदी ने थूथुकुडी के निकट कुलसेकरापट्टिनम में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के नये प्रक्षेपण परिसर का शिलान्यास किया, जिसकी लागत लगभग 986 करोड़ रुपये है और इसके बनकर तैयार होने पर यहां से प्रतिवर्ष 24 प्रक्षेपण किये जा सकेंगे. इसरो के इस नये परिसर में 'मोबाइल लॉन्च स्ट्रक्चर' (एमएलएस) तथा 35 केंद्र शामिल हैं. इससे अंतरिक्ष अन्वेषण क्षमताओं को बढ़ाने में मदद मिलेगी. उन्होंने तमिलनाडु में रेल परियोजनाएं भी राष्ट्र को समर्पित कीं. इसमें वांची मनियाच्ची-नागरकोइल रेल लाइन का दोहरीकरण शामिल है. प्रधानमंत्री ने तमिलनाडु में लगभग 4,586 करोड़ रुपये की कुल लागत से विकसित चार सड़क परियोजनाओं को समर्पित किया.

## अबतक जब्त किए गए मादक पदार्थ की यह सबसे बड़ी खेप है

# गुजरात के समुद्री तट से 3300 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त

- एक किलो चरस की कीमत सात करोड़ रुपये है

**भाषा। दिल्ली/पोरबंदर**

भारतीय नौसेना, गुजरात आतंकवाद रोधी दस्ते और स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने एक संयुक्त अभियान में गुजरात तट के पास अरब सागर में एक नौका से 3,300 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किया और इस संबंध में पांच विदेशियों को गिरफ्तार कर लिया. अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी. अधिकारियों का कहना है कि अब तक की किसी भी कार्रवाई में जब्त किये गये मादक पदार्थ की यह सबसे बड़ी खेप है. अधिकारियों ने बताया कि जब्त किये गये मादक पदार्थों में 3,089 किलोग्राम चरस, 158 किलोग्राम 'मेथामेफटामाइन' और 25 किलोग्राम 'मॉर्फिन' शामिल हैं.

**जब्त सामान में कई तरह के मादक पदार्थ :** गुजरात आतंकवाद निरोधी दस्ते के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि राज्य तट के पास समुद्र में अभियान के दौरान एक नौका से बड़ी मात्रा में चरस सहित कई तरह के मादक पदार्थ जब्त किये गये. उन्होंने बताया कि एक पुख्ता सूचना के आधार पर अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के पास अरब सागर में अभियान चलाया गया.



**तस्करी नेटवर्क का हुआ भंडाफोड़**

नौसेना ने सोशल मीडिया मंच पर पोस्ट में कहा कि किसी भी कार्रवाई में जब्त किए गये मादक की पदार्थ की यह अब तक की सबसे बड़ी खेप है. एनसीबी के साथ मिलकर भारतीय नौसेना के मिशन के तहत तैनात निगरानी तंत्र के सम्मलित प्रयासों से यह संभव हुआ. दिल्ली में एनसीबी ने कहा कि एजेंसियों के संयुक्त दल ने एक और अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया और देश में अब तक की सबसे अधिक विदेशी जब्ती (मात्रा के लिहाज से) की.

### गिरफ्तार लोगों के पास नागरिकता का दस्तावेज नहीं

नौका से गिरफ्तार किए गए पांचों लोगों के या तो ईरानी या पाकिस्तानी नागरिक होने का संदेह है. एनसीबी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि उनके पास से नागरिकता का कोई दस्तावेज बरामद नहीं हुआ है. अधिकारी ने प्रतिबंधित सामग्री की कीमत नहीं बताई. अंतरराष्ट्रीय बाजार में एक किलो चरस की कीमत सात करोड़ रुपये है.

### यह एक ऐतिहासिक सफलता है: अमित शाह

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी), नौसेना और गुजरात पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में 3,132 किलोग्राम मादक पादर्थ की एक बड़ी खेप को जब्त करने में सफलता प्राप्त की. शाह ने कहा कि यह ऐतिहासिक सफलता देश को मादक पदार्थ मुक्त बनाने की दिशा में मोदी सरकार की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है. गृह मंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मादक पदार्थ मुक्त भारत' के दृष्टिकोण के अनुरूप एजेंसियों ने मादक पदार्थ की बड़ी खेप को जब्त करने में सफलता प्राप्त की है. शाह ने कहा कि एनसीबी, नौसेना और गुजरात पुलिस ने एक संयुक्त अभियान में 3,132 किलोग्राम मादक पदार्थ की एक बड़ी खेप जब्त की है. यह ऐतिहासिक सफलता हमारे देश को मादक पदार्थ मुक्त बनाने के दिशा में हमारी सरकार की अटूट प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है.

# बिल गेट्स ने भुवनेश्वर की झुग्गी बस्ती का किया दौरा

**भाषा। भुवनेश्वर**



माइक्रोसॉफ्ट कंपनी के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने बुधवार की सुबह भुवनेश्वर की एक झुग्गी बस्ती का दौरा किया और वहां रहने वाले लोगों से बातचीत की. इसी के साथ उन्होंने राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ मां मंगला बस्ती में बीजू आदर्श कॉलोनी का भी दौरा किया. बिल गेट्स ने झुग्गी बस्ती में रहने वाले लोगों का हालचाल जाना और वहां काम करने वाले महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) के सदस्यों के साथ भी बातचीत की. राज्य विकास आयुक्त अनु गर्ग ने कहा कि हमने उन्हें अवगत कराया कि झुग्गीवासियों को भूमि अधिकार, नल के पानी का कनेक्शन, शौचालय और बिजली की आपूर्ति मिल गई है. उन्होंने झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्र को एक मॉडल कॉलोनी में बदलने पर खुशी व्यक्त की. राज्य के शहरी विकास सचिव जी. माथी. वथानन ने कहा कि गेट्स ने सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों से बात की. कॉलोनी के एक निवासी ने कहा कि जन-हितैषी बिल गेट्स ने उनसे बातचीत की और योजनाओं के परिणामस्वरूप उनकी जीवनशैली में आए बदलाव के बारे में पूछा.

### गहरी खाई में गिरी बस, 10 लोगों की मौत

**पेशावर।** उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में मंगलवार देर रात एक तेज रफ्तार बस के खाई में गिर जाने से कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हो गए. पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी. बस हरिपुर जिले के खानपुर से एक पहाड़ी गांव की ओर जा रही थी, तभी तरनावा में दुर्घटनाग्रस्त हो गई. पुलिस ने बताया कि तेज गति के कारण एक मोड़ पर चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और बस गहरी खाई में गिर गई. मृतकों में पुरुष, महिलाएं और बच्चे शामिल हैं. बचाव वाहन दुर्घटनास्थल पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से घायल यात्रियों को निकाला. घायलों को हरिपुर जिले के एक ट्रॉमा सेंटर में स्थानांतरित किया गया है.

## चीन का अनुसंधान जहाज मालदीव से हुआ रवाना

# गहरे सागर में सर्वेक्षण कर रहा है चीन

**भाषा। माले**

पिछले सप्ताह यहां एक बंदरगाह पर पहुंचा 4500 टन वजनी उच्च प्रौद्योगिकी से लैस चीन का अनुसंधान जहाज मालदीव की तट से रवाना हो गया है. आधिकारिक रूप से जियांग यांग हांग श्री नामक यह चीनी जहाज ने कर्मियों को बदलने और आपूर्ति के लिए के लिए बंदरगाह पर लंगर डाला था. अधाआधु डॉट कॉम नामक एक न्यूज पोर्टल के अनुसार, 22 फरवरी से माले में लंगर डालने के बाद जियांग यांग हांग श्री मालदीव विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र की सीमा पर लौट गया है. लेकिन माले बंदरगाह से रवाना हो जाने के बाद भी दो दिन पहले ट्रैकिंग साइटों पर जहाज का आखिरी सिग्नल हुलहुमाले के समीप नजर आया.



### चीन का एकमात्र 4500 टन वजनी जहाज है

न्यूज पोर्टल ने कहा कि ऐसी संभावना है कि इस जहाज ने ट्रैकिंग प्रणाली बंद कर दी हो जैसा उसने 22 फरवरी को इंडोनिया के तट के पास जावा समुद्री क्षेत्र से माले रवाना होते हुए किया था. न्यूज पोर्टल के मुताबिक 2019 से चीन समुद्र में एवं गहरे सागर में सर्वेक्षण के लिए इस जहाज का इस्तेमाल कर रहा है.

# गाजा की एक चौथाई आबादी भुखमरी के कगार पर : संरा

**भाषा। संयुक्त राष्ट्र**

गाजा की कम से कम एक चौथाई आबादी यानी 5,76,000 लोग भुखमरी से सिर्फ एक कदम दूर हैं और पूरी आबादी खाद्य सामग्री की गंभीर जरूरत से जूझ रही है. इसके परिणामस्वरूप भूख से तड़प रहे लोग न सिर्फ राहत सामग्री वाले ट्रकों पर गोलियां चला रहे हैं बल्कि उन ट्रकों को लूट भी रहे हैं. संयुक्त राष्ट्र (संरा) के एक शीर्ष अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी. संरा मानवतावादी कार्यालय और संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन के अधिकारियों ने गाजा के हालात का वर्णन करते हुए बताया कि युद्धग्रस्त गाजा की 23 लाख की पूरी आबादी खाद्य असुरक्षा के गंभीर खतरे या बदतर हालात से जूझ रही है. इतना ही नहीं उत्तरी गाजा में हालात और ज्यादा खराब हैं, जहां लोगों को खाने-पीने की वस्तुओं से लेकर अन्य मानवीय आपूर्ति की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है. गाजा के मौजूदा हालातों को बयां करते हुए संरा के मानवतावादी समन्वयक रमेश रामसिंघम ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को बताया कि हालात के और भी ज्यादा खराब होने की पूरी आशंका है. उन्होंने कहा कि गाजा की एक चौथाई आबादी भुखमरी के कगार पर पहुंच चुकी है.



### पीटीआई के पूर्व पत्रकार एनवीआर स्वामी का निधन

**हैदराबाद।** प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया (पीटीआई) में करीब चार दशक तक पत्रकार रहे एनवीआर स्वामी का बुधवार को निधन हो गया. स्वामी (85) करीब तीन सप्ताह पहले गिर पड़े थे और उनके कूल्हे की हड्डी टूट गई थी जिसके बाद उन्हें हैदराबाद के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था. वह अगले कुछ दिनों में न्यूजीलैंड स्थित अपने घर लौटने वाले थे. पीटीआई में अपनी लंबी पारी के बाद स्वामी ने अफ्रीका में थॉमसन पब्लिकेशन के साथ काम किया. वह 2002 से ऑकलैंड में रह रहे थे और कभी-कभी स्थानीय मीडिया में राजनीतिक विशेषज्ञ के तौर पर शमिल होते थे. 1984 में युगांडा में तख्तापलट के वक्त रिपोर्टिंग करने के लिए उन्हें सलाखों के पीछे डाल दिया था.



## भाजपा के नेता शुभेंदु अधिकारी ने किया दावा

# शाहजहां को पुलिस ने दी हुई है सुरक्षा

**भाषा। कोलकाता**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पश्चिम बंगाल इकाई के नेता शुभेंदु अधिकारी ने बुधवार को दावा किया कि संदेशखालि के भगोड़े तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख कल रात से राज्य पुलिस की 'सुरक्षित हिरासत' में हैं. वहीं सत्तारूढ़ टीएमसी ने शुभेंदु के दावे को 'निराधार' व 'कानून-व्यवस्था को बिगाड़ने का प्रयास' करार देते हुए खारिज कर दिया और जोर देते हुए कहा कि पुलिस शेख को पकड़ने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है. नंदीग्राम से विधायक अधिकारी ने 'एक्स' पर दावा किया कि शेख मध्यरात्रि 12 बजे से पुलिस हिरासत में है. अधिकारी ने कहा कि प्रभावशाली मध्यस्थों के माध्यम से पुलिस के साथ समझौता कर शेख को बरमाजुर ग्राम पंचायत से ले जाया गया. शेख को पुलिस और न्यायिक हिरासत के दौरान उचित देखभाल के समझौते के तहत हिरासत में लिया गया. उन्होंने दावा किया कि शेख को सलाखों के पीछे रहने के दौरान पांच सितारा होटल वाली सुविधाएं प्रदान की जाएंगी और उसे एक मोबाइल फोन भी दिया जाएगा, जिसके माध्यम से वह टीएमसी के नेताओं से संपर्क कर सकेगा. और तो और शेख को वुडबर्न वार्ड (सरकारी एसएसकेएम अस्पताल) में एक बिस्तर भी उपलब्ध कराया जाएगा अगर वह वहां कुछ समय बिताना चाहें तो बिता सकता है, जिसे तैयार कर खाली रखा गया है. टीएमसी प्रवक्ता कुणाल घोष ने दो दिन पहले एक बयान में कहा था कि शेख को एक हफ्ते के भीतर गिरफ्तार कर लिया जाएगा, जिसके बाद अधिकारी ने यह दावा किया है. वहीं टीएमसी नेता शांतनु सेन ने अधिकारी के दावे को निराधार करार दिया.



**खास बातें**

- टीएमसी ने शुभेंदु के दावे को निराधार बताया है
- शेख को पकड़ने के लिए पुलिस प्रयास कर रही है

### फाइलेरिया की दवा खाने से 28 बच्चे बीमार

**अमेठी।** अमेठी जिले के फुरसतगंज क्षेत्र स्थित उड़वा प्राथमिक विद्यालय में फाइलेरिया (काली मक्खियों और मच्छरों द्वारा फैलने वाले परजीवी रोग) की दवा खाने से 28 बच्चे बीमार हो गये. उन्हें स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है. मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अंशुमान सिंह ने बुधवार को बताया कि फुरसतगंज क्षेत्र स्थित उड़वा प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार को स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा बच्चों को फाइलेरिया और पेट में कीड़ों की दवाई खिलाई गई थी तथा दवा खाने के बाद 28 बच्चे बीमार हो गए हैं. उनके मुताबिक, बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है. उन्होंने बताया कि बच्चों का इलाज किया जा रहा है और वे सभी खतरे से बाहर हैं. फिलहाल सब कुछ नियंत्रण में है.

## कॅरियर-काउंसिलिंग


# विद्यार्थियों के लिए वॉटर इंजीनियरिंग एक बेहतर विकल्प

**रजनीश प्रसाद। रांची**

वॉटर इंजीनियरिंग सिविल इंजीनियरिंग का एक हिस्सा है, जो विशेष रूप से जल-आधारित परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित करता है और इसमें जल उपचार, अपशिष्ट जल या बुनियादी ढांचा विकास शामिल हो सकता है. इसे हाइड्रोलिक इंजीनियरिंग बोलते हैं, जो मुख्य रूप से पानी और सीवेज के प्रवाह और परिवहन से संबंधित है. वॉटर इंजीनियरिंग कोर्सेज करने से पहले इसे समझना काफी आवश्यक है. इस फील्ड में काम के दौरान काफी चैलेंज्स भी आते हैं. वॉटर इंजीनियरिंग कोर्स वाले कैंडिडेट्स के लिए जॉब्स के कई अवसर उपलब्ध हैं. एक वॉटर इंजीनियर के रूप में कोई भी व्यक्ति सभी स्तरों पर कई सरकारी एजेंसियों में विविध करियर विकल्प पा सकता है. वॉटर इंजीनियरिंग कोर्सेज करने के बाद आपके लिए वॉटर रिसोर्स मैनेजमेंट में बेहतरीन जॉब्स के मौके मिलते हैं. आप अपनी इंजीनियरिंग डिग्री के दौरान पार्ट टाइम वर्क या फिर इंटर्नशिप शुरू कर सकते हैं. वर्तमान में वॉटर इंजीनियरिंग काफी डिमांडिंग जॉब मानी जा रही है. अगर बीते 10 सालों के आंकड़े देखें तो वॉटर इंजीनियरों के पदों में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है. वॉटर इंजीनियरिंग कोर्सेज के बाद आप किसान एवं कृषि मंत्रालय, जल संसाधन और नदी विकास मंत्रालय जैसे विभागों में काम कर सकते हैं. कोर्स पूरा करने के बाद आपके लिए जॉब्स ही नहीं, बल्कि खुद का बिजनेस करने का भी विकल्प है.

### वॉटर इंजीनियर के कार्य

- एक वॉटर इंजीनियर जल आपूर्ति प्रणालियों, पानी की मांग का पूर्वानुमान लगाने के लिए पानी के उपयोग के आंकड़ों को एकत्र करने और उसका विश्लेषण करने के लिए भी जिम्मेदार है.
- भूमिगत या सतही जल संसाधनों के मैथमेटिकल मॉडलिंग करने के लिए एक वॉटर इंजीनियर की आवश्यकता होती है.
- वॉटर इंजीनियर के तौर पर आपको बाढ़ नियंत्रण, वॉटर रिसोर्स, इरिगेशन वॉटर आदि का काम भी देखना पड़ता है. इसके लिए आपको तैयार रहना होगा.
- सीवरेज और बाढ़ रक्षा संरचनाओं जैसे- पंप सिस्टम और पाइप नेटवर्क की प्रारंभिक रूपरेखा और पूर्ण योजना का निर्माण करना.
- पानी और सीवरेज बुनियादी ढांचे के संचालन का प्रबंधन और रखरखाव, सहकर्मियों और ग्राहकों को परियोजना विवरण और तकनीकी जानकारी प्रस्तुत करना.
- वॉटर इंजीनियर के रूप में आपको रिपोर्ट लिखना और परियोजना बजट का प्रबंधन करना, कानून और दिशानिर्देशों में बदलाव के साथ कस्टमर्स, ठेकेदारों, सरकारी एजेंसियों से संपर्क करना.



### वॉटर इंजीनियरिंग कोर्स के लिए टॉप भारतीय यूनिवर्सिटीज

- मुंबई यूनिवर्सिटी, महाराष्ट्र
- एमिटी यूनिवर्सिटी, उत्तर प्रदेश
- वेल्लोर प्रौद्योगिकी संस्थान (वीआईटी) वेल्लोर, तमिलनाडु
- भारतीय इंजीनियरिंग विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्थान हावड़ा, पश्चिम बंगाल
- मणिपाल उच्च शिक्षा अकादमी मणिपाल, कर्नाटक
- आईआईटी, दिल्ली
- एसएसएम इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी एंड पॉलिटेक्निक कॉलेज, तमिलनाडु

### वॉटर इंजीनियरिंग के लिए टॉप कोर्सेज

- बी.टेक इन वाटर रिसोर्स इंजीनियरिंग
- मृदा एवं जल संरक्षण में बी.टेक
- सस्टेनेबल वॉटर मैनेजमेंट/वॉटर ऑडिट
- वॉटर एंड वेस्ट वॉटर इंजीनियरिंग इन एमएससी
- वॉटर रिसोर्सेस एंड एनवायरमेंटल इंजीनियरिंग
- वॉटर सप्लाई इंजीनियरिंग
- क्लाइमेट चेंज एंड वॉटर इन माउंटेन्स : ए ग्लोबल कंसर्न
- डिजास्टर प्रिपेयर्डनेस
- इकोसिस्टम सर्विसेस : ए मेथड फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट
- एमएससी इन वॉटर इंजीनियरिंग
- इंट्रोडक्शन टू हाउसहोल्ड वॉटर ट्रीटमेंट एंड सेफ स्टोरेज
- द एबीसी ऑफ सस्टेनेबिलीटी
- वॉटर रिसोर्सेस मैनेजमेंट एंड पॉलिसी
- वॉटर एंड एनवायरमेंटल इंजीनियरिंग
- सिविल एंड वॉटर इंजीनियरिंग

### प्रवेश परीक्षाएं

- जेईई मेन
- जेईई एडवांस्ड
- एमएचटी सीईटी
- ओजेईई
- बीसीईसीई
- असाम सीईई
- यूपीएसईई
- केईएएम

### वॉटर इंजीनियरिंग के लिए टॉप रिक्रूटर्स

- स्टेबिन्स एंड एसोसिएट्स
- अर्काडिस
- अर्काडिस
- वूड
- एटकिंस
- टेट्राटेक
- एयरोटेक
- सीएच2एम
- वुडार्ड और कुरेन
- एल एंड टी इंफ्रास्ट्रक्चर इंजीनियरिंग लिमिटेड
- एमग्रो टेक्नो सिस्टम्स प्रा. लिमिटेड
- टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज
- एचसीएलटेक
- डार ग्रुप
- पर्यावरण सुरक्षा एजेंसी
- तेल व प्राकृतिक गैस

### वॉटर इंजीनियरिंग कोर्स में एडमिशन के लिए आवेदन प्रक्रिया

- अपनी चुनी हुई यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर रजिस्ट्रेशन करें.
- यूनिवर्सिटी की वेबसाइट में रजिस्ट्रेशन के बाद आपको एक यूजर नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा.
- फिर वेबसाइट में साइन इन के बाद अपने चुने हुए कोर्स का चयन करें जिसे आप करना चाहते हैं.
- अब शैक्षिक योग्यता, वर्ग आदि के साथ आवेदन फॉर्म भरें.
- इसके बाद आवेदन फॉर्म जमा करें और आवश्यक आवेदन शुल्क का भुगतान करें.
- यदि एडमिशन, प्रवेश परीक्षा पर आधारित है तो पहले प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें और फिर रिजल्ट के बाद काउंसलिंग की प्रतीक्षा करें. प्रवेश परीक्षा के अंकों के आधार पर आपका चयन किया जाएगा और लिस्ट जारी की जाएगी.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)